R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

खबरे बेबाक, बेखौफ बेझिझक

समूह सम्पादक : रविन्द्र सिंह पवैया

ग्वालियर, भोपाल, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, से एक साथ प्रसारित

वर्ष 03 : अंक -264 | ग्वालियर, शनिवार 4 मई 2024 | पेज- 8 मूल्य - 2 रूपए

# मैं जनसेवा के लिए ही पैदा हुआ : मोदी

कोलकाता, 3 मई (हि.स.)। प्रधानमंत्री और भाजपा के शीर्ष नेता नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वह जनता की सेवा करने के लिए पैदा हुए हैं और उनका सपना केवल जनता के सपनों को पूरा करना है। उन्होंने राहुल गांधी के रायबरेली लोकसभा सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने के फैसले पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि वे डर के कारण रायबरेली भाग गए।



रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि वे मौज करने के लिए पैदा नहीं हुए और न ही खुद के लिए जीना चाहते हैं। वे केवल जनता की सेवा का संकल्प लेकर140 करोड़ देशवासियों की सेवा करने के लिए निकले हैं। विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए दिन-रात एक किए हुए हैं। यह सब वे अपने लिए नहीं, बल्कि अपनों के लिए कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि मैंने कल टीवी पर देखा कि तृणमूल के एक विधायक कह रहे थे कि हिंदुओं को दो घंटे में भागीरथी में बहा देंगे। ये कौन-सी भाषा है? बंगाल में तृणमूल की सरकार ने यहां हिंदुओं को दोयम दर्जे का नागरिक बनाकर रख दिया है। ये कैसे लोग हैं कि जय श्रीराम के उद्घोष से भी इन्हें आपत्ति है। इनको राममंदिर के निर्माण से आपत्ति है, रामनवमी की शोभायात्रा से आपत्ति है।

मोदी ने कहा कि मैं तृणमूल सरकार से पूछना चाहता हूं कि यहां संदेशखाली में हमारी दलित बहनों के साथ इतना बड़ा अपराध हुआ, पूरा देश कार्रवाई की मांग करता रहा लेकिन तृणमूल गुनहगार को बचाती रही। क्या सिर्फ इसलिए क्योंकि उस गुनाहगार का नाम शाहजहां शेख था। इन वोट के भूखे लोगों की पहले दो चरणों में लुटिया डूब चुकी है। अब ये खुलेआम नया खेल लेकर आए हैं। अब ये कहते हैं कि मोदी के खिलाफ वोट जिहाद करो। जिहाद क्या होता है ये हमारे देश के लोग भली-भांति जानते हैं।

उन्होंने कहा कि हमारे देश में दशकों से वोट जिहाद का खेल पर्दे के पीछे चुपचाप चलता था। पहली बार वो इतने हताश और निराश हो चुके हैं कि अब वोट जिहाद की सार्वजनिक घोषणा कर रहे हैं। इसीलिए, वोट जिहाद की इस अपील पर कांग्रेस का शाही परिवार, तृणमूल और लेफ्ट का परिवार चुप है। यानी इंडी अलायंस के सारे चट्टे-बट्टे वोट जिहाद से सहमत हैं।

## अभियांत्रिकी संस्थान मे मतदाता जागरूकता एवं एंटी रैगिंग कार्यक्रम का आयोजन




**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र**

ग्वालियर जीवाजी विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी संस्थान मे मतदाता जागरूकता एवं एंटी रैगिंग प्रोग्राम का आयोजन छात्रों को उत्तदायित्व के प्रति ओर सजग बनाने के लिए किया गया। कार्यक्रम मे प्रो. एस. के. सिंह, प्रोक्टर जीवाजी विश्वविद्यालय द्वारा मतदान की आवश्यकता और महत्व को प्रेरित उदबोधन के माध्यम से बताते हुये कहा कि प्रत्येक छात्र, शिक्षक, एवं कर्मचारियों को स्वयं एवं परिवार के सभी सदस्यों को आगामी लोकतंत्र के पर्व मे अवश्य मतदान कर पूर्ण जिम्मेदार नागरिक का परिचय दे । इस अवसर पर चुनाव मे मतदान करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही प्रो. सिंह ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रैगिंग से सबंधित सख्त दिशानिर्देश की जानकारी छात्रों से साझा की गई। रैगिंग को सरल उदाहरण द्वारा समझा कर इसके परिणामों से अवगत कराया गया तथा भविष्य मे किसी भी छात्र को रैगिंग जैसी घटना होती दिखाई देती है तो तत्काल सूचना देवे । अभियांत्रिकी संस्थान के निदेशक प्रो. संजय कुमार गुप्ता ने आगामी चुनाव मे शतप्रतिशत मतदान का आवहान किया। कार्यक्रम मे समन्वयक प्रो. नीतू सिकरवार सहित सभी शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस पूरी तरीके से अपनी हार स्वीकार कर चुकी है इसलिए जाल साजी से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर वीडियो डाल जा रहे है

### चकरमपुर जैसी घटना को भी मुझसे जोड़ा गया मैं कभी अपराधियों के लिए पक्षपाती नहीं हूं अपराधी किसी भी समाज या जाति का हो अपराधी सिर्फ अपराधी होता है मैं उसके खिलाफ हु भारत सिंह कुशवाहा

**दैनिक केसरीया हिंदुस्तान**

ग्वालियर भारतीय जनता पार्टी की ग्वालियर लोकसभा प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाहा ने कांग्रेस प्रत्याशी प्रवीण पाठक को दी सलाह कहा कि आप अनपढ़ और गमार जैसी बात करते हैं क्योंकि आप देखिए वह इस तरह से बयान दे रहे हैं कि समाज में मन मुटाव हो और समाज मे दरार पैदा हो कांग्रेस पूरी तरीके से अपनी हार स्वीकार कर चुकी है इसलिए जाल सजी से वीडियो बनाकर शेयर किए गए हैं मैंने उनका वीडियो सुना तो उसमें चकरमपुर जैसी घटना को भी मुझे जोड़ा गया मैं कभी अपराधियों के पक्षपाती नही हूं अपराधी किसी भी जातीय समाज को अपराधी अपराधी होता है इधर भाजपा प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाहा ने आज वीडियो जारी कर कुछ टीवी चैनलों से चर्चा के दौरान कांग्रेस के प्रत्याशी और कहा कि जब आपके पास कोई मुद्दा नहीं




तो व्यक्तिगत फर्जी तरीके से वीडियो और ऑडियो बनवाकर दोस्त समुदायों में आपस में समझ में बेईमान उसका फैलाने का काम कर रही है कांग्रेस यही नहीं रुकी तो शिवपुरी जिले के करेरा तहसील में हुए चकरमपुर ग्राम की घटना मुझे घसीटने का काम कांग्रेस कर रही है जबकि मैंने कभी दो बार विधायक रहा और मंत्री रहा आज तक अपराधियों को ना संरक्षण दिया है ना दूंगा उसे घटना से मेरा क्या लेना देना यह बात भाजपा प्रत्याशी भरत सिंह कुशवाहा ने टीवी चैनल के इंटरव्यू में कहा इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास जब मुद्दे नहीं है तो फर्जी सोशल मीडिया पर आइडिया बनवाकर पुराने वीडियो को एडिट करके चुनाव में समाज में मनुष्य का फैलाने के लिए यह कृत्य किया जा रहा है कांग्रेस में अपनी पराजय स्वीकार कर ली है इसलिए कांग्रेस हताश होकर इस तरीके कृत कर रही है कांग्रेस प्रत्याशी अनपढ़ों जैसे काम कर रहे हैं



## कलेक्टर श्रीमती चौहान ने जिला अभिभाषक संघ से की मतदान में बढ़चढ़कर भागीदारी करने की अपील

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र**

ग्वालियर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने शुक्रवार को जिला अभिभाषक संघ की बैठक लेकर आग्रह किया है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिये 7 मई को होने वाले मतदान में अधिक से अधिक अभिभाषक स्वयं अपने परिवार और परिचितों को भी मतदान के लिये प्रेरित करें।

कलेकट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में एडीएम श्रीमती अंजू अरुण कुमार सहित अभिभाषक संघ के पदाधिकारी, अभिभाषक और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने अभिभाषकों से कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सबको अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। सभी अभिभाषक स्वयं तो मतदान करें ही बल्कि अपने परिचितों को भी मतदान के लिये प्रेरित करें। उन्होंने अभिभाषकों से यह भी आग्रह किया कि विधि विभाग द्वारा जारी किए गए नए-नए कानूनों का अध्ययन कर उसकी जानकारी भी अपने अभिभाषकों को भी प्रदान करने के लिये साप्ताहिक अथवा महीने में एक बार सेमीनार का आयोजन भी अवश्य करें ताकि नए ङ्क नए कानूनों की जानकारी भी सभी को मिल सके।

अभिभाषक संघ द्वारा इस अवसर पर आश्वस्त किया गया कि मतदान में सभी सहयोग करेंगे और अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित करेंगे।

## भव्य कलश यात्रा के साथ आज से शुरू होगी भागवत कथा

ग्वालियर- दौलतगंज स्थित राजा बाक्षर की गोठ श्री राजा बाक्षर मंदिर में आज विशाल कलश यात्रा के साथ शुरू होगी श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव आज सुबह 8ः00 बजे शीतला माता मंदिर गुब्बारा फाटक मैथिली




शरण गुप्त चौराहा से हुजरात चौराहा होते हुए राजा श्री बाक्षर मंदिर पर समापन होगी कथा का बाचन सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पं.घनश्याम शास्त्री जी महाराज करेंगे कथा का समय शाम 4ः00 बजे से 8ः00 बजे तक है कथा आयोजक तरुण सूर्यवंशी कथा परिक्षित अनीता सुरेश बंसल हैं इस कथा में सभी भक्तजन मौजूद रहेंगे

## भाजपा प्रत्याशी शिवमंगल तोमर के पक्ष में सीएम मोहन यादव ने किया रोड शो

मुरैना, 3 मई (हि.स.)। मुरैना श्योपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर के समर्थन में शुक्रवार की शाम मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शहर के प्रमुख मार्ग पर रोड शो किया। लगभग दो किलोमीटर लंबा रोड शो एक घंटे में समाप्त हो गया। इस दौरान पुलिस पर प्रशासन में मुख्यमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद रखा। सभी मार्गों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर भाजपा प्रत्याशी व मुख्यमंत्री का हार्दिक स्वागत किया।




मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शाम 5ः00 बजे हवाई मार्ग से मुरैना पहुंचे और हेलीपैड से सीधे जीवाजी गंज पहुंचकर उन्होंने अग्रसेन पार्क में स्थित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा को माल्यार्पण किया। इसके बाद उन्होंने रोड शो आरंभ किया। मुख्यमंत्री जीवाजी गंज से लेकर गर्ल्स स्कूल रोड, जैन मंदिर के सामने, सदर बाजार ,पुल चौराहा होते हुए गुफा मंदिर पर पहुंचे, यहां पर जनसंघ के संस्थापक कुंवर जाहर सिंह शर्मा कक्का की प्रतिमा को माल्यार्पण कर रोड शो समाप्त कर दिया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ भाजपा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर, मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ,मुरैना नगर पालिक निगम महापौर श्रीमती शारदा राजेंद्र सोलंकी, पूर्व विधायक बलबीर सिंह डंडोतिया, परसुराम मुद्गल, अध्यक्ष जिला पंचायत आरती गुर्जर भी साथ थे।




## नगर पालिका ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट**

अम्बाह-- मतदाता जागरूक अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद अंबाह द्वारा स्व सहायता समूह की महिलाओं के सहयोग से आम जन को वोट डालने के लिए प्रेरित करने कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर नगर पालिका में आने वाले नागरिकों को वोट डालने के लिए जागरूक किया गया इसके साथ ही नगर पालिका में मतदान के लिए प्रेरित करने वाली रंगोली भी बनाई गई मुख्य नगर पालिका अधिकारी शाबिर कोशर के निर्देशानुसार बुधवार को नपा में स्वीप गतिविधि का आयोजन कर सात मई को वोट डालने की अपील की गई इस दौरान स्वसहायता समूह की महिलाओं ने सभी घर घर जा कर जाति, धर्म, धन, से ऊपर उठकर वोट करने समझाइश दी। गतिविधि के पश्चात नगर पालिका के सीएमओ द्वारा चौपाल लगा कर पोलिंग बूथ में मिलने वाली सुविधा, बुजुर्ग एवम विकलांग को मिलने वाली सुविधा के बारे में विस्तार से समझाकर वोट 100 प्रतिशत डालने के लिए प्रेरित किया तथा ही बाहर रह रहे लोगों से फोन में बात कर वोट करने के महत्व समझाया । गतिविधि के दौरान नगर पालिका का अमला तथा वार्ड ने नागरिक सम्मिलित रहे।

## महंगाई से लगे मिलावट को पर, मजबूरी में कर रहे ’सेहत का सौदा’



### मिलावटी वस्तुओं के सेवन करने से हो सकते हैं बीमार

**नथमलगुप्ता**

सबलगढ।।महंगाई से मिलावट खोरी को पर लग गये हैं। जरूरतमंद लोग यह समझने के बावजूद कि इतना सस्ता सामान वह खरीद रहे हैं वह शुद्ध नहीं हो सकता, मजबूरी मे सेहत का सौदा कर रहे हैं।दध,दुही,पनीर से लेकरमिठाईकीदुकानौ तक खाद्य पदार्थों में मिलावट है। मिलावटी खाद्य पदार्थों पर संबंधितफूड विभाग के द्वारा छापामार कार्रवाई की जाती है लेकिन इसका असर कुछ नहीं होता। मिलावटखोरों को कोई रणनीति बनाने की भी जरूरत नहीं रही है, मजबूरी में लोग सस्ता सामान तलाशते हैं। पनीर 150 रुपये से 350 रुपये किलो तक बाजार में मिल रहा है, लोग फर्क समझते हैं पर सस्ता खरीदते हैं। वहीं आम आदमी अपनी जेब के बोझ को कम करने के लिए सस्ते पनीर की ओर भागता है। वहीं घी में भी कई प्रकार की वैरायटी बाजार में हैं। बाजार में 600 रुपए किलो से लेकर 1200 रुपये किलो तक घी मिल रहा है। साथ ही कई प्रतिष्ठित कंपनियों के द्वारा हजार रुपये किलो तक घी का विक्रय किया जा रहा है, पूजा के नाम पर 200 से 250 रूपये किलो भी घी मिल जाता है। वहीं जब इस संबंध में गौ पालन करने वाले साधु महंत मोहिनी बिहारी शरण से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि पनीर, घी और खोआ यह ऐसी वस्तु हैं जिसमें मिलावट खोर मिलावट कर बाजार में सस्ते दामों में विक्रय करते हैं और साथ ही बड़े बड़े प्रतिष्ठान अपनी अच्छी क्वालिटी की बात कह कर महंगे दामों पर विक्रय करते हैं। आज आम आदमी जेब के बोझ को कम करने के लिए मिलावटी वस्तुओं का प्रयोग कर रहा है। वहीं उन्होंने बताया कि आए दिन सुनने को मिलता है कि मिलावटी वस्तुओं के सेवन करने से कई लोग बीमार हो जाते है। उन्होंने साफ तौर पर संबंधितफूड विभागकीटीम को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है सेम्पललेनेके वाद अभीतककिसी पर कारय वाही नही हुई हे

केसरिया हिन्दुस्तान

# सरोज पांडेय के बैकुंठपुर रोड शो में शामिल हुए हजारों शहरी ग्रामीण मतदाता और भाजपाई, लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडेय की रैली और रोड शो में दिखी भव्यता और बड़े जनाधार की झलक

## बचरापोड़ी साप्ताहिक बाजार में पैदल चलकर आमजनों से सरोज पांडेय ने किया जनसंपर्क

*देबाशीष गांगुली (संभागीय प्रमुख सरगुजा । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)*



कोरिया। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कोरबा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत कोरिया जिले के बचरापोड़ी साप्ताहिक बाजार में आयोजित रही भाजपा की आमसभा और मतदाताओं से जनसंपर्क कार्यक्रम । 2 मई दिन गुरुवार को कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय द्वारा बचरापोड़ी साप्ताहिक बाजार में पैदल चलकर आमजनों से मुलाकात की गई साथ ही उस क्षेत्र से हाट में उपस्थित जनों से खुद के और मोदी जी के समर्थन में 7 मई को भाजपा के कमल निशान पर वोट करने की अपील की गई । सुश्री सरोज पांडेय ने बैकुंठपुर विधायक भईया लाल राजवाड़े सहित भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बचरापोड़ी के स्थानीय लोगों से भाजपा कमल निशान पर वोट करने और फिर से मोदी सरकार बनाने की अपील करते हुए आगामी 7 मई को मतदान करने की बात कही । तत्पश्चात भाजपा जिला कोरिया द्वारा आयोजित रोड शो बैकुंठपुर प्रेमाबाग से घड़ी चौक तक हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और शहरी मतदाताओं सहित क्षेत्र से पहुंचे आमजन के साथ सर्वप्रथम प्रेमाशंकर महादेव का जलाभिषेक किया फिर सुश्री सरोज पांडेय और बैकुंठपुर विधायक भईया लाल राजवाड़े रोड शो में शामिल हुए । रोड शो पश्चात घड़ी चौक में आयोजित आमसभा के माध्यम से कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय ने उपस्थित जनों को संबोधित किया । संबोधन में सुश्री सरोज पांडेय ने कहा की कोरिया में आयुष मेडिकल कॉलेज, लॉ कालेज,एम्स के साथ पर्यटन के क्षेत्र में विकास करना मेरी जिम्मेदारी है। सुश्री सरोज पांडेय ने कहा की वर्तमान कांग्रेस सांसद का क्षेत्र में कोई भी काम देखने को नहीं मिला है । मैने समूचे कोरबा लोकसभा क्षेत्र में भ्रमण किया है सभी लोगों को उक्त कांग्रेस सांसद से गंभीर शिकायत रही है, ना तो वह दिल्ली में दिखती है और ना ही राजधानी में । पूरे कार्यकाल कोरबा लोकसभा क्षेत्र के बजाय कांग्रेस सांसद भोपाल अपने मायके में ही रही । सुश्री सरोज पांडेय ने बताया की मोदी जी की गारंटी इस बात की गारंटी है कि जो हम कहेंगे उसके पूरे होने की गारंटी है । मैं कोरिया जिले के विकास की गारंटी लेती हूं आप सभी एक बार मुझे मौका दिजीए ।

***सरोज पांडेय के पक्ष जनसंपर्क करते देर रात तक क्षेत्र में देखे जा रहे विधायक भईया लाल राजवाड़े***

अवगत करा दें की कोरिया वासियों के लिए समर्पित क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक व कोरबा लोकसभा क्षेत्र के संयोजक भईया लाल राजवाड़े क्षेत्र में लोगों तक लगातार पहुंच रहे हैं और ग्रामीण जनों से कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडेय के पक्ष वोट करने की अपील कर रहे हैं । विगत 15 दिनों से विधायक भईया लाल द्वारा ग्राम पंचायत क्षेत्र में आमसभा के साथ देर रात तक नुक्कड़ सभा के माध्यम से केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं और 10 वर्षों के कार्यकाल में हुए अकल्पनीय विकास से अवगत कराते हुए 2024 में फिर से मोदी सरकार के लिए 400 पार हेतु जन जन से अपील कर रहे हैं साथ ही लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडेय की राजनीतिक उपलब्धियां बताकर क्षेत्र के आगामी विकास और उन्नति सहित भाजपा की नीति सबका साथ सबका विकास समझाकर लोगों से भाजपा के कमल निशान पर वोट करने की अपील कर रहे हैं । रोज की नुक्कड़ सभाओं के तारतम्य में 2 मई दिन गुरुवार को रात्रि 8~30 बजे ग्राम डुमरिया के दो मोहल्लों सहित ग्राम आंजो खुर्द में नुक्कड़ सभा ली गई जिसमे सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मतदाता माताएं बहनें और पुरुष शामिल रहे । तत्पश्चात ग्राम आंजों खुर्द में श्री मद भागवत कथा स्थल में पहुंचकर कथा आयोजक परिवार से मुलकात की गई जिसके बाद कथा आयोजक परिवार ने विधायक भईया लाल राजवाड़े को साल श्री फल देकर उनका सम्मान किया । नुक्कड़ सभा की अगली कड़ी में 3 मई दिन शुक्रवार को विधायक भईया लाल राजवाड़े द्वारा ग्राम पंचायत बोड़ार,सरभोका, कुडेली और कंचनपुर में नुक्कड़ सभा ली गई जिसमे सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मतदाता शामिल रहे।

# मंहगाई मंहगाई

11

***शराब,सिगरेट, गुटका की महंगाई पर क्यों चुप्पी?***

***अन्नदाता की कोई चीज महंगी तो हायतौबा।***

***मंहगे कपड़े,महंगी गाड़ी,शॉन शौकत के प्रतीक बने इन परकोई रोना नहीं।***

***आलीशान होटलों में बच्चों की शादी पर करोड़ों खर्च पर कोई आंसू नहीं बहाता।***

(यूपी हैड देवेंद्र शर्मा देवू की कलम से)



जब भी देश मे कोई चुनाव आते हैं, तो विपक्ष सरकार पर एक ही दोषारोपण करता नजर आता है,कि इस सरकार के शासन में महंगाई चरम पर है।यह बड़ा ही हास्यास्पद जुमला जनता को भड़काने का काम करने में माहिर हो चुका है।अफसोस के साथ लिखना पड़ रहा है, कि जो लोग अन्नदाता की फसलों के दाम बढ़ जाने पर हायतौबा मचाते हैं, उन्होंने कभी भी महंगी शराब,महंगी सिगरेट,और महंगे हुए गुटकों के विषय मे कोई आवाज उठाई,जबाब यही होगा कि नहीं, आखिर क्यों नहीं उठती? शराब गुटका,सिगरेट के महंगे होने पर आवाज क्योंकि यह तो बड़े आदमियों,रहीसों के शोक का सामान है।महंगे महंगे होटलों में शादी समारोह करना,महंगी महंगी गाड़ियों को अपनी शान शौकत समझना,मंहगे मंहगे कपड़ों को पहनना अपनी इज्ज़त समझना क्योंकि ब्रांडेड कपड़ों की महंगाई पर किसी का जोर नहीं चलता ये अमीरी का प्रतीक है।शराब की एक बोतल यदि 300 की हो या 30 हजार की उसको खरीदकर पीना शान है, सिगरेट की डिब्बी 50 रुपया से 500 की हो जाये उसमें किसी को कोई एतराज नहीं।महिलाओं के सौंदर्यीकरण के लिए बिकने वाली बस्तुएँ चाहे आसमान छू ले फिर भी व्यक्ति हायतौबा नहीं मचाता।अफसोस कि देश के अंदर हर मंहगे शौक को तो पूरा करने में जनता नहीं चिल्लाती,परन्तु गैस सिलेंडर पेट्रोल,डीजल आदि रोजमर्रा की बस्तुओं पर जरा सा मंहगाई का बोझ पड़ा, विपक्षी जोर-जोर से जनता को भड़काने के लिए सड़कों पर राजनैतिक नौटँकी कर मंहगाई का दुखड़ा रोते देखे जा सकते हैं।सावधान हो चुकी जनता अब मंहगाई से नहीं विपक्ष की कारगुजारियों से पूर्णतः जागरूक हो चुकी है।उसे तो भयमुक्त शासन और अपराधियों, माफियों से सुरक्षित रखने वाली सरकार चाहिए।एक ऐसी सरकार चाहिए जिससे देश की सीमाएं सुरक्षित हो।नहीं चाहिए ऐसे राजनीतिक महत्वाकांक्षी लोग जो स्वयं की तिजोरियां भरकर जनता को गुमराह करते रहे।जनता अब सावधान हो चुकी है,और अपने परिवार, के साथ साथ देश हित मे निर्णय लेने के लिए स्वयं सक्षम है।परिणाम 4 जून को सभी के सामने होंगे इंतजार करो।

# अधिवक्ता संघ के सदस्यो से हांथ जोड़ सदस्यों का किये अभिवादन



**भेट मुलाक़ात मे लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय एवं छत्तीसगढ़ शाशन के स्वास्थ्य मंत्री माननीय श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित थे***

*देबाशीष गांगुली (संभागीय प्रमुख सरगुजा । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)*

एमसीबी। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में अब मात्र कुछ ही दिन शेष बचे हैं, जिसको देखते हुए लोकसभा कोरबा क्षेत्र से चुनाव लड़ रही भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय के चुनावी प्रचार प्रसार दौरे तेज़ हो चुके हैं, चुनाव को नज़दीक देखते हुए अब सारे राजनैतिक दल आरोप प्रत्यारोप के खेल से हट कर चुनावी दौरों में अपना ध्यान केंद्रित करने में जुट चुके हैं, भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय को भी अब लोगों के बीच उठते बैठते सम्मिलित होते देखा जा रहा है। भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय का दौरा लोकसभा क्षेत्र के जिला एमसीबी के मनेंद्रगढ़ में हुआ जहां सरोज पांडेय अधिवक्ता संघ से मुलाकात करती नज़र आई।

अधिवक्ता संघ मनेन्द्रगढ़ सभा कक्ष मे कोरबा लोकसभा की प्रत्यासी सुश्री सरोज पाण्डेय जी, छत्तीसगढ़ साशन के स्वास्थ्य मंत्री माननीय श्याम बिहारी जायसवाल,भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल केशरवानी उपस्थित थे तथा संघ के सदस्यों के बीच सुश्री सरोज पाण्डेय जी एवं मनेन्द्रगढ़ विधायक द्वारा चुनाव लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी बात रखी इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के सभी सदस्यगण उपस्थित थे तथा कार्यक्रम का संचालन संघ के सचिव आशीष सिंह द्वारा किया गया । वंही सुश्री सरोज पाण्डेय एवं माननीय मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं अधिवक्ता साथियो के साथ कोर्ट परिसर मे आये पक्षकारों से जनसम्पर्क कर रूबरू हुई।

# लापता सांसद की खोज में युवा मोर्चा ने निकाली रैली, क्यों लालटेन टॉर्च से खोजते नज़र आई ज्योत्सना महंत को बीजेपी युवा मोर्चा, कांग्रेस सांसद का कार्यकाल सवालों के घेरे में?

*देबाशीष गांगुली (संभागीय प्रमुख सरगुजा । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)*




चिरमिरी। चुनावी जंग के सरगर्मी के बीच चिरमिरी मंडल के भाजापा के युवा मोर्चा द्वारा कोरबा लोक सभा के गुम-सुदा सांसद के खोज बीन के लिए रैली निकाली गई, भाजपा के युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने बताया कि जहां एक तरफ कांग्रेस ठीक चुनाव के कुछ दिनों पहले ही ज्योत्सना महंत के समर्थन में लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी का स्वागत कर भव्य कार्यक्रम आयोजन करती है, वहीं उसके दूसरे दिन ही भाजपा युवा मोर्चा ने भी ऐसा रोड शो निकाल दिया जिसमें ज्योत्सना चरणदास महंत को लापता सांसद करार दिया जा रहा है, इस पर कांग्रेस पार्टी आखिर क्या जवाब देती है ये तो आगे देखने की बात होगी?

दरअसल भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के अध्यक्ष का कहना है कि चुनाव के पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक कोरबा लोकसभा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत चिरमिरी वासियों का हाल चाल तक पूछने नहीं आई जिसे अब गुमशुदा सांसद मान कर उनकी खोज बीन की जा रही है, भाजपा के कार्यकर्ताओं ने बताया कि अपने कार्यकाल में ज्योत्सना महंत क्षेत्र में कभी नज़र नहीं आई, ना ही लोगों का हाल चाल जानने की कोशीश की और अचानक से जैसे ही लोकसभा का चुनावी दौर शुरू हुआ सांसद महोदया को चिरमिरी की याद आने लगी, भाजपा युवा मोर्चा ने बताया कि ऐसे सांसद पर जनता आखिर कैसे भरोसा करे? जिसके साथ ही चिरमिरी शहर में भाजपा युवा मोर्चा ने लालटेन टॉर्च की रैली निकाल कर कांग्रेस पार्टी पर कई बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं, चुनावी प्रचार प्रसार में आरोप प्रत्यारोप के बाद भाजपा का यह एक नया अंदाज़ सामने देखने को मिल रहा है, इसका कितना असर कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत पर पड़ेगा यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा?



# चाचौड़ा के वार्ड नंबर 8 की पार्षद सुधा राजावत के घर मे लगी भीषण आग,लाखो का हुआ नुकसान,पड़ोसियो के घरो मे भी आग से हुआ काफी नुकसान

***चाचौड़ा से शिवम नामदेव की खास रिपोर्ट***

चाचौड़ा बीनागंज नगर परिषद के वार्ड नंबर 8 की पार्षद सुधा राजावत के मकान मे लगी भीषण आग जिसके चलते लाखो रुपए का हुआ नुकसान वही आसपास रहने वाले पड़ोसियो को भी आग का करना पड़ा सामना और पड़ोसियों का भी आग से हुआ काफी ज्यादा नुकसान वही अभी तक आग लगने का वास्तविक कारण पता नहीं चला है लेकिन लोगों का कहना है कि वार्ड नंबर 8 की पार्षद सुधा राजावत के घर के बाड़े में नल जल योजना के तहत उपयोग में आने वाले प्लास्टिक के पाइप पड़े हुए थे जिसमें आग लग गई और आग ने इतना विकराल रूप लिया कि आसपास के पड़ोसियों की जान भी हलक में आ गई वहीं मौके पर आग की लपटों को देखा हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ भी लग गई और जल्द से जल्द फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची जिसके द्वारा आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है और मौके पर प्रशासनिक अधिकारी पहुंच गए हैं

## मा. प्रेक्षकगण से संपर्क करने के लिए जारी हुए मोबाइल नंबर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो चीफ सत्य नारायण गुप्ता

बाराबंकी, 03 मई। अपर जिला मजिस्ट्रेट / उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरूण कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 निर्वाचन को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पादित कराये जाने हेतु इस जनपद हेतु मा0 प्रेक्षकगण की नियुक्ति की गई है। मा0 प्रेक्षकगण जनपद में दिनांक 02 मई को आ चुकें है। उन्होंने बताया कि सभी मा0 प्रेक्षकगण रिलायन्स इन्डस्ट्रीज, लिमिटेड, देवा रोड बाराबंकी के अतिथि गृह में अवासित हैं। सामान्य प्रेक्षक श्री आर.आर.दमोर (आई.ए.एस.) मोबाइल नंबर 9452173778, पुलिस प्रेक्षक श्री गुरुदेव चंद शर्मा (आई. पी. एस.) मोबाइल नंबर 9452032185 है।

# अवागढ़ में श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ जिनालय अवागढ़ में जैन धर्म के 20 वें तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रतनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव जैन श्रद्धालुओं द्वारा अत्यंत हर्षोल्लास से मनाया गया



*लाखन सिंह जिला ब्यूरो चीफ एटा*

अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि श्री 1008 भगवान मुनिसुव्रतनाथ के जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव के कार्यक्रम का प्रारम्भ सर्वप्रथम श्रीमज्जिनेन्द्र अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन के साथ हुआ। मध्यान्ह में जैन महिलाओं द्वारा बधाई गीतों के माध्यम से भगवान के जन्म एवं तप कल्याणक को मनाया गया। उसके उपरान्त श्री जी के सम्मुख आचार्य श्री मानतुंग द्वारा रचित भक्ताम्बर स्त्रोत के 48 काव्यों का रजत मय दीपकों से आराधना की गई।

कार्यक्रम में वार्षिक रथयात्रा समिति के अध्यक्ष परमिल जैन सेठी, तरुण कुमार जैन, विपनेश जैन, राजीव जैन, चैतन्य जैन लालजी, विशाल जैन, विपिन जैन, प्रशान्त जैन लब्बू, पवन जैन, अंकुश जैन, गौरव जैन, मेजर जैन, अनमोल जैन, जितेन्द्र जैन, अमित जैन मंगी, श्रीमती सुमन जैन,विक्टोरिया जैन, सुनीता जैन, सुमन जैन, मगन जैन, बेबी जैन, प्रियंका जैन, मिथलेश जैन, निधि जैन, रिंकी जैन, रेनू जैन, स्वीटी जैन, काजल जैन, मेनका जैन, शशि प्रभा जैन, सारिका जैन, दीप्ती जैन आदि अनेकों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## टायर फटने से अनियंत्रित होकर इनोवा कार खाई में गिरी, 9 लोग घायल

रामपुरा~थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम फतेपुरा व सोनपुरा के बीच गोहन की ओर जा रही तेज रफ्तार इनोवा गाड़ी का पीछे का टायर फटने से गाड़ी सड़क पर गुलाटी खाते हुए अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खंडक में गिर गई। जिसमें सवार 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। ग्राम भोया हनमंतपुरा चौराहा जिला इटावा निवासी अफरोज खान पुत्र जहीर खान अपने परिवार के लोगो को गोहन में अपने रिश्तेदार के यहाँ गमी होने पर इनोवा गाड़ी से जा रहे थे।



रामपुरा से निकलकर गोहन की ओर जाने वाली सड़क पर ग्राम फतेपुरा व सोनपुरा के बीच इनोवा गाड़ी के पीछे का टायर फटने से गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क पर गुलाटी खाते हुए खंडक में जा गिरी। जिसमे सवार भूरे खान पुत्र जहीर, नोशद खान पुत्र सलीम खान, साबिर खान पुत्र जहीर खान, सफी खान पुत्र जलील खान, राजेश पुत्र सरदार, अलाउद्दीन पुत्र लाल मोहम्मद, सिराज खान पुत्र होशियार, पप्पू तथा कार चालक अफरोज खान पुत्र जहीर खान गंभीर रूप से घायल हो गये। खेतो पर मवेशी चरा रहे चरवाहों की मदद से घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला गया। एम्बुलेंस को फोन कर सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामपुरा लाया गया। ड्यूटी पर उपस्थित डॉ अनिल कुमार ने घायलों को प्राथमिक उपचार देकर गंभीर रूप से घायल कार चालक अफरोज खान, नोशद खान, साबिर खान, राजेश व सिराज खान को जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रैफर कर दिया।

# रजवाह की पटरी पर युवती की बेरहमी से हत्या, पहचान छिपाने के लिए का शव जलाया

मथुरा(नीरज चतुर्वेदी)। थाना गोवर्धन क्षेत्र में फिर एक बार अपराधियों के हौंसले बुलंद नजर आ रहे हैं। यहां लूट हत्या की वारदातों में पिछले दिनों की अपेक्षा इजाफ हुआ है।

गोवर्धन थाना क्षेत्र के अडींग रजवाह की पटरी पर शुक्रवार को एक अज्ञात युवती का अधजला शव मिलने से सनसनी फैल गई। बेखौफ अपराधियों ने रजवाह की पटरी पर युवती की हत्या और फिर पहचान मिटाने के लिए शव जलाने की सनसनी खेज वारदात को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दी है। घटना स्थल पर युवती के शव के नजदीक पड़ी मिली जूतियों और पटरी पर बने निशानों से प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि युवती के साथ पहले दुष्कर्म और



फिर युवती के विरोध करने पर बेरहमी से हत्या कर पहचान मिटाने के लिए दरिंदों ने शव को आग के हवाले किया हो हालांकि हत्या की इस सनसनीखेज वारदात से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने फॉरेसिंक टीम के साथ मौके का निरीक्षण कर घटनाक्रम के खुलासा के निर्देश एसओजी सर्विलांस स्वाट और थाना गोवर्धन पुलिस को दिए हैं। एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि गोवर्धन थाना क्षेत्र में युवती का शव बरामद हुआ है। युवती के शव को जलाने का प्रयास किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा गया है। जल्द ही आरोपियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।

# लोक अदालत के प्रचार रथ को प्रधान जिला न्यायाधीश ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




सीधी

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय परिसर सीधी एवं तहसील मुख्यालय चुरहट, मझौली तथा रामपुर नैकिन में दिनांक 11 मई 2024 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। प्रधान जिला न्यायाधीश श्री पाण्डेय ने नेशनल लोक अदालत के समुचित प्रचार-प्रसार हेतु दिनांक 03.05.2024 को प्रचार रथ को जिला न्यायालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार रथ तथा पंप्लेट्स वितरण के माध्यम से नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया जावेगा। इसके साथ ही प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री संजीव कुमार पाण्डेय द्वारा नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के संबंध में सभी न्यायाधीशगण के साथ समीक्षा बैठक की। उक्त बैठक में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री सुधीर सिंह चौहान, विशेष न्यायाधीश श्रीमती रमा जयंत मित्तल, प्रथम जिला न्यायाधीश श्री मुकेश कुमार, द्वितीय जिला न्यायाधीश श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, तृतीय जिला न्यायाधीश श्री विकास चौहान, चतुर्थ जिला न्यायाधीश श्री गौतम कुमार गुजरे, तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सुश्री उर्मिला यादव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वीरेन्द्र जोशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री लक्ष्मण डोडवे, न्यायाधीशगण श्री सोनू जैन, श्रीमती रेनू श्रीवास्तव, श्रीमती सोनम शर्मा, श्री अभिषेक साहू, श्री अनिरूद्ध कुमार उचाड़िया, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला, श्री पंचराज तिवारी अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग, श्री मुकेश सिंह कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग सहित जिला न्यायालय के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# रिटा.शिक्षक आध्यात्मिक व्यक्तित्व लाल बहादुर सिंह के निधन पर कांग्रेस ने शोक संवेदना व्यक्त की

## मार्तंड सिंह की माताजी के निधन पर भी जताया शोक

सीधी ब्यूरो



सेवानिवृत्ति शिक्षक एवं आध्यात्मिक व्यक्तित्व के धनी डेम्हा के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व लाल बहादुर सिंह और डेम्हा निवासी मार्तंड सिंह की माताजी के आकस्मिक निधन पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधायक चुरहट अजय सिंह राहुल पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह सिंगरौली कांग्रेस जिलाध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की है कि महान विलक्षण आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और शोककुल परिवार को इस असीम दुख को सहने का साहस प्रदान करें,ग्राम डेम्हा के निवासी लाल बहादुर सिंह सिंह ने शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं देने के बाद रिटायर हुए थे आध्यात्म में उनकी गहरी रुची थी उनके आकस्मिक निधन पर शोक संवेदन व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से ,पूर्व विधायक तिलकराज सिंह पंजाब सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष चिंतामणि तिवारी आनंद सिंह चौहान रूद्र प्रताप सिंह बाबा, राजेंद्र सिंह भदौरिया बसंती देवी कोल भारत सिंह गोमती प्रसाद पांडे सुरेश प्रताप सिंह,नगर पालिका अध्यक्ष काजल वर्मा उपाध्यक्ष दान बहादुर सिंह जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमान सिंह जनपद अध्यक्ष रामपुर नैकिन उर्मिला साकेत जनपद अध्यक्ष सिहावल राजकुमारी पटेल जनपद अध्यक्ष मझौली सुनैना सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष मोनिका गुप्ता उपाध्यक्ष नगर परिषद अजय पांडे,जनपद उपाध्यक्ष मनोज सिंह चंदेल जनपद उपाध्यक्ष भूपाल सिंह जनपद उपाध्यक्ष रमेश कुशवाहा कृष्ण गोपाल पांडे कुमुदिनी सिंह नीलम सिंह प्रवक्ता आकाश राज पांडे पंकज सिंह कोषाध्यक्ष रजनीश श्रीवास्तव, उपाध्यक्षगण ,एड विनोद वर्मा,आनंद सिंह शेरगांव,राम नारायण सिंह,जगजीवन पटेल, जीवेंद्र सिंह लल्लू,डा.महेंद्र तिवारी,शंभू प्रसाद गौतम,सरोज द्विवेदी,विनोद मिश्रा,हरिहर सोनी,भगवान दीक्षित,जय बहादुर सिंह,गेंदलाल कोल,गोविंद गुप्ता,गोमती प्रसाद पांडे,सुग्रीव वैश्य,शिव कुमार सिंह गौड़, सुदामा यादव, मोहम्मद हाफिज,अब्दुल मजीद, जगन्नाथ साहू,तेजबहादुर सिंह, दिनेश पाठक,केशव प्रसाद सेन, भैयालाल कोल,अर्जुनदास साकेत,इंद्रभान यादव,महामंत्रीगण नवीन सिंह, अवधलाल सिंह गौड़,विक्रम सिंह,अशोक कोरी, ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री,शिवकुमार पांडे,रामदयाल पटेल,सुधीर सिंह,बृजेन्द्र सिंह पटेल राहुल,रमेश पटेल,कमलेश्वर सिंह,जय सिंह,सजन सिंह,संदीप उपाध्याय दादू, श्रीमती शीला साकेत,संत बहादुर सिंह,भूपेंद्र सिंह,वीरन बैगा, धीरेश सिंह,रामेंद्र सिंह बाबा,श्रीमती पुष्पा सिंह चंदेल,अखंड प्रताप सिंह,ओंकार सिंह कर्चुली,बृजेश तिवारी,देवेंद्र मिश्रा, एड मनोज सिंह,गुलशेर खान दद्दे,श्रीमती गौरी साकेत,विनोद विश्वकर्मा,करुणा सिंधु द्विवेदी,सत्येंद्र सिंह,अनुपम सिंह गहरवार,बांके अवधिया,सचिवगण एड राहुल शुक्ला,दद्दीलाल साकेत,वंशपति साकेत,दिलासा सिंह गोड,तुलसी गुप्ता,बलवीर सिंह गोड,कल्लू यादव,रामपति साकेत,महाबली वैश्य,रामावतार साहू,शिवबालक कोल,राममणि कोल,दयाशंकर वर्मा,लल्लू कोल,मंगलसिंह,तिलकराज सिंह गोड़,गजेंद्र सिंह भोले,युवा कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र सिंह दादू महिला कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश सिंह सेवादल अध्यक्ष महेंद्र पांडे सरदार अजीत सिंह,अब्दुल समद,सुदीप द्विवेदी चंद्रशेखर साकेत रेखा सोनी जगदीश मिश्रा रतीभान पटेल तिलक राज सिंह दीपक रावत गुरुसंत मिश्रा मोहम्मद असलम सुनील चौधरी पंकज कुशवाहा सूरज सिंह कंजर चंद्रभान यादव अजीत सिंह छूहिया विष्णु बहादुर सिंह कन्हैया सिंह,सोमेश्वर सिंह, डा.महेंद्र तिवारी,बैजनाथ सिंह रामविलास पटेल अरविंद तिवारी संकट लालवेंद्र सिंह, यज्ञराज साहू सुंदर लाल सिंह रविनाथ गोस्वामी प्रदीप दीक्षित संतोष तिवारी हंसलाल यादव,जय सिंह, कंचन सिंह,रमेश साकेत,मेनका सिंह,कु. शिवांकी सिंह,विभा सिंह,सोनम सोनी,सीमा रंजीत सिंह,प्रदीप सिंह दीपू,अशोक सिंह,माधुरी सिंह ,रोशनी अवधिया ,पंकज सिंह दिलीप सितानी किसान कांग्रेस,कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गोविंद सिंह,अरुण सिंह बबलू,शकुंतला श्रीनिवास जयसवाल,रामविलास पटेल,सुंदर सिंह,शिव नारायण सिंह,प्रवेश सिंह,इंद्रजीत सिंह विनय मिश्रा,जान आलम खान,हारून मंसूरी, कुमार सौरभ,अशरफ खान,रामलाल वर्मा ,आशू कामदार ,राम विशाल गुप्ता,शशीकांत मिश्रा,मार्तंड सिंह, अशोक सिंह भोले,विजयपाल पाठक,जितेंद्र बंसल,उदित नारायण साहू,शंभू सिंह,शिवेंद्र सिंह आईटी सेल,विष्णु कुशवाहा,कमलेश पटेल,राजीव सिंह,शिवनारायण सोनी,रामजस द्विवेदी,अनुज तिवारी,अभिषेक द्विवेदी,भुवनेश्वर जैसवाल,सौरभ मिश्रा,राजबहोरन यादव,संजय साहू,विजय तिवारी,अभिषेक कुशवाहा,राघवेंद्र सिंह,रविप्रकाश पुरी,विजय सिंह लकोड़ा,दिग्विजय सिंह राहुल,केडी सिंह ,संजय सिंह,रमन सिंह,रामप्यारे कुशवाहा,सुरेश सिंह परिहार,सुखराज सिंह,नीलांबर सिंह,शिवेंद्र सिंह गहरवार,वीरेंद्र मिश्रा,सहित जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल हैं



# सीएम हेल्पलाइन की बैठक सम्पन्न

### संतुष्टि पूर्वक शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करायें- अपर कलेक्टर

सीधी। सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए अपर कलेक्टर राजेश शाही ने निर्देशित किया है कि सभी विभाग प्रमुख सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की नियमित समीक्षा कर संतुष्टि पूर्वक निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। अपर कलेक्टर ने 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों तथा अप्रैल माह में प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। अपर कलेक्टर ने हितग्राहियों के हितलाभ वितरण तथा भुगतान संबंधी शिकायतों के निराकरण को गंभीरता से दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर उनकी समस्याओं का तत्परता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि फोर्स क्लोज संबंधित शिकायतों का प्रतिवेदन भेजने से पहले विभाग प्रमुख अवश्य देख लें।

बैठक में संयुक्त कलेक्टर नीलेश शर्मा, समस्त उपखण्ड अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सहित विभागों के जिला एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

सीधी।

प्राचार्य संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी ने जानकारी देकर बताया कि जिले के अग्रणी संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में उच्च शिक्षा भोपाल के निर्देश पर दिनांक 1 मई 2024 से 20 मई 2024 तक स्नातक का और 02 मई 2024 से 21 मई 2024 तक स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष की प्रथम चरण की प्रवेश



प्रक्रिया शुरू हो गई है। उपरोक्त तिथि में छात्र अपना ऑनलाइन पंजीयन करकर प्रवेश ले सकते हैं जो छात्र- छात्रा महाविद्यालय में प्रवेश लेना चाहते हैं वो ऑनलाइन आवेदन करें। छात्रों के समस्त दस्तावेज ऑनलाइन वेरिफिक्रेशन किया जाएगा छात्रों को महाविद्यालय में आने की आवश्कता नहीं है। निर्धारित समय पर उनको प्रवेश संबंधित जानकारी मोबाइल में उपलब्ध हो जाएगी यदि त्रुटि इत्यादि छात्रों के फॉर्म में रहती है।

# सब्जी मंडी क्षेत्र में ठेलों का अतिक्रमण गंभीर-जय सिंह राजू

सीधी ब्यूरो



शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र में स्थित संजीवनी पालिका क्षेत्र पूरी तरह से फुटपाथी व्यवसायियों के अतिक्रमण में फंसा हुआ है। हालात यह हैं कि पालिका बाजार क्षेत्र के चारों तरफ की सडक़ों में हाथ ठेला कारोबारियों का अवैध कब्जा बना हुआ है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता जय सिंह राजू ने आगे कहा कि यहां की सडक़ें करीब 12 फिट चौड़ी हैं। इसी सडक़ में दो पहिया वाहनों के खड़े होने के बाद जो जगह बीच में बचती है उसमें ठेला कारोबारी सुबह से लेकर देर शाम तक जमे रहते हैं। पालिका बाजार के दक्षिणी द्वार के सामने की सडक़ में पूरी तरह से ठेला कारोबारियों का कब्जा बना हुआ है। नगर पालिका के अमले द्वारा यहां की व्यवस्था को लेकर अनदेखी शुरू कर देने के कारण ठेला कारोबारी सडक़ पर जमकर अपना व्यवसाय करने में मशगूल हैं। यहां सडक़ पर ठेला में सब्जी का व्यवसाय करने वाले कारोबारियों की संख्या करीब दो सैकड़ा है। जिनके द्वारा संजीवनी पालिका बाजार क्षेत्र को छोडऩे की जरूरत नहीं समझी जा रही है। जिसके चलते यहां से निकलने वाले लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। पालिका बाजार क्षेत्र की दक्षिणी गेट एवं मुख्य द्वार के सामने की सडक़ के साथ ही पीछे के द्वार के सामने से निकली सडक़ से लोगों को पैदल निकलने में भी काफी दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं।

# जिला न्यायालय परिसर में 04 मई को होगा रक्तदान शिविर का आयोजन

सीधी

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में दिनांक 04.05.2024 दिन शनिवार को प्रातः 10:30 बजे से जिला न्यायालय स्थित ए.डी.आर. सेंटर भवन सीधी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा।

रक्तदान महादान है और इससे हम किसी का जीवन बचा सकते हैं। हर स्वस्थ व्यक्ति को प्रत्येक तीन माह पर रक्तदान करना चाहिए। रामचरित मानस में कवि तुलसीदास ने मानव धर्म को अपनाते हुए एक दूसरे की मदद करने की बात कही है। रक्तदान प्राणदान से कम नहीं है इसीलिए इसे दुनिया का सबसे बड़ा दान है।

रक्तदान निम्न कारणों से भी आवश्यक है- रक्तदान मन के लिए अच्छा है, रक्तदान से खून साफ होता है, रक्तदान करने से गंभीर बीमारियों से होता है बचाव, रक्तदान मानसिक सेहत के लिए फायदेमंद है, रक्तदान हेल्दी लिवर के लिए अच्छा होता है।






# मप्र विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता एंव महाराष्ट्र के सहप्रभारी श्री जयभान सिंह पवैया ने पार्टी प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह के समर्थन में मुरार में रोड शो एवं जनसंपर्क कर मांगा समर्थन





दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र

ग्वालियर। मप्र विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता एंव महाराट्र के सहप्रभारी श्री जयभान सिंह पवैया ने पार्टी प्रत्याशी श्री भारत सिंह कुशवाह के समर्थन में शुक्रवार शाम को मुरार में रोड शो एवं जनसंपर्क कर क्षेत्रीय जनता से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। यह रोड शो एवं जनसंपर्क बारादरी चौराहा, मुरार से प्रारंभ कर सदर बाजार, अग्रसेन चौराहे से वापस सदर बाजार होकर गिरिराज जी मंदिर से बजाज खाना, रिसाला बाजार से अग्रसेन चौराहा, खुला संतर होते हुए वापस बारादरी पर समाप्त हुआ।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि अब चुनाव में 3 दिन ही शेष रह गए हैं, इसलिए आप सभी थोडी और मेहनत कीजिए जिससे परिणाम भाजपा के पक्ष में हो। उन्होंने कहा कि यह चुनाव प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को समृद्ध विकसित और गरीब कल्याण की योजनाओं को नीचे स्तर तक पहुंचाने के लिए है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए आपका एक-एक वोट भारत सिंह कुशवाह को आशीर्वाद के रूप में मिलेगा तो नरेंद्र मोदी जी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से कोई नहीं रोक सकता।

इस अवसर पर पार्टी प्रत्याशी श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि आज देश में विचारधारा का युद्ध हो रहा है एक तरफ राम को मानने वाले लोग है और दूसरी ओर राम के अस्तित्व पर सवाल उठाने वाले लोग है। उन्होंने कहा कि आज केंद्र सरकार की मदद से 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन मिल रहा है। लोगों के स्वास्थ्य के लिए आयुष्मान योजना के माध्यम से 5 लाख रुपए तक का इलाज मिल रहा है। महिलाओं को उज्ज्वला योजना के माध्यम से गैस सिलेंडर मिल रहे हैं ऐसी कई तमाम योजना है जिसका लाभ आम आदमी को मिला है। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र और विश्व गुरू बनाने के लिए श्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने भारतीय जनता पार्टी को वोट दें।

मुरार के जनसंपर्क में संभागीय प्रभारी श्री विजय दुबे, सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री अभय चौधरी, प्रदेश प्रवक्ता श्री मिलन भार्गव, श्री ब्रजराज सिंह, पूर्व विधायक श्री मुन्नालाल गोयल, श्री मनोज तोमर, श्री अशोक जैन, जिला महामंत्रीगण श्री विनोद शर्मा, श्री विनय शर्मा, श्री राजू पलैया, श्री जिला उपाध्यक्ष श्री धर्मेंद्र राणा, श्री धर्मेंद्र सिंह तोमर, संभागीय मीडिया प्रभारी श्री राज लखन सिंह, जिला मीडिया प्रभारी श्री नवीन चौधरी, श्री अरविंद रघुवंशी, श्री मुकेश दुबे, श्री राकेश खुरासिया, कनवर मंगलानी, मंडल अध्यक्ष श्री हरिओम झा, श्री उमेश भदौरिया, श्री रमाकांत महेते, श्री जबर सिंह, श्री गिर्राज व्यास, श्री यश शर्मा, श्री बृजेश दीक्षित, श्री अभिनंदन त्यागी, श्री सोनू मंगल, डॉ कुलदीप चतुवेर्दी, श्री अशोक जादौन, श्री मनोज शर्मा, श्री राजकुमार परमार, श्री विवेक शर्मा, श्री राज भौंड, श्री शिव सिंह यादव, श्री गौरव बाजपेई, श्री भारत शाक्य सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे



# मतदान दलों को मतदान सामग्री प्राप्ति में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो

## कलेक्टर श्रीमती चौहान ने एमएलबी कॉलेज पहुँचकर व्यवस्थाओं का किया अवलोकन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र

ग्वालियर -/- लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिये मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण 6 मई को एमएलबी कॉलेज परिसर से किया जायेगा। मतदान दलों को मतदान सामग्री प्राप्त करने और मतदान केन्द्र तक पहुँचने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने शुक्रवार को देर शाम एमएलबी कॉलेज पहुँचकर मतदान वितरण व्यवस्था का अवलोकन किया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा कि मतदान दल में लगे कर्मचारियों को पूर्व से ही यह सूचित किया जाए कि उन्हें किस गेट से अंदर आना है और कहां पर उन्हें सामग्री प्राप्त होगी। सामग्री वितरण स्थल पर कर्मचारियों के लिये पेयजल का पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश भी उन्होंने दिए। उन्होंने यह भी कहा है कि मतदान दलों को सामग्री प्राप्त करने और उसके मिलान में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिये अतिरिक्त अधिकारियों को भी तैनात किया जाए जो मतदान दलों को सहयोग प्रदान करें।

लोकसभा निर्वाचन के लिये विधानसभावार मतदान दलों को सामग्री वितरण की व्यवस्था एमएलबी कॉलेज परिसर में की गई है। मतदान सामग्री प्राप्त करने के पश्चात सभी दल अपने-अपने मतदान केन्द्रों के लिये रवाना होंगे। मतदान दल जिन वाहनों से मतदान केन्द्र तक पहुँचेंगे उन वाहनों में भी पेयजल की व्यवस्था अवश्य की जाए। मतदान सामग्री वितरण के पश्चात मतदान समाप्ति दिनांक 7 मई को मतदान सामग्री प्राप्त करने की भी पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री विवेक कुमार ने मतदान सामग्री वितरण एवं मतदान के पश्चात सामग्री प्राप्त करने की व्यवस्था के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त श्री हर्ष सिंह, एडीएम श्रीमती अंजू अरुण कुमार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



## लहार नगर में सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य की धुमधाम से मनाई गई जयंती

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

महान सम्राट अखण्ड भारत के निर्माता मानवता के प्रतिबिम्ब विश्वविजेता राष्ट्रनायक एवं मौर्य साम्राज्य के संस्थापक सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य जी की 2369 वी जयंती महात्मा फुले नगर वार्ड क्रमांक 10 लहार पर बड़े ही धूमधाम से मनाई गई।

जिसमें सबसे पहले सभी लोगो ने बारी बारी से सम्राट चन्द्र गुप्त मौर्य जी की तस्वीर पर पुष्प माला और पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सभी लोगो ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला और सभी लोगो से आग्रह किया की सभी लोगो के घरों में सभी महापुरुषों की तस्वीर लगी होनी चाहिए । कार्यक्रम में निम्न लोगो ने भाग लिया।एड ,गोपीलाल कुशवाह ,डॉक्टर दशरथ कुशवाह जी संतराम सिंह कुशवाह जी शिक्षक,अनंत कुशवाह जी शिक्षक ,राकेश कुशवाह जी सिंधिया संदीप कुस्तवार जी,वीरू धनौलिया जी ,अशोक भंडा जी,सुनील कुशवाह जी पार्षद ,संतोष कुशवाह जी शिक्षक

शिवेंद्र कुशवाह जी सर ,जितेंद्र कुशवाह जी बादशाह डी. जे. मालिक लहार कप्तान कुशवाह जी पोस्टमैन,जगराम मास्टर जी ,सोवरन भंडा जी ,रामजीलाल कुशवाह जी

फौजी कुशवाह जी धौनपुरा ,प्रदीप कुशवाह जी कारेपुरा आकाश कुशवाह जी ,राहुल कुशवाह जी ,रामलखन कुशवाह जी सतेंद्र कुशवाह जी ,नितिन कुशवाह सुनील कुशवाह जी ,सोनू कुशवाह जीराहुल जी,जीते कुशवाह जी कमलेश आदि सैंकड़ों लोग उपस्थित हुए ।मंच का संचालन एड लक्ष्मण कुशवाह जी ने किया इसके बाद प्रसाद स्वरूप मिठाई का वितरण किया गया।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई अम्बाह द्वारा लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट

अम्बाह। जिसमें कार्यकर्ताओं द्वारा चौराहों, दुकान,गलियों एवं सड़कों पर मतदाताओं के बीच जाकर राष्ट्रहित में शत प्रतिशत मतदान के लिए आव्हान किया! इस अवसर पर नगर अध्यक्ष आर. एस. राठौर ने बताया कि









हर आम आदमी की एक ताकत होती है मतदान करना प्रत्येक व्यक्ति को अपने मताधिकार का प्रयोग करके लोकतंत्र को मजबूत बनाना चाहिए !जिसमें प्रमुख रूप से प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सोम शर्मा नगर अध्यक्ष आर एस राठौर नगर उपाध्यक्ष धर्मेंद्र अरेला, विक्की तोमर, आशु तिवारी, मनु तोमर, अरुण किरार, अनु श्रीवास प्रमुख रूप से उपस्थित रहे!

# *लोकमत परिष्कार की बैठक में ग्रामीणों ने लिया शत प्रतिशत मतदान का संकल्प

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

विश्वहिन्दु परिषद बजरंग दल जिला लहार द्वारा प्रतिदिन लोकमत परिष्कार की बैठकें आयोजित की जारही है जिसमें *जिला मंत्री सुरेन्द्र शुक्ला भोले* ने जाति मतपंथ प्रमुखों से आवाह्न किया कि यह चुनाव राष्ट्र का सर्वोपरी चुनाव है इस चुनाव से राष्ट समाज की नीति निर्धारण होती है । इसलिये राष्ट्र को सर्वोपरि मानते हुयै राष्ट हित में शत प्रतिशत मतदान करें । मतदान से पहले सेना सशक्तिकरण धारा 370 राममंदिर आदि राष्ट्रीय मुद्दे और हिन्दु स्वाभिमान का विचार कर अपना मतदान करें पहले मतदान फिर जलपान यह सोचकर हमें राष्ट्र को सशक्त बनाना है । और जो लोग आगमी 7 तारीक को अपना मतदान करने नहीं गये वह



लोग समाज राष्ट्र पर उंगली नहीं उठा सकते जो 7 तारीक को उंगली में स्याही नहीं लगबायेगे ।इसी वीच । रविन्द्र कौरव रवि अंकित पराशर ठाकुर दास कुशबाह राकेश कुशबाह मूलचंद्र कुशबाह राधाकृष्ण सविता प्रदीप सविता ब्रजराज कौरव नीरज कौरव राघौराम कौरव चौधरी जगराम प्रजापत गोटियां हरभजन पाल बलराम कुशबाह चरणदास शाक्य गजराज शाक्य बलबीर शाक्य कल्लू शाक्य हरीराम बर्मा पप्पू बर्मा कमलेश बर्मा रमेश बर्मा पीके झा बलराम बाबूजी संतराम रजक गोविन्दास रजक प्रमोद दौहरे अशोक दौहरे अविशेक दौहरे बीरु राठौर देवेन्द्र राठौर महेन्द्र परिहार लपई परिहार आदि ग्राम बासियों ने शत-प्रतिशत राष्ट्र हित में मतदान का संकल्प लिया

# सांसद नवीन जैन का जैन समाज द्वारा किया जायेगा अभिनंदन

## जैन मंदिर के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का होगा शपथ समारोह




अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट

मुरेना । राज्यसभा सांसद नवीन जैन के 04 मई को मुरेना आगमन पर जैन समाज मुरेना द्वारा उनका भव्य स्वागत सम्मान किया जायेगा । श्री यंग दिगम्बर जैन फाउंडेसन के महामंत्री रमाशंकर नायक द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने के पश्चात नवीन जैन का प्रथमवार मुरेना आगमन हो रहा है । उनके प्रथम नगरागमन पर सकल जैन समाज द्वारा भव्य सम्मान किया जायेगा । इस दौरान सांसद नवीन जैन साधर्मी बंधुऔ से सम्बाद एवम चर्चा भी करेंगे ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती बड़ा जैन मंदिर कमेटी मुरेना के नव निर्वाचित प्रवंधकारिणी को सांसद नवीन जैन शपथ ग्रहण कराएंगे । कार्यक्रम के विशिष्ट अथिति अम्बाह नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जिनेश जैन एवम अध्यक्षता राजेंद्र भंडारी अध्यक्ष टिकटोली होगे ।

ज्ञान सागर सेवा सदन मुरेना में शाम 08 बजे आयोजित कार्यक्रम में समाज के गणमान्य श्रेष्ठी वर्ग के साथ साथ महिलाए एवम युवा साथी भी बहुतायत संख्या में उपस्थित रहेंगे । श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती बड़ा मंदिर कमेटी मुरेना ने सभी बंधुओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है ।




## शत-प्रतिशत मतदान करने के लिये अम्बाह में निकाली मतदाता जागरूकता रैली

*अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट*

अम्बाह/मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिये अम्बाह में रैली निकाली गई। रैली मुरैना तिराहे से शुरू होकर मुख्य बाजार होते हुए पोरसा चौराहे पर संपन्न हुई। उसके बाद मतदान की शपथ दिलाई।


रैली में अनुविभागीय अधिकारी अम्बाह श्री अरविंद माहौर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अम्बाह श्रीमती सुमन चक चौहान, परियोजना अधिकारी अम्बाह अजय प्रताप सिंह, परियोजना अधिकारी पोरसा सपना यादव, ब्लॉक समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन श्री रघुवीर सिंह करोरिया, जनपद पंचायत के पीसीओ उपयंत्री श्री अमित शर्मा, सचिव, सहायक सचिव, आँगनवाड़ी कार्यकर्ता एवँ स्कूलों के शिक्षक मौजूद थे।

# शिक्षण कार्यक्रम में संस्कार शिविरों का होगा आगाज: नवनीत जैन शास्त्री

अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट*

## *चंबल संभाग में 50 स्थानों पर लगाए जायेगे शिक्षण शिविर*

मुरैना । ग्रीष्मकालीन अवकाश में धार्मिक शिक्षण प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से संस्कार प्रदान करते हुए संस्कारित किया जायेगा। शिविरों के क्षेत्रीय प्रभारी नवनीत जैन शास्त्री मुरैना ने जानकारी देते हुए बताया कि इन शिविरों के माध्यम से बुजुर्ग, युवा, बच्चों को धार्मिक शिक्षा प्रदान की जाती है। साथ ही उन्हें अपनी संस्कृति से परिचित कराया जाता है । श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर द्वारा आयोजित श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविरों का वृहत् स्तर पर आयोजन परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्यश्री 108 विद्यासागरजी महाराज के जीवन्त जीवन की फलश्रुति के रूप में विद्यागुरु उपकार महोत्सव के रूप में आयोजित किए जा रहे हैं। आचार्य श्री समयसागरजी महाराज के आशीर्वाद एवं निर्यापक मुनिपुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज की पावन प्रेरणा से इन शिविरों आयोजन चम्बल संभाग के आसपास के 50 स्थानों पर आयोजित किए जाने हेतु श्री पार्श्वनाथ दि.जैन मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अनिल जैन प्राचार्य एवं मंत्री विनोद कुमार जैन (तार वाले) , टिकटोली क्षेत्र के अध्यक्ष राजेन्द्र भण्डारी , क्षेत्रीय प्रभारी नवनीत जैन %शास्त्री% मुख्य संयोजक वीरेन्द्र कुमार जैन (बाबा) एवं संयोजक श्री राजकुमार जैन वरैया जी , अजय कुमार जैन (गोसपुर वाले), डॉ. मनोज कुमार जैन, सुरेशचन्द्र जैन, शुभम जैन (चीन्टू), अनिल नायक (गढ़ी वाले), विमल कुमार जैन , अनिरुद्ध कुमार जैन ने शिविर संबंधी नियमावली पर चर्चा की। साथ में शिविर आयोजन हेतु तिथि के निर्धारण संबंधी जानकारियां प्रदान की। शिक्षण शिविरों का आयोजन 19 मई से 26 मई 2024 तक चलेगा। शिविर मुरैना, भिण्ड,ग्वालियर चम्बल संभाग के आसपास के समस्त स्थानों में लगाए जायेगे। जिनमें नवाचार्य श्री समयसागर जी व निर्यापक श्रमण श्री सुधासागर का आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु समस्त मुरैना कमेटी एवं शिविर के मुख्य संयोजक व संयोजक क्षेत्रीय प्रभारी ने यह निर्णय एकमत से लिया गया।



# 74 केन्द्रों पर आयोजित हुआ सास बहू ननद सम्मेलन प्रतिभागियों ने कहा हम पहले मतदान करेंगे बाद में जलपान करेंगे

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो चीफ सत्य नारायण गुप्ता**



बाराबंकीः 03 मई। जिला निर्वाचन अधिकारी जिला मजिस्ट्रेट के निर्देशन में मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए आज जनपद के 74 केन्द्रों पर सास बहू ननद सम्मेलन कराया गया, जिसमें 2904 प्रतिभागियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। सम्मेलन में उपस्थित परिवार की सभी सास बहुओं और ननद को मतदान के मूल्य से अवगत कराया गया। सम्मेलन में उपस्थित सीडीपीओ, आंगनबाड़ी कार्यकत्री के द्वारा सभी को मतदान की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में सच्चे नागरिक की है पहचान, मतदान-मतदान, मतदान करने हम सबको जाना है। सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, वोट बहुमूल्य है, हम वोट डालने जाएंगे, मतदान हमारा अधिकारी है आदि स्लोगन के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

बाल विकास परियोजना सिद्धौर के आंगनबाड़ी केन्द्र मे सास बहू ननद सम्मेलन के माध्यम से प्रतिभागियों को बताया गया कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान आवश्यक है। प्रतिभागियों ने मतदान करने की शपथ ग्रहण ली। उपस्थित प्रतिभागियों ने कहा कि वोट हमारा अधिकार है हम इसका उपयोग अवश्य करेंगे। फतेहपुर के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सास बहू ननद सम्मेलन के माध्यम से प्रतिभागियों को समझाया गया कि मतदान एक पर्व है जिसमें सभी लोग मिलकर प्रतिभाग करें और अपना बहुमूल्य वोट अवश्य डालें। प्रतिभागियों ने कहा कि एक-एक वोट कीमती है हम वोट डालने अवश्य जायेंगे।

बाल विकास परियोजना मसौली के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सास बहू ननद सम्मेलन कर समस्त प्रतिभागियों को चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया उपस्थित प्रतिभागियों ने मतदान करने की शपथ लेते हुए अन्य को भी मतदान करने हेतु प्रेरित किया है।

रामनगर के आंगनबाड़ी केन्द्र मे सास बहू ननद सम्मेलन के माध्यम से प्रतिभागियों को बताया गया कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान आवश्यक है। उपस्थित प्रतिभागी ने कहा कि हम पहले मतदान करेंगे बाद में जलपान करेंगे। बंकी के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मतदान करने हेतु सम्मेलन किया गया जिसमें प्रतिभागियों को अवगत कराया गया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिये उनका एक वोट भी अहम है इसलिये मतदान अवश्य करें। प्रतिभागियों ने कहा कि जैसे हमारे स्वस्थ शरीर के लिए पौष्टिक आहार आवश्यक है उसी प्रकार स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक है। बाल विकास परियोजना सिरौली गौसपुर के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सास बहू सम्मेलन के माध्यम से प्रतिभागियों को जागरुक किया गया कि जिस तरह से शरीर को स्वस्थ रखने के लिये पौष्टिक आहार आवश्यक हैं उसी तरह मतदान आवश्यक है इसलिये मतदान आवश्य करें। उपस्थित प्रतिभागियों ने शपथ ली कि वह पहले मतदान करेंगे उसके बाद अन्य काम करेंगे।

# शेरकोट में दबंग जायका रेस्टॉरेंट संचालक नानू का पुलिस ने किया 151 में चालान



**ब्यूरो दैनिक के,हिन्दुस्तान बिजनौर**

शेरकोट। पुलिस से मिली जानकारी के नुसार थाना अध्यक्ष शेरकोट जिला बिजनौर को सलमान पुत्र स्व, इलियास अहमद कुरैशी मोहल्ला हकिमान थाना शेरकोट को दी गई तहरीर में बताया कि हमने दुकान खाली करने के लिए नौशाद उर्फ नानू पुत्र रशीद अहमद मोहल्ला शैखान कस्बा व थाना शेरकोट बिजनौर से कहा गया तो नानू उपरोक्त ने इसी बात को लेकर मेरे भाई शानू के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा और गंदी गंदी गालिया देकर कहा कि पुलिस में मेरी बहुत पहचान है तुमसे जो बिगाड़ सकते हो बिगाड़ लेना । इसकी हमने बाते सुनकर मना किया तो नानू उपरोक्त ने जान से मारने की धमकी देने लगा इसी दौरान इकबाल पुत्र शौकत हुसैन मोहल्ला हकिमान आ गए और नानू और उसके भाइयो से हमें बचाया । बता दे कि ये इससे पहले भी एक दुकान स्वामी से मारपीट कर चुका है जिस कारण इससे दुकान खाली कराई गई थी। वही सलमान कुरैशी ने पुलिस से दबंग किसम के नॉशद उर्फ नानू के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की का अनुरोध किया था जिस पर थानाध्यक्ष धीरज कुमार द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए नॉशद पुत्र रशीद अहमद का धारा 151 में चालान कर दिया गया है। कई लोगो द्वारा बताया गया कि इसके द्वारा मोहल्ले में काफी गंदे कामो को किया जा रहा था जिससे पूरे मोहल्ले की बदनामी हो रही थी। यदि इस नानू से किसी के द्वारा कुछ कहा भी जाता था तो उसे पुलिस पिटवाने की धमकी देता था। क्योंकि कुछ लोगो को इसके द्वारा खाना परोसा जाता था।थानाध्यक्ष धीरज कुमार की नगर के लोगो द्वारा काफी प्रसंशा की जा रही है ।

# फीता काटते एआरटीओ के मनोज वर्मा और सीओ ट्रैफिक धर्मेन्द्र सिंह

## एआरटीओ ने सुड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत लगाया स्वास्थ्य शिविर

मथुरा(नीरज चतुर्वेदी)।यमुना एक्सप्रेस वे पर यातायात नियमों के उलंघन के कारण होने वाले हादसों को रोकने के लिए सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान जाबरा टोल प्लाजा पर स्वास्थ्य शिविर लगाकर वाहन चालकों की आंख एवं स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच की गई। शिविर का शुभारंभ एआरटीओ द्वारा किया गया।शासन द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है इसी के तहत शुक्रवार को यमुना एक्सप्रेसवे के जाबरा टोल प्लाजा पर प्राधिकरण द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया गया। जिसमें शिविर लगाकर यमुना एक्सप्रेस वे पर चलने वाले वाहन चालकों की आंख व स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की गई।शिविर का शुभारंभ एआरटीओ मनोज वर्मा एवं संदीप शर्मा जीएम यमुना एक्सप्रेस वे द्वारा फीता काटकर किया गया। सीओ ट्रैफिक धर्मेंद्र सिंह ने बताया के यमुना एक्सप्रेस-वे पर आए दिन यातायात नियमों के उलंघन के कारण हादसे होते हैं और उनको जागरूक करने के लिए भी यह पखवाड़ा मनाया जा रहा है और उन्हें नियमों के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान बताया गया यदि रास्ते में नींद आए तो वाहन को सुरक्षित स्थान पर खड़ा कर ले एवं सीट बेल्ट हेलमेट का प्रयोग करें,गर्मी के बढ़ने के कारण टायरों व हवा की जांच समय-समय पर करते रहे। शिविर में 177 चालकों की जांच व दवा दी गई। इस मौके पर जाबरा टोल प्लाजा इंचार्ज अनुज कुमार,प्लाजा मैनेजर देवेंद्र सिंह,तुलसीराम,असिस्टेंट मैनेजर लोकेंद्र चौधरी,सौर्यवधन सिंह,भुवनेश दीक्षित आदि मौजूद रहे।




# हरिद्वार एनटीसी एकेडमी में यूपी के गजरौला में हुई ताइक्कांडो प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ियों का किया गया जोरदार स्वागत

## 14 गोल्ड 10 रजत और 02 कांस्य पदक लेकर लौटे हरिद्वार के खिलाड़ी

हरिद्वार- उत्तर प्रदेश के गजरौला में हुए ओ.आई.एस. जोनल इंटर स्कूल ताइक्कांडो प्रतियोगिता में हरिद्वार जिले के अलग-अलग स्कूलों से खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर हरिद्वार जिले के साथ-साथ उत्तराखंड का भी नाम रोशन किया जिसको लेकर एनटीसी एकेडमी के द्वारा सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

आपको बता दे कि उत्तर प्रदेश के गजरौला में हरिद्वार के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 26 पदक अपने नाम किए। इस प्रतियोगिता में हरिद्वार जिले के कई स्कूलों से खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया जिसमें डीपीएस दौलतपुर डीपीएस रानीपुर हरिहरानन्द स्कूल कनखल एवं प्राथमिक विद्यालय कनखल सामिल रहें। इन सभी खिलाड़ियों के लिए गुरुवार की शाम ह्ल्ञ्जष्ट एकेडमी के द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर श्री श्री 1008 निर्माण पीठाधीश्वर राजगुरु बीकानेर आचार्य विशोकानंद भारती जी महाराज ने खिलाड़ियों को फूल मालाए एवं पदक पहनाकर सम्मानित किया। अपने संबोधन के दौरान आचार्य द्वारा खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए उनके हेड कोच राजेंद्र नौटियाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप देश हित में बहुत बड़ा योगदान दे रहे हैं इसके लिए हमारी ओर से खिलाड़ियों के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा जिससे कि भविष्य में सभी खिलाड़ी आगे चलकर प्रदेश सहित देश का नाम रोशन करें। इसके पश्चात उन्होंने कहा कि आज यहां पर आकर मेरी पुरानी यादें ताजा हो गई है क्योंकि पूर्व में मैं भी एक खिलाड़ी रहा हूं और मुझे भी कई बार खेलों में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है इसके पश्चात उन्होंने सभी को आशीर्वाद रूपी प्रसाद वितरण किया। वहीं दूसरी और एनटीसी के हेड कोच राजेंद्र नौटियाल ने बताया कि हरिद्वार के विभिन्न स्कूलों से खिलाड़ियों ने बहुत बेहतर प्रदर्शन किया है इतने कम समय की प्रैक्टिस के बावजूद भी खिलाड़ियों ने 26 पदक अपने नाम किया जिसमें 14 गोल्ड 10 रजत एवं 02 कांस्य पदक शामिल है। उन्होंने बताया कि मैं लगातार हरिद्वार जिले के सभी स्कूलों से समन्वय बनाकर खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का कार्य कर रहा हूं जिससे सभी खिलाड़ी आगे चलकर देश के लिए पदक लेकर आए। साथ ही उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में उत्तराखंड ही नहीं भारत की सबसे छोटी ताइक्कांडो खिलाड़ी शिवाक्षी नौटियाल जिसकी उम्र केवल 3 वर्ष 3 महीने है उसके द्वारा भी रजत पदक अपने नाम किया गया। शिवाक्षी नौटियाल देहरादून जिले की चकराता तहसील के कोटि कनासर गांव की रहने वाली है। यह गांव जौनसार बाबर क्षेत्र के अंतर्गत आता है। इसके पश्चात एनटीसी अकादमी की प्रेसिडेंट कविता नौटियाल ने बताया कि दूसरे प्रदेशों में प्रतियोगिताओं के दौरान अच्छे प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों को इस प्रकार के सम्मान समारोह के द्वारा सम्मानित किया जाना चाहिए जिससे कि उनका मनोबल बढ़े और भविष्य में और बेहतर करने का प्रयास कर सकें। प्रतियोगिता में प्रतिभागी पदक विजेता खिलाड़ियों की सूची में डीपीएस दौलतपुर के 11 खिलाड़ियों ने अपने आयु वर्ग व भार वर्ग में पदक जीते- रुद्र प्रताप VIII - B, -53 कैडेट में स्वर्ण पदक अथर्व VIII - क्क -41 कैडेट में स्वर्ण पदक

पृथ्वीराज चौहान VIII - क्क -53 कैडेट में स्वर्ण पदक अर्णव पुरी XII , -55 जूनियर में स्वर्ण पदक आकृति चौहान VIII - क्क -41 कैडेट में स्वर्ण पदक काव्या VI- ष्ठ -29 सब जूनियर में स्वर्ण पदक आर्यन प्रजापति VIII - क्क -53 कैडेट में रजत पदक सक्षम कुमार VIII - क्क -53 कैडेट में रजत पदक अंजलि नेगी IX - क्क -37 कैडेट में रजत पदक अंजनी क्क्ष्द्दश्च स्ह्ल, -18 रजत पदक सोनाली जंगला ड्क्कढ्ढ - ष्ठ, -29 सब जूनियर कांस्य पदक डीपीएस रानीपुर

## अवर्ण्य जैन VI-I, -31 सब जूनियर स्वर्ण पदक

त्रियांश III-K, -50 सब जूनियर रजत पदक डीएवी सैंटनरी के खिलाड़ी अथर्व पंडित -32 सब जूनियर कांस्य पदक पुलकेश राजपूत IX-F, -45 कैडेट में रजत पदक विराज राजपूत II-B, -21 क्क्ड्ड रजत पदक हिमांगी राजपूत X-E, -52 कैडेट में स्वर्ण पदक प्रतिज्ञा राय VIII, -41 कैडेट में रजत पदक एसएचपीएस कनखल रेयांश II, -22 क्क्ड्ड स्वर्ण पदक अमृता एम. भट्ट -24 PV स्वर्ण पदक श्री लक्ष्मी एम. भट्ट -16 PV स्वर्ण पदक जीपीएस कनखल स्कूल के गणेश -35 सब जूनियर स्वर्ण पदक सत्यम नाथ द्ब, -18 क्क्ड्ड स्वर्ण पदक मयंक नाथ IV, -20 स्वर्ण पदक संतोष नाथ IV, -20 कैडेट में रजत पदक अपने नाम किए।



# प्रेक्षक मनीष अग्रवाल ने औरैया आकर मतदान के लिए की गई तैयारियो का लिया जायजा व संबंधित को दिए निर्देश

औरैया 3 मई । किसी भी कार्य को सही व सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए उसके संबंध में स्वयं का पूर्ण दक्ष्य होना आवश्यक है तभी किसी कार्य को सही सजगता के साथ संपन्न कराना संभव होता है।

प्रेक्षक लोकसभा क्षेत्र 41 इटावा मनीष अग्रवाल ने उपरोक्त विचार चौधरी विशंभर सिंह भारतीय बालिका इंटर कॉलेज में लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को शांतिपूर्ण निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए मतदान कार्मिकों को दिए जा रहे द्वितीय प्रशिक्षण का निरीक्षण करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य को संपन्न कराने के लिए, उसके लिए छोटी बड़ी सभी बारीकियों को जानना/समझना आवश्यक होता है इसलिए ईवीएम,सीयू,वीवी पैट तथा मतदान दिवस पर प्रपत्रों संबंधी की जाने वाली गतिविधियों की जो जानकारी दी जा रही है उसे पूरे मनोयोग के साथ ग्रहण करें जिससे मतदान दिवस पर मतदान के समय किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि आप जितने परिपक्व अपने कार्य के प्रति हो जाएंगे उतना ही आपको मतदान के समय प्रपत्र आदि पूर्ण करने में सुविधा रहेगी और मतदान को निष्पक्षता के साथ कराने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि यदि कोई प्रक्रिया प्रशिक्षण के दौरान समझ में नहीं आ रही है तो उसके संबंध में बार-बार पूछे और भ्रम की स्थिति का निवारण सुनिश्चित करें जिससे कार्य के दौरान कोई दुविधा न कउत्पन्न हो उन्होंने ई वी एम, सी यू, वी वी पैट के लिंक करने तथा उसके शील्ड करने के साथ-साथ माकपोल आदि की प्रक्रिया के बारे में दी गयी जानकारी के संबंध में भी पूछा।

उक्त के उपरांत उन्होंने ने गेल गांव स्थित सरगम ऑडिटोरियम में माइक्रो आब्जर्वर के प्रशिक्षण में पहुंचकर मतदान दिवस एवं मतदान के उपरांत उनके द्वारा की जाने वाली कार्यवाहियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की और उनसे मतदान के संबंध में उनके द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के संबंध में पूछा और कहा कि प्रशिक्षण के दौरान आप अपनी जिम्मेदारियों को भली-भांति समझना सुनिश्चित करें जिससे आप अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी से करते हुए भारत निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप पारदर्शिता के साथ निष्पक्ष रूप से मतदान को संपन्न कराने में सफल हो और मतदान के उपरांत आप अपने मतदान केंद्र की भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त निर्धारित प्रारूप 28 पर विभिन्न बिंदुओं पर अपनी आख्या सही व सुस्पष्ट भरकर प्रेषित कर सके। उन्होंने कहा कि आपकी जिम्मेदारी मतदान को माकपोल प्रक्रिया के साथ प्रारंभ करने से लेकर मतदान सामग्री जमा करने तक निर्धारित है इसलिए इसमें किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी न हो और मतदान सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

उक्त अवसर पर जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश, अपर जिला मजिस्ट्रेट/उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, रिटर्निंग ऑफिसर/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, जिला विकास अधिकारी करुणा पति मिश्र, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी बब्बन प्रसाद मौर्य, जिला विद्यालय निरीक्षक एसपी यादव सहित संबंधित अधिकारी, मास्टर ट्रेनर आदि उपस्थित रहें।

इसके अलावा प्रेक्षक मनीष अग्रवाल ने गल्ला मंडी स्थित मतदान हेतु कार्मिकों के रवानगी स्थल सहित स्ट्रांग रूम आदि की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए कहा कि मतदान के पूर्व रखी गयी ई वी एम, कंट्रोल यूनिट तथा वी वी पैट की सुरक्षा उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी मतदान के पश्चात, इसलिए उनकी सुरक्षा में किसी प्रकार की कोई कोताही/शिथिलता न बरती जाये। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि कार्मिकों के बैठने हेतु पर्याप्त छाया, पेयजल तथा अन्य सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में सुनिश्चित की जाए, जिससे गर्मी के मौसम में किसी कार्मिक को कोई परेशानी न होने पाए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान हेतु दी जाने वाली सामग्री के लिए पर्याप्त काउंटर विधानसभा वार लगाने को कहा जिससे कार्मिकों को मतदान सामग्री/ थैला प्राप्त करने तथा मतदान के उपरांत सामग्री जमा करने में कोई असुविधा न हो।

उन्होंने कहा कि मतदान सामग्री उपलब्ध कराते समय यह सुनिश्चित किया जाए कि उसका भली बात मतदान पार्टी द्वारा मिलान कर लिया जाए जिससे मतदान दिवस पर कोई कमी न रहने पाए। उन्होंने कहा इसके लिए पर्याप्त संख्या में कार्मिक नियुक्त किए जाएं जिससे मतदान के उपरांत आने वाली मतदान पार्टियों की मतदान सामग्री यथा स्थान समय से सुरक्षित रखी जाए जा सके और किसी प्रकार का कोई अवरोध पैदा न हो।

उक्त अवसर पर जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश, अपर जिला मजिस्ट्रेट /उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र पाल सिंह, रिटर्निंग ऑफिसर /सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



# मोटर साइकिल से पेट्रोल चोरी को लेकर चचेरे भाई ने करदी चचेरे भाई की हत्या

झांसी के मऊरानीपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कदौरा में बाइक से चोरी से पेट्रोल निकालने के आरोप से खुन्नस खाये आरोपी ने अपने चचेरे भाई की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी। जिससे गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर घटना स्थल पर पहुँची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर विच्छेदन के लिए मऊरानीपुर भेज दिया। और कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी। मऊरानीपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कदौरा में बुधवार, गुरुवार की मध्यरात्रि में जयप्रकाश रैकवार घर के आंगन में चारपाई पर सो रहा था। उसी समय उसके चचेरे भाई कृष्णा ढीमर ने दीवार फांदकर उसके ऊपर धारदार हथियार से बार करके उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी परिजनों को उस समय हुई जब रात्रि सवा बजे मृतक के भतीजे आंशू पुत्र हरगोविंद छत से नीचे उतरकर आया तो उसे जयप्रकाश को लहू लुहान अवस्था में मिला जिससे उसने मामले की जानकारी अन्य परिजनों को दी। मृतक की माँ ने घटना की जानकारी सबसे पहले यूपी डायल 112 नंबर पुलिस को दी। जिससे मौके पर पहुंची पुलिस ने हत्या हो जाने के मामले की तुरन्त सूचना मऊरानीपुर कोतवाली तथा देवरी पुलिस चौकी को दी। सूचना पर कोतवाली प्रभारी अखिलेश द्विवेदी तथा देवरीघाट पुलिस चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे। जहां पर जयप्रकाश उर्फ भजु पुत्र प्रागीलाल रैकवार उम्र 35 वर्ष के शव को कब्जे में लिया। घटना को लेकर चाची रामकली पत्नी बालमुकुंद रैकवार ने बताया कि हत्या हो जाने की जानकारी उसे उस समय हुई जब छत पर सो रहे आशू को शौच लगी और वह छत से नीचे उतरने पर उसे आंगन में चारपाई पर लेटे चाचा जयप्रकाश ढींमर खून से लतपथ लहू लुहान अवस्था में पड़ा देखा। इसके साथ ही रामकली ने बताया कि उसके देवर के लड़के के यहां 24 अप्रैल को आये रिश्तेदारों की बाईकों में से जयप्रकाश ने हत्या आरोपी कृष्णा को पेट्रोल चोरी से निकालते हुए देख लेने को लेकर गत बुधवार की शाम को पहले बहस हो गई और आरोपीयों से झगड़ा हुआ। लेकिन परिवार के अन्य सदस्यों ने लड़ाई झगड़ा को शांत करा दिया और सभी लोग अपने अपने घरों में जाकर सो गए लेकिन पेट्रोल चोरी के आरोप से खुन्नस खाये कृष्णा रैकवार ने रात्रि में यह खौफनाक कदम उठाया। तो वही मृतक के भतीजे आंशू ने बताया कि जब वह शौच के लिए छत से उतर कर आया तो उसके चाचा लहू लुहान अवस्था में चारपाई पर पड़े हुए थे जिसकी जानकारी उसने परिजनों को दी। तो वही अन्य परिजन परशुराम रैकवार ने बताया कि मृतक जयप्रकाश के दो बच्चे है जिसमें 15 साल की बेटी और 10 वर्ष का लड़का है। मामले को लेकर मृतक की माता ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गई। जिससे पुलिस ने आरोपी कृष्णा के खिलाफ धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर लिया। लेकिन गुरुवार शाम तक आरोपी की गिरफ्तारी नही हुई थी। वही मुहल्लेवासियों ने बताया कि मृतक जयप्रकाश रैकवार तीन दिन पूर्व ही अपनी पत्नी, लड़की तथा बेटे को दिल्ली मेहनत मजदूरी के लिए लेकर गया था। लेकिन उसे वहां पर एक गाय ने सींग मारकर घायल कर दिया था जिससे वह पत्नी व बच्चों को दिल्ली में छोड़कर अकेला कदौरा गांव घर लौटकर वापस आ गया था और यह घटना हो गई।

# आर आई माइक्रो प्लान की हुई ट्रेनिंग

नहटौर। आर आई माइक्रोप्लान की ट्रेनिंग बिजनौर से आए एस एम मो डॉ वर्षा कदम व डॉ.जे.पी. सिंह ने दी। प्राप्त समाचार के अनुसार आर आई माइक्रो प्लान की ट्रेनिंग पीएचसी ट्रेनिंग सेंटर में दी गई। एस एम ओ डॉ वर्षा कदम ने बताया की 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों और गर्भवती महिलाओं का हेड काउंट सर्वे होना है। डॉ.जे.पी. सिंह ने बताया कि हेड काउंट सर्वे डोर टू डोर किया जाना है। माइक्रो प्लान सही ढंग से तैयार कर जल्द से जल्द जमा करें। ट्रेनिंग में उपस्थित प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष आर्य, डॉ मोहित कुमार, बीपीएम अमित श्रीवास्तव, आई ओ रविकांत, आशीष डबास, बीसीपीएम राजेश कुमार, राजीव कुमार, नरेश कुमार, डब्लू एच ओ अभिषेक शर्मा, योगेन्द्र कुमार, एएनएम माया दक्ष, दिव्या राजपूत, अंजलि, फरजाना, पूजा, साधना, अलका, लवी, गायत्री, प्रतिभा त्यागी, आदि समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



# नाबालिग लडकी के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को7 वर्ष कठोर कारावास के साथ 15,000 रू0 के अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

औरैया 30मई।जनपद के सहायल थाने में वर्ष 2017 में नाबालिग लडकी से दुष्कर्म करने के संबंध में पॉक्सो एक्ट मेंअमित पुत्र स्व हुकुम सिंह निवासी कंजरन के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। जिसके संबंध में आज न्यायालय के विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम औरैया द्वारा अभियुक्त को 07 वर्ष कठोर कारावास के साथ 15,000 रु0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है । दण्डित कराने में अभियोजन अधिकारी मृदुल मिश्रा विशेष लोक अभियोजक (लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम) व न्याया0 पैरोकार आ0 विनय सिंह का विशेष योगदान रहा।

# मेरा बदनावर मेरा देश, स्वच्छ बदनावर, स्वस्थ बदनावर महोत्सव आयोजन की रुपरेखा तैयार

## सर्व समाज दलगत राजनीती से दूर रह कर करेगा समुचा आयोजन

जिला ब्यूरो धार मो. 9424075866



बदनावर। मेरा बदनावर मेरा देश, स्वच्छ बदनावर, स्वस्थ बदनावर के उदेश्य को लेकर बदनावर विधायक के प्रयासों से क्षेत्र के सभी मतदाताओं के लिए, युवाओं, बच्चों, बुढों, महिलाओं, खिलाडियों, व्यवसायियों, विधार्थियों, किसानों, मजदूरों, प्रतिभाओं, कन्याओं, विधालयों, उत्पादकों, शिक्षाविदों, वेदाचार्यो, कलाकारों, वक्ताओं, सांस्कतिक संस्थाओं, खिलाडियों, गायन कलाकारों, डाक्टरों, लोक कलाकारों, फुटकर व्यापारियों, भारतीय संस्कति, फेशन डिजाइन, टापर बच्चों, सार्वजनिक संस्थाओं के लिए देश के विकास में योगदान देने वाले एवं क्षेत्र के सेवा भावी लोगों के लिए मेरा बदनावर मेरा विकास, मेरा बदनावर मेरा देष के तहत, बदनावर के सर्वागीण विकास के आल एन वन मेले का आनंद महोत्सव मनाए जाने को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रमुख रुप से संदीप शेखावत, आत्माराम जाट, अभिषेक मोदी, देवपालसिंह जादव, मुकेश होती, महेश पाटीदार, जिम्मीबना, सोनू जाट, नितीन सांखला,अर्जुन सालवी , चमनसिह,कृष्णा पंवार, संदीप चंद्रावत, राजेन्द्र जाट, अनुप जैन, जितेद्र जोशी, प्रवीण शर्मा, चिंटू राठौड़,आषिश बोकडिया, दिलीप निनामा, प्रकाश निनामा, मनोहर मकवाना सहीत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

बदनावर के सर्वागीण विकास हेतु आगामी दिनों में विधानसभा स्तरीय आल इन वन महोत्सव का आयोजित करने के प्रस्ताव पर विचार विर्मश किया गया। मेला दलगत राजनीती से दूर रखकर सभी वर्ग के लिए रहेगा। मेरा बदनावर, मेरा देश, स्वच्छ बदनावर, स्वस्थ बदनावर को ध्यान में विधानसभा क्षेत्र की लगभग ढाई लाख लोगों के हितार्थ गतिविधियॉ की जाएगी। बदनावर महोत्सव काफी वृहद स्तर पर होगा।

### गतिविधियॉ महिला, बच्चे, बढे सभी वर्ग के लिए होगी

मेरा बदनावर मेरा देश, मेरा बदनावर मेरा योगदान के तहत क्षेत्र के सभी मतदाताओं के लिए, युवाओं, बच्चों, बुढों, महिलाओं, खिलाडियों, व्यवसायियों, विधार्थियों, खिलाडिया, किसानों, मजदूरों, प्रतिभाओं, कन्याओं, विधालयों, उत्पादकों, शिक्षाविदों, वेदाचार्यो, कलाकारों, वक्ताओं, सांस्कतिक संस्थाओं, गायन कलाकारों, डाक्टरां, लोक कलाकारों, फुटकर व्यापारियों, भारतीस संस्कति, फेशन डिजाइन, टापर बच्चों, सार्वजनिक संस्थाओं के लिए देश के विकास में योगदान देने वाले एवं क्षेत्र के सेवा भावी लोगों के लिए मेरा बदनावर मेरा विकास, मेरा बदनावर मेरा देष के तहत, बदनावर के सर्वागीण विकास के आल एन वन मेले गतिविधियॉ संचालित करने का लक्ष्य रखा गया है। महोत्सव में बडे उधोग से फुटकर व्यापारी, धनवान, निर्धन, अन्न से जल तक, बडे से छोटे सभी वर्ग का विशेष योगदान रहेगा।

बदनावर का गोरव, पदमश्री, पदमभुशण, लोककला, चित्रकला, सुंदर बहुरानी सम्मान, टॉपर बच्चों को मेडल व बदनावर रत्न का सम्मान

मेरी विधानसभा मेरा देश में क्षेत्र के सभी धर्म, समुदाय, जाति, वर्ग के लिए आयोजन किया जाएगा। जिसमें हमारी संस्कृति को कायम रखने हेतु कई प्रकार के कार्यक्रम संचालित होगे। जिसमें बदनावर का गोरव, बदनावर का पदमश्री, बदनावर का पदमभुशण, गायक सम्मान, लोककला सम्मान, फुटकारी व्यापारी सम्मान, चित्रकला सम्मान, श्रेश्ठ वेशभुषा, सुंदर बहुरानी सम्मान, टॉपर बच्चों को मेडल व बदनावर रत्न की उपाधी से सम्मानित किया जाएगा।

### देश के विकास में बदनावर का योगदान

बदनावर महोत्सव में मेरा बदनावर, मेरा देश स्वच्छता एवं स्वास्थ्य, शिक्षा को लेकर भी कई आयोजन होगे। प्रथम कार्यकर्ताओं की बडी फौज तैयार कर देश विकास में योगदान देने वाले बदनावर के प्रत्येक व्यक्ति की उपलब्धीनुसार सम्मान किया जाएगा। इस महोत्सव का प्रमुख उदेश्य बदनावर विधानसभा को राष्ट्रीय स्तर अलग पहचान दिलाना है।

# महिला मोर्चा की बैठक के बाद जीतू पटवारी के खिलाफ प्रदर्शन



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विकास यादव खरगोन जिला ब्यूरो चीफ मो 8719834344

मण्डलेश्वर~ जीतू पटवारी द्वारा पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेत्री इमरती देवी के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी से प्रदेश महिला मोर्चे ने कड़ी नाराजगी दर्ज की है। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश स्तर पर विरोध प्रदर्शन कर रहा है। इस कड़ी में महिला मोर्चा मण्डल मण्डलेश्वर द्वारा भी कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कोषाध्यक्ष जया शर्मा ने भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरिता पाटीदार के साथ मण्डलेश्वर मण्डल महिला मोर्चा की बैठक विधायक भवन मण्डलेश्वर में ली। जिसमे जीतू पटवारी के बयान की कड़ी निंदा की गई बैठक में मोर्चे की प्रदेश प्रतिनिधि मंजुला मेवाड़े, लोकसभा चुनाव में जिला प्रभारी अंजना पटेल, धनलक्ष्मी शर्मा की मौजूदगी रही। विधायक भवन की बैठक के बाद महिला मोर्चा की सदस्यों ने हाथ मे काले झंडे लेकर जीतू पटवारी के खिलाफ नारेबाजी कर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष जया शर्मा ने कहा कि भाजपा ने हमेशा महिलाओं का सम्मान किया है और उनके विकास के लिए काम किए है। जबकि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं को अपमानित किया है कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेत्री इमरती देवी के खिलाफ जो अभद्र टिप्पणी की है। उसका महिला मोर्चा कड़ा विरोध करती है। मैं कांग्रेस की सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी से कहना चाहती हूँ कि वो जीतू पटवारी के बारे में निर्णय ले। मोर्चा की जिलाध्यक्ष सरिता पाटीदार ने भी जीतू पटवारी के बयान की कड़ी निंदा करते हुए कांग्रेस को महिला विरोधी दल बताते हुए कहा कि कांग्रेस ने महिलाओं के हित में कभी कोई निर्णय नही लिया नही कोई योजना महिलाओं के कल्याण की बनाई है। इस अवसर पर महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष जया वर्मा ने सभी महिलाओं का आभार व्यक्त किया।

# भगवान के रसपान उत्सव के साथ जानकी नवमी की रूपरेखा को लेकर वैदेही महिला मंडल की बैठक संपन्न

## महिलाओं ने ली मतदान करने संबंधी शपथ

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विकास यादव खरगोन जिला ब्यूरो चीफ

मंडलेश्वर~ बुधवार को नगर की प्राचीनतम जूना श्रीराम मंदिर में वैदेही महिला मंडल द्वारा भगवान का रसपान उत्सव मनाया गया। ग्रीष्म ऋतु की भीषण गर्मी से भगवान को राहत देने के उद्देश्य से उक्त उत्सव आयोजित किया गया। उपस्थित वैदेही सखियों ने भगवान को रसपान करवाने के उपरांत सामूहिक बर्फ के गोले का रसपान उत्सव के अंतर्गत आनंद लिया। मंदिर के संचालक पंकज मेहता ने जानकारी देते हुए बताया की मंदिर के सभी आयोजन अयोध्या के कनक भवन सरकार द्वारा आयोजित आयोजनों पर आधारित होते है। प्रतिवर्ष ग्रीष्म ऋतु में आयोजित होने वाला रसपान उत्सव भी उन्ही आयोजनों में से एक है। इस उत्सव के उपरांत मंदिर की मुख्य संस्था श्री श्री सीता राम सेवा संकल्प संस्थानम की सहायक संस्था वैदेही महिला मंडल की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में वैदेही सखियों ने मई माह की 17 तारीख को आयोजित होने वाली जानकी नवमी की रूपरेखा बनाई। मेहता ने आगे बताया की जानकी नवमी के अवसर पर माता जानकी का जन्मोत्सव मनाया जायेगा। इस दिन खेती में उपयोग होने वाले हल की विशेष पूजा का प्रावधान होता है।



वैदेही सखियों ने ली मतदान की शपथ : बैठक के समापन के उपरांत उपस्थित वैदेही सखियों ने लोकतंत्र के महापर्व में अपने अमूल्य मतदान का संकल्प भी लिया। वैदेही सखी रीटा जोशी ने जानकारी देते हुए बताया की उपस्थित लगभग 50 से अधिक सखियों ने मतदान का संकल्प लिया।

# श्रमिक दिवस सप्ताह के तहत रोहणी में श्रमिकों को जागरूकता शिविर के माध्यम से दी अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी

## *श्रमिक दिवस मनाने का उद्देश्य श्रमिकों का सम्मान करना,एवं अधिकारों के प्रति जागरूक करना है

इंदौर संभाग ब्यूरो- राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खंडवा की अध्यक्ष एवम प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश माननीय मैडम ममता जैन,सचिव एवम माननीय जिला न्यायधीश यशवंत मालवीय के मार्गदर्शन में तथा विधिक सहायता अधिकारी मैडम अनुपमा मुजाल्दे के सहयोग से श्रमिक दिवस सप्ताह के तहत शुक्रवार 3 मई 2024 को श्रमिको के लिए विशेष विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इसमें पैरालीगल वालंटियर नारायण फरकले ने असंगठित मजदूरों के लिए बने श्रम कानूनों, ओर उनके कल्याण के लिए बनी योजनाओं और प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि दुर्घटना का शिकार होने या घायल होने पर मिलने वाली सहायता के बारे में बताया गया।मनरेगा मजदूरो और निर्माण मजदूरों के लिए प्रावधानों की जानकारी भी दी गई।विधिक सेवा प्राधिकरण की निशुल्क विधिक सलाह सहायता योजनाओं संबंधित पंपलेट वितरण किये गये। फरकले ने श्रमिक दिवस मनाने का उद्देश्य श्रमिकों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना,उनका सम्मान करना ओर उनके कल्याण हेतु बनी योजनाओं आदि की जानकारी उन्हे देना है। श्रमिक दिवस के अवसर पर मनरेगा योजना अंतर्गत चल रहे ग्राम पंचायत रोहणी में तालाब निर्माण कार्य पर उपस्थित सरपंच प्रतिनिधि लवकुश चौहान रोजगार सहायक महेंद्र मंडलोई, बच्चू पटेल,देवेसिह,नंदराम, जयपाल, पार्वती बाई,भूरी बाई, आरती, संगीता, सावित्री,आदि सहित 120 महिला मजदूर एवं 80 पुरुष मजदूर उपस्थित थे।

# भिण्ड-लोकसभा चुनाव नजदीक आते आते सभी दलों ने अपनी अपनी एड़ी चोटी का जोर लगाना शुरू कर दिया है

भिण्ड में आज भाजपा नेता केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भिण्ड के मेहगांव विधानसभा के गोरमी में भाजपा प्रत्याशी संध्या राय के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यहाँ के लोगों से मेरा राजनीतिक रिश्ता नही है यहाँ के लोगों से मेरा पारिवारिक तथा खून का रिश्ता है ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भाजपा प्रत्याशी संध्या राय के समर्थन में वोट मांगते हुए कहा कि संध्या राय को आपने पिछली बार आशीर्वाद दिया था अब फिर यह आपके आशीर्वाद के अपेक्षा में है आप सब संध्या राय को आशीर्वाद देंगे तो यहाँ तो भाजपा मजबूत होगी ही बल्कि नरेंद्र मोदी जी के हाथ मजबूत होंगे,ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भाजपा के भिण्ड में किए गए विकास कार्यो का भी जिक्र किया उन्होंने मेहगांव में भाजपा सरकार में बनाये गए स्कूल,हॉस्पिटल तथा अन्य विकास कार्य गिनाए वहीं उन्होंने कहा कि आप लोग देश की मजबूती के लिए अबकी बार वोट करें भाजपा को वोट करने से आपका देश दुनिया में एक अलग पहिचान बना चुका है।

# उड़ान 24 के तहत हिंडालको महान में पैन हिंडालको बैडमिंटन टूर्नामेंट का हुआ जोशभरा समापन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला



सिंगरौली/- हिंडालको महान की धरती पर जोश से भरा हुआ पैन हिंडालको बैडमिंटन लीग का समापन हो गया, इस लीग में हिंडालको के मेटल इंडस्ट्री के सभी जोन से 75 से अधिक बैडमिंटन खिलाड़ी शामिल हुये,और यहां 175 से अधिक मैच खेले गये। टूर्नामेंटो में सिंगल मेन्स, सिंगल विमेन,मिक्स डबल मेंस व विमेन हर श्रेणी में मैच खेले गये, इस टूर्नामेंट में हिंडालको रेणुकूट का बोलबाला रहा ,हिंडालको रेनुकूट यूनिट से ज्यादा खिलाड़ियों ने मैच जीते,वही आदित्य बिरला कापर दहेज यूनिट के खिलाड़ियों ने भी बेहतर प्रदर्शन दिखाया,वही हिंडालको महान यूनिट भी एक फाइनल मैच जीताने में काजल सफल रही,वही फाइनल मैच में विजेता का खिताब विकिता और सौम्या रेनुकूट यूनिट से,काजल महान यूनिट से आदित्य तगाड़ी व निधि परमार दहेज यूनिट से व नीतीश और रितिक रेनुकूट के नाम रहा। टूर्नामेंट का सफल आयोजन में हिंडालको महान ने कोई कसर नहीं छोड़ी,बेहतरीन अंतरराष्ट्रीय स्तर की मेहमान नवाजी का प्रदर्शन करते हुये हिंडालको महान ने खिलाड़ियों का दिल जीत लिया।जिसमे हिंडालको महान के खेल समिति के साथ साथ अन्य विभागध्यक्षो का अहम योगदान रहा।फाइनल मुकाबले के समापन में हिंडालको रेनुकूट के क्लस्टर सी.ओ.ओ.एन. नागेश व हिंडालको रेनुकूट के क्लस्टर मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह ने आयोजन समिति की प्रशंसा की। अपने उदबोधन में कलस्टर सी.ओ.ओ.एन. नागेश ने कहा कि इस तरह के खेल के आयोजन का मकसद पैन हिण्डाल्को के कर्मचारियों को एक दूसरे से मेल जोल मौक़ा दिलाना है, सभी खिलाड़ियों ने जबरदस्त खेल प्रतिभा के साथ ही, खेल भावना का परिचय दिया है, यह जानकर बड़ी खुशी हुई कि इन मैचों में अलग-अलग आयु वर्गों के बावजूद खिलाड़ियों के जोश में कोई अंतर नजर नही आया। सभी खिलाड़ियों का जोश वाकई में देखने लायक है , रेनुकूट मानव संसाधन क्लस्टर हेड जसबीर सिंह ने कहा कि जीवन में जितना जरूरी काम है ,उतना ही महत्वपूर्ण खेल भी है। आप अपने जीवन में कोई भी खेल खेलें उसे तन्मयता के साथ खेलें,क्योंकि खेल एक ऐसी विधा है जिसके जरिये आप जीवन मे तनावमुक्त रहने के साथ ही खुद को स्वस्थ्य भी रख सकते हैं। साथ ही उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी,साथ ही इस अवसर पर बैडमिंटन खिलाड़ियों का मनोबल भी बढ़ाया। कार्यक्रम में रेनुसागर के यूनिट हेड आर.पी.सिंह ने कहा कि पैन हिंडालको के शामिल खिलाड़ी व महान यूनिट द्वारा आयोजित इस बैडमिंटन प्रतियोगिता से हमारे कर्मचारी तनावमुक्त रहेंगे, और वह एक नई ऊर्जा के साथ काम करेंगे।कार्यक्रम की मेजबानी कर रहे हिंडालको महान के यूनिट हेड एस.सेंथिल नाथ ने कहा कि आज हमारे पैन हिंडालको में विभिन्न विधाओं के बेहतरीन खिलाड़ी मौजूद हैं,जो आगे चल के विश्व पटल पर भी हिंडालको का नाम रोशन कर सकते हैं।हिंडालको महान के मानव संसाधन प्रमुख डाक्टर विवेकानंद मिश्रा ने कहा कि हिंडालको अच्छे मेटल के उत्पादन के साथ-साथ बेहतरीन प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्लेटफार्म देने के लिये भी जाना जाता है,जो लोगो को बेहतर काम के साथ साथ खेल के लिए खुशनुमा अवसर देने काम किया है। जो उड़ान 24 का प्रमुख लक्ष्य है। विजेता खिलाड़ी को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्लस्टर सी.ओ.ओ.एन.नागेश व क्लस्टर मानव संसाधन हेड जसबीर सिंह,हिंडालको महान के यूनिट हेड एस.सेंथिल नाथ,रेनुसागर के यूनिट हेड आर.पी.सिंह, हिंडालको महान के मानव संसाधन प्रमुख डॉक्टर विवेकानंद मिश्रा,हिंडालको रेनुसागर के मानव संसाधन प्रमुख शैलेन्द्र सिंह ने विजयी खिलाड़ियों को विजयी ट्रॉफी प्रदान की,पुरुस्कार वितरण व खेल के सफल आयोजन मे स्मेल्टर हेड एस.शशिकुमार, खेल समिति अध्यक्ष पी.के बोष,विपुल प्रकाश सिंह पवित्र बेहरा,अनुराग गौरव व अभिषेक शर्मा का विशेष योगदान रहा।

# कंडोई कंपनी के मनमानी के कारण, निगाही खदान में बन रहा विवाद का कारण

## बेरोजगारों के साथ हो रहा दगाबाजी, जिला प्रशासन के लिए चुनौती

सिंगरौली/- निगाही परियोजना अंतर्गत सिक्कल कंपनी ओबी हटाने का काम ली हुई है अपने काम को पेटी कॉन्टैक्टर कंडोई कंपनी को दे दिया है। निगाही परियोजना अंतर्गत विस्थापित और प्रभावित लोगों को रोजगार देने की बात जिला प्रशासन ने कहा है वही डीबीएल सहित अन्य बेरोजगारों को भी कंपनी में रोजगार देने की बात किया जा रहा है लेकिन कंडोई कंपनी की मनमानी के कारण ना तो डीबीएल कंपनी के लोगों को रखा जा रहा है ना ही विस्थापित व प्रभावित लोगों को सूत्र बताते हैं कि कंपनी में काम कर रहे रंजीत सिंह ,अरुण सोनी, की मिली भगत से दलालों को कोटा देकर बेरोजगारों से मोटी रकम वसूली किया जा रहा है । ड्राइवर की भर्ती के लिए 80000 से 100000 लिया जा रहा है वही हेल्पर वर्कर से 2 लाख से 2.50लाख रुपए तक लिया जा रहा है । जिसके कारण डीबीएल एवं स्थानीय विस्थापित प्रभावित एवं डीबीएल के लोगों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है एनसीएल परियोजना के अधिकारी भी अपनी काली कमाई करने के लिए अधिकारियों के इशारे पर कार्य कर रहे हैं जिला प्रशासन भले ही स्थानीय लोगों को 70त्न रोजगार देने की बात कर रहा हो लेकिन कंपनी अपने मनमानी के कारण जिला कलेक्टर सहित जिला प्रशासन को खुलेआम चुनौती देते हुए कंपनी के अंदर दलाली एवं नेतागिरी का माहौल तैयार किया है जिससे लोग आपस में लड़ते रहे और दलालों के माध्यम से पैसा देने वालों को रोजगार दिया जा सके।सवाल है कि क्या स्थानीय लोगों को रोजगार मिल पाएगा या नही क्योकिं आए दिन बेरोजगार युवा नशे के गिरफ्त में ,अपराध में, शामिल हो रहे हैं पढ़े-लिखे युवा भी बेरोजगार घूमने को मजबूर है कई बेरोजगार युवा तो अपनी भविष्य को लेकर अपने जीवन लीला भी समाप्त कर लिए हैं लेकिन जिला प्रशासन और कंपनी प्रबंधक की मनमानी के कारण लोग अब परेशान हो चुके हैं अगर समय रहते यह व्यवस्था नहीं सुधरी तो कोई बड़ी घटना दुर्घटना घट सकती है जिसमें जान माल की भी खतरा होने की संभावना है। जानकारी के मुताबिक कंडोई कंपनी का अरुण सोनी इसी कारण इसके पहले मार खा चुका है अगर रंजीत सिंह, अरुण सोनी में सुधार नहीं हुआ तो इन्हें भी विवादों से गुजरना पड़ेगा ऐसा माहौल बनाया जा रहा है।



# मंदसौर पुलिस, थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा व्यापारी के साथ विश्वातघात करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में मिली सफलता, विश्वासघात कर प्राप्त किया माल, तेल के डिब्बे बरामद

सत्यनारायण बैरागी पत्रकार भानपुरा 9074859572



पुलिस अधीक्षक मंदसौर श्री अनुराग सुजानिया के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंदसौर श्री गौतम सोलंकी व नगर पुलिस अधीक्षक मंदसौर श्री सतनाम सिंह के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा दिनांक 30-04-24 को फरियादी के साथ विश्वासघात कर प्राप्त कर 02 दर्जन फार्चन के तेल के डिब्बे किमती 43200 रुपये व पीकअप को जप्त करने में सफलता प्राप्त की है।

घटना का संक्षिप्त विवरण


घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 01-05-24 को फरियादी जगदीश पिता जयगोपाल बाधवा नि भानपुरा हामु जगतपुरा मदंसोर ने पीकअप थाना सिटी कोतवाली मंदसौर पर आकर रिपोर्ट लेख कराई की उसने दिनांक 30-4-24 को अपने दुकान से 100 फॉर्च्यून तेल के डिब्बे, कोल्ड ड्रिंक की 200 पेटी व 6 कुलर मंदसौर से भानपुरा के लिए लोड कर आए थे उक्त पिकअप का ड्राइवर हेमंत उर्फ सुमित लोहार था जो भानपुरा पहुंचने पर जानकारी मिली कि उक्त वाहन में 24 तेल के डिब्बे जिनकी कीमत 43200 थी जो कम मात्रा में पाए गए। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली पर अपराध क्रमांक 223/24 धारा 407 भारतीय दंड विधान का दर्ज किया जाकर अनुसंधान में लिया गया। अनुसंधान के दौरान वाहन चालक हेमंत उर्फ सुमित लोहार पिता जगदीश लोहार उम्र 20 साल निवासी ग्राम कुणी थाना हतुनिया जिला प्रतापगढ़ राजस्थान से घटना के संबंध में पूछताछ करने पर पहले आरोपी द्वारा इधर-उधर की बात कर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की गई। पश्चात मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा बताया गया कि उसके द्वारा 24 तेल के डिब्बो को स्वयं प्राप्त करने की नीयत से फरियादी के साथ विश्वास घात कर घटना में प्रयुक्त तेल को डिब्बो को अन्यत्र स्थान पर छिपा दिया था जिन्हें पुलिस ने बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। कार्यवाही में प्रयोग किए गए चार पहिया वाहन पीकअप को भी पुलिस ने जप्त करने में सफलता प्राप्त की है।

गिर आरोपी के नाम 01. हेमंत उर्फ सुमित लोहार पिता जगदीश लोहार उम्र 20 साल निवासी ग्राम कुणी थाना हतुनिया जिला प्रतापगढ़ राजस्थान

पुलिस टीमः- उक्त कार्यवाही में निरीक्षक श्री पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ थाना प्रभारी कोतवाली, प्रआर 402 कमलेश भदोरिया, प्रआर 121 अर्जुन सिह, प्रआर 139 मनोहर मसानिया, आर 463 हरीश राठोर, आर 861 नरेन्द्र, आर 312 सुधीर राठोर, आर 751 योगेश साहू, आर 586 राकेश मईडा की सराहनीय भूमिका रही।

# आबकारी और पुलिस ने पांच लाख रुपये का महुआ-लहान और हाथभट्टी मदिरा जब्त कर नष्ट की

ओमप्रकाश परमार



देवास। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के मद्देनजर आबकारी और पुलिस विभाग ने हाथभट्टी मदिरा और महुआ-लहान के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। वृत बागली %ब% में आबकारी और पुलिस चौकी नेवरी की संयुक्त टीम ने धानी घाटी कंजर डेरा में दबीश दी। जिसमें हाथभट्टी मदिरा एवं महुआ-लहान भारी मात्रा में बरामद हुआ। जब्त सामग्री को मौके पर विधिवत नष्ट किया गया। आबकारी अधिकारी प्रेमनारायण यादव ने बताया कि कलेक्टर देवास ऋषव गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के निर्देशन में एवं जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती मंदाकिनी दीक्षित के मार्गदर्शन में एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी बालकृष्ण वर्मा व कमलसिंह सिकरवार के नेतृत्व में वृत्त बागली %ब% में आबकारी और पुलिस चौकी नेवरी की संयुक्त टीम ने धानी घाटी कंजर डेरा में दबीश दी। जिसमें हाथ भट्टी मदिरा एवं महुआ लहान भारी मात्रा में बरामद हुआ। लहान को मौके पर विधिवत नष्ट किया गया, कार्यवाही में कुल 150 लीटर हाथभट्टी मदिरा और 5000 किलो ग्राम महुआ लाहन बरामद हुआ। कार्रवाई में कुल 5 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए। जप्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 5 लाख 30 हजार रूपए है।कार्रवाई में पुलिस उपनिरीक्षक मयंक वर्मा, आबकारी उपनिरीक्षक निधि शर्मा, राजकुमारी मंडलोई, प्रेमनारायण यादव, डी.पी सिंह, विजय कुचेरिया, दिनेश भार्गव, आबकारी मुख्य आरक्षक राजाराम रैकवार, दीपक धुरिया, आबकारी आरक्षक बालकृष्ण जायसवाल, राजेश जोशी, नितिन सोनी, अरविंद जिनवाल भगत सिंह परते, निकिता परमार, सैनिक किशोर, अनिल चौहान एवं चौकी स्टाफ सम्मिलित रहे। इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# अवकाश स्वीकृति तथा मुख्यालय छोड़ने के संबंध में कलेक्टर द्वारा जारी किया गया निर्देश

सिंगरौली/- कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला में सज्ञान में यह बात आई है कि प्रायः यह देखा जा रहा है कि जिला अधिकारी एवं उनका अधीनस्थ अमला बिना किसी सूचना के मुख्यालय से बाहर प्रस्थान कर जाते हैं जो आपत्तिजनक है तथा अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 7 के तहत, बिना अवकाश (आकस्मिक अथवा अन्य) स्वीकृत कराये मुख्यालय से बाहर प्रस्थान करना, अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। जिसे दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर श्री शुक्ला के द्वारा समस्त जिला अधिकारियों तथा उनके अधीनस्थ अमला को निर्देश दिये गये है कि बिना अवकाश स्वीकृत कराये तथा बिना पूर्व सूचना दिए यदि मुख्यालय छोड़ते हैं तो अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

# वक्त के समरथ सन्त जीवात्मा पर चढ़े और दुनिया के- दोनों बंधनों से मुक्त करा देते हैं - जयगुरुदेव बाबा उमाकान्त जी महाराज

## महाराज जी ने समझाया राजा जनक विदेही क्यों कहलाए




उज्जैन (म.प्र.)इस समय के युगपुरुष, पूरे समरथ सन्त सतगुरु, दुःखहर्ता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि जो इस धरती पर वक्त के समरथ सन्त होते हैं, वह दोनों काम करते हैं। बंधन को काट करके मुक्त करा दिया करते हैं। यह जो दुनिया का जगत का बंधन है, यह मोटा बंधन कहा गया है। इसको भी कटवा देते हैं और लिंग शरीर, सुक्ष्म शरीर, कारण शरीर वाला झीना सूक्ष्म बंधन कहलाता है उससे भी मुक्त करवा देते हैं। मोटे बंधन जगत के, गुरु भक्ति से काट, झीने बंधन चित के, कटे नाम प्रताप। मोटे जब तक जाए नहीं, झीने कैसे जाए, याते सबको चाहिए, नित गुरु भक्ति कमाये।। यह दोनों बंधन तब कटेंगे जब गुरु भक्ति करोगे। गुरु के आदेश के पालन को गुरु भक्ति कहते हैं।

### राजा जनक विदेही क्यों कहलाए

राजा जनक विदेही कहलाए थे क्योंकि शरीर में रहते-रहते आत्मा को निकाल लेते थे। और शरीर में कोई जान नहीं रह जाती थी। जब शरीर में जान रहती है तभी आदमी को बोध रहता है, कुछ सोचता, विचारता, देखता, सुनता, करता है। और जब आत्मा निकल जाएगी तो यह मन भी उसके साथ जाता है। तब इधर का कोई होश नहीं रहता है। आदमी कुछ चिंतन, सोचता विचारता नहीं है।

### दाता मनुष्य शरीर में होते हैं

एक समय ऐसा था कि हमारे पास कुछ नहीं था, जब मैं वहां से (पुराने आश्रम से) सब छोड़ करके चला आया। किसी भी चीज का मोह नहीं किया। हमने कहा, जिसका हाथ पकड़े हैं, वह हमको देंगे। दाता एक राम, भिखारी सारी दुनिया। कहा गया है- धरनी जहलो देखिए, तहलो सबय भिखार, दाता केवल सतगुरु, देत न माने हार। देने वाले तो जो परम पिता परमात्मा के अंश होते हैं, ताकत होते है, इस धरती पर मनुष्य शरीर में होते हैं, देने वाले तो वो होते हैं। तो हम इसका क्या करें, छोड़ो इसको (जमीन-जायदाद), गुरु का काम करना है। तो निकाल करके यहां (उज्जैन) आ गया। तो यह सब जमीन खरीदी गई। तो यह सब आपके सहयोग से हुआ। आपने गुरु के निमित जो निकाला, वह हुआ। लेकिन किया किसके लिए? अपने लिए नहीं किया। मेरे कोई लड़का बच्चा पत्नी घर दुकान कल-कारखाना कुछ नहीं। जो कुछ किया सब आपके लिये किया। सन्त न भूखा तेरे धन का, उनके तो धन है नाम रतन का, पर तेरे धन से कुछ काम करावें, भूखे दुखे को खिलवावे। भंडारे सब जगह चल रहे हैं। धार्मिक स्थानों पर भंडारे चल रहे हैं। किसी भी आश्रम पर कोई चला जाए, अब तो बहुत सारे आश्रम बन गए, बहुत सी जमीनें हो गई, बन भी गया। ध्यान भजन भी लोग करते हैं। जितने भी भंडारे चल रहे हैं आश्रमों पर, कोई भी आवे-जावे, खाए-पिए। आप सोचो आप यहाँ स्थानीय हो और जगन्नाथपुरी ओडिशा, सोमनाथ गुजरात, महाराष्ट्र, केदारनाथ उत्तराखंड आदि में भंडारे चल रहे हैं। और खर्चा कहां से हो रहा है? जो आपने झोली गोलक में डाला, वहां से हो रहा है। तो आप यहां के रहने वाले हो, अपने यहां डाला, खर्चा वहां हो रहा है और वहां आने-जाने वाले खा रहे हैं। कोई महाराष्ट्र का जा रहा है केदारनाथ में खा रहा है, कोई गुजरात का जा रहा है, कोई अमेरिका का जा रहा है, विदेश का आया है, वह घूमने जा रहा है, वह खा रहा है। तो लेना-देना अदा हो रहा है। भूखे-दुखे खा रहे हैं। अरबपति करोड़पति कोई हो और रात को वहां पहुंचे और होटल बंद हो गई तो असहाय हो गया कि कहां खाएं। या तो पानी पीकर के सो जाए नहीं तो अपना भंडारा खुला हुआ है, कोई भी कभी भी आवे, 24 घंटे, भूखा है, कुछ न कुछ मिल जाएगा खाने को। कुछ न कुछ बचा कर देर रात तक रखते ही है। नहीं होगा तो ऐसा सेवा भाव है कि रात को भी हमारे प्रेमी बनाकर खिला देते हैं, अगर भूखे हैं, लोग आ गए तो। रात 2 बजे कोई भंडारे में आ जाए, भूखा है, भंडारी सो गए तो कौन खिलाएगा? वह पहरा लगाने वाले जो रोटी साग-सब्जी उनके पास रख देते हैं कि कोई भूखा-दूखा आ जाए तो खिला देना। भंडारी रखने की आदत बना दिए हैं। मान लो जवान आदमी पहरा लगा रहा है। जवानों को भूख ज्यादा लगती है। जवानों को तो घंटा पीछे दो रोटी, छोटी हो पर हो मोटी,???

चाहिए ही चाहिए। अब खाएगा नहीं तो करेगा क्या। भूख लगेगी तो कोई काम हो पाएगा। चाहे पहरा वाले खा ले, चाहे कोई आवे वो खा ले, यह सब भूखे-दुखे को खिला देते हैं। सन्त धन के भूखे नहीं होते हैं। तन के भी भूखे नहीं होते हैं। क्योंकि महापुरुषों का काम संकल्प मात्र से हो जाता है।

# पटवारी प्रतिदिन लोगों से चर्चा कर राजस्व समस्या का समाधान करें : कलेक्टर



सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर मो.7509091263

### लंबित आधार लिंकिंग और ई-केवायसी से 10 दिवस में कराने के निर्देश

### *कलेक्टर ने आदेशों के तत्काल अमल करने के दिए निर्देश------

राजस्व से संबंधित समस्त कार्यों एवं सेवाओं के संबंध में शुक्रवार को छतरपुर शहर के ऑडिटोरियम में पटवारियों की जिला स्तरीय कार्यशाला कलेक्टर संदीप जी.आर. की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर कॉजोल सिंह, डिप्टी कलेक्टर जी.एस. पटेल, एसएलआर आदित्य सौनकिया, एसडीएम अखिल राठौर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री जी.आर. ने पटवारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व संबंधित सभी रिकॉर्ड सुदृढ़ रखें और कानूनी रूप से राजस्व संबंधी नियमों की जानकारी रखें। उन्होंने कहा समय निर्धारित कर प्रतिदिन ग्रामों में सेवारूपी भाव के साथ लोगों से चर्चा कर उनकी समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा लंबित आधार लिंकिंग और ई-केवायसी को अगले 10 दिवस में अभियान के रूप में कराएं। उन्होंने कहा कि अगर कोई ऐसी समस्या है जिसका निराकरण एसडीएम या तहसीलदार स्तर से नहीं हो रहा तो मुझे अवगत कराएं। कलेक्टर श्री जी.आर. ने निर्देशित करते हुए कहा जो आदेश हो जाते हैं उनका अमल तत्काल हो। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि आदेशों की कॉपी पटवारियों को त्वरित रूप से भेंजे। उन्होंने कहा अमल के लिए लंबित आदेशों के लिए कैम्प लगाकर निपटाएं। साथ ही पटवारियों के कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा करें। कलेक्टर श्री जी.आर. ने कहा तहसील में जैसे ही कोई नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन का आवेदन आता है उनकी जानकारी पटवारियों को तत्काल मिले। जिससे निराकरण में जल्दी हो सके। कलेक्टर ने टीएसएम मशीन के संचालन के संबंध में पटवारियों को टेनिंग देने के निर्देश दिए। साथ ही सीखने के लिए रिकॉर्डिड वीडियो उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि जिन ग्रामों के नक्शों में सुधार होना है तो एसएलआर के माध्यम से त्वरित रूप से कराएं। कलेक्टर श्री जी.आर. ने पटवारियों से चर्चा करते हुए राजस्व संबंधित कार्य को सरल ढंग से करने टिप्स भी दिए।

## पुलिस थाना रामपुर बाघेलान मे हुई अंधीहत्या का फरार चौथा आरोपी गिरफ्तार

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह

दिनांक 01.05.2024 को कटरा नदी के किनारे ग्राम कटरा थाना रामपुर बाघेलान जिला सतना में मृतक अंजनी कोल पिता रविकरण कोल उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम पड़रिया कला थाना रामपुर बाघेलान की हत्या करने वाले तीन आरोपी (01)छोहन प्रजापति पिता साधूलाल प्रजापति उम्र 55 साल (02)शोभनाथ प्रजापति पिता रामखेलावन प्रजापति उम्र 30 वर्ष (03 )महेन्द्र प्रजापति पिता रामखेलावन प्रजापति उम्र 24 वर्ष सभी निवासी कटरा थाना रामपुर बाघेलान जिला सतना (म.प्र.) को दिनांक 02.05.24 को गिरफ्तार किया जा चुका था तथा चौथा आरोपी विष्णु प्रजापति पिता लाला प्रजापति उम्र 25 वर्ष निवासी कटरा थाना रामपुर बाघेलान घटना के समय से फरार था जिसकी पता - तलाश की जा रही थी, मुखबिर की सूचना एवं लोकेशन के आधार पर आरोपी रायगढ़ (छत्तीसगढ़) में दिनांक 02.05.24 की दरमियानी रात्रि दस्तयाब हुआ जिसे पुलिस अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया दौरान पूछताछ आरोपी द्वारा अपराध घटित करना कबूल किया जिसे दिनांक 03.05.2024 को गिरफ्तार किया गया है



### सराहनीय कार्य में योगदान

फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी थाना रामपुर बाघेलान निरी उमेश प्रताप सिंह, उप निरी शुभाष चन्द्र वर्मा, सउनि सुरेन्द्र कुमार, प्र.आर. संजय त्रिपाठी, आरक्षक प्रवीण तिवारी, आदि की सराहनीय भूमिका रही है ।

सायवर टीम सतना ङ्क निरीक्षक विजय सिंह बघेल, उप निरी अजीत सिंह , सउनि दीपेश पटेल, सराहनीय भूमिका रही है ।

## भारतीय किसान संघ कन्नौद द्वारा कृषि मंत्री को ज्ञापन सोफा

लोकेशन कन्नौद

शुक्रवार भारतीय किसान संघ तहसील कन्नौद द्वारा ग्राम ननासा में मध्य प्रदेश शासन के कृषि मंत्री ऐँदल सिह कंसाना को क्षेत्र में खेत सिंचाई से वंचित गांव के लिए पानी की व्यवस्था को लेकर ज्ञापन सोपा, ज्ञापन में मांग करी की कन्नौद तहसील के लगभग 90 गांव के किसानों के पास सिंचाई के पर्याप्त साधन नही होने के कारण उनको खेती में आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है, इस क्षेत्र में कुवै एवं ट्यूबवेल में पर्याप्त पानी नहीं है और यहां का वाटर लेवल भी बहुत नीचे 800 से लेकर 1000 फीट के आसपास चला गया है जिससे किसान पर्याप्त सिंचाई नहीं कर पाता ,और हमारे आसपास की लगी हुई तहसीलों में लिफ्ट इरीगेशन के माध्यम से योजना मंजूर हो गई है लेकिन हमारी तहसील में अभी तक ध्यान नहीं दिया गया है ,भारतीय किसान संघ पिछले कई समय से समय-समय पर शासन प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से अवगत करता रहता है इसलिए आप नई योजना बनाकर क्षेत्र के किसानों को नई सौगात देवें, इस अवसर पर तहसील मंत्री गजेंद्र सिंह सिसोदिया, तहसील उपाध्यक्ष लाखन सिंह राठौड़, युवा किसान वाहिनी संयोजक हरिओम मंडलोई, सरपंच रोहित तिवारी, रामदीन पटेल, सुनील सादजी, जगदीश मंडलोई, चंद्रकांत पटेल, सुनील पटेल ,सहीत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे,



## 8 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

आलोट 8 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी को आलोट पुलिस ने किया गिरफ्तार। जानकारी के अनुसार आलोट थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह गडरिया ने बताया कि धारा 294,506 में आठ वर्ष से फरार स्थाई वारंटी मुनिया उर्फ मनोहर पिता परेशराम निवासी प्रमिला गंज आलोट को मुखबिर की सूचना पर उज्जैन से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया।स्थाई वारंटी को पकड़ने में उपनिरीक्षक कैलाश मीणा की विशेष भूमिका रही।

# नियम विरुद्ध खोदी गई खदान में हो सकती है बड़ी घटना

*दैनिक केसरिया हिंदुस्तान *रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह*

मऊगंज जिले के ग्राम हर्रहा में अवैध रूप से दर्जनों संचालित खदानें एवं केसर से प्रदूषण प्रभावित हो रहा है वहीं स्थानीय निवासियों के लिए मुसीबत बना हुआ है क्रेसर एवं खदान संचालन के पहले क्षेत्र में निवास कर रहे निवासियों के लिए पुरानी सड़क बनाई गई थी किंतु अवैध एवं नियम के विपरित संचालित खदानों के माफियाओं द्वारा महज 10 फीट की सड़क चलने के लिए छोड़ी है सड़क के दोनों तरफ हजारों फीट की गहरी खाई बना दी गई जबकि सड़क से कम से कम 250 मीटर दूरी पर खदान संचालित करने के लिए नियमावली है इन माफियाओं द्वारा महज 10 मीटर पर ही खदान खोद दी गई है आए दिन जानवरों की दुर्घटनाएं होती रहती है अवैध रूप से संचालित खदान से जहां स्वास्थ्य पर सीधा असर पड़ रहा वहीं तमाम शिकायतों के बावजूद खनिज विभाग की भ्रष्ट व्यवस्था से इन अवैध रूप से संचालित खदान माफियाओं से पूरा क्षेत्र प्रदूषण



एवं दुर्घटना का क्षेत्र बना हुआ है हाल ही में महामृत्युंजय इंटरप्राइजेज कंपनी द्वारा भूमि नंबर 8/3/2,8/5/2 पर नियम विरुद्ध हजारों फीट गहरी खाई खोदी गई जिसके कारण आवागमन पूरी तरह प्रभावित है और प्रदूषण को भी नुकसान किया जा रहा कुछ दिन पहले कई जानवरों की गिरकर मौत हुई थी सीतापुर पिपराही मार्ग पूरी तरह बंद होने की स्थिति में है खदान के चारों तरफ ना कोई बैरिकेड है और ना कोई दुर्घटना रोकने के सांकेतिक चिन्ह महामृत्युंजय इंटरप्राइजेज द्वारा नियम विरुद्ध सड़क के दोनों तरफ हजारों फिट गहरी खाई खोदी गई है इस संबंध में सरपंच एवं ग्राम पंचायत निवासियों द्वारा जिला प्रशासन एवं खनिज विभाग को लिखित सूचना दी जा चुकी है किंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई

### *शिकायत का नहीं होता असर*

कई बार खनिज विभाग एवं कलेक्टर मऊगंज को ग्रामीणों के साथ-साथ ग्राम पंचायत हर्रहा के सरपंच द्वारा प्रदूषण एवं दुर्घटनाएं रोकने के लिए आवेदन दिए गए आवेदन में बताया गया की नियम विरुद्ध खदानों के संचालन से कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी है सड़क का अस्तित्व खतरे में है आम राहगीरों के लिए आवागमन प्रभावित है खनिज माफियाओं द्वारा खनिज विभाग के अधिकारियों के मिली भगत से कोई कार्रवाई नहीं की जाती रीवा जिले में बैठे खनिज विभाग के वरिष्ठ अधिकारी इन माफियाओं के साथ अपनी साझेदारी सुनिश्चित कर लेते हैं किंतु वह दिन दूर नहीं जब नियम विरुद्ध हजारों फीट गहरी खाई में कोई बड़ी घटना हो सकती है

## राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के विशेष मॉनिटर ने जिला अस्पताल, जेल सहित विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया



राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के विशेष मॉनिटर बालकृष्ण गोयल के द्वारा शुक्रवार को छतरपुर जिले के ग्राम गंज के आंगनवाड़ी केन्द्र, जिला अस्पताल, जिला जेल, छतरपुर शहर के स्तुति बाल गृह सहित विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण किया गया। आयोग के विशेष मॉनिटर श्री गोयल ने जिला चिकित्सालय के इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया। साथ ही गायनी ओपीडी अल्ट्रासोनोग्राफी आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने शौचालय में साफ-सफाई में कमी पाए जाने पर सफाई एजेंसी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा चिकित्सालय के किचन में खाने की गुणवत्ता को चेक किया। साथ ही लेबर रूम एसेंशियल का निरीक्षण कर चिकित्सालय की विभिन्न व्यवस्थाओं को देखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी क्रम में विशेष मॉनिटर श्री गोयल द्वारा जिला जेल छतरपुर का निरीक्षण किया गया। उन्होंने जेल में महिला एवं पुरुष बंदी गृह का निरीक्षण किया। साथ ही जेल की पाकशाला का निरीक्षण कर बंदियों का दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता एवं पेयजल की व्यवस्था को देखा। उन्होंने बंदियों से चर्चा करते हुए जेल प्रशासन के व्यवहार एवं जेल में किसी तरह की समस्या तो नही आदि जानकारी ली। उन्होंने जेलर को निर्देशित किया कि बंदियों के लिए जेल में ही 5 बेड का अस्पताल बनाने की पहल करें।

## राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के विशेष मॉनिटर ने जिला अस्पताल, जेल सहित विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया

सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर मो.7509091263

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के विशेष मॉनिटर बालकृष्ण गोयल के द्वारा शुक्रवार को छतरपुर जिले के ग्राम गंज के आंगनवाड़ी केन्द्र, जिला अस्पताल, जिला जेल, छतरपुर शहर के स्तुति बाल गृह सहित विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण किया गया। आयोग के विशेष मॉनिटर श्री गोयल ने जिला चिकित्सालय के इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया। साथ ही गायनी ओपीडी अल्ट्रासोनोग्राफी आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने शौचालय में साफ-सफाई में कमी पाए जाने पर सफाई एजेंसी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा चिकित्सालय के किचन में खाने की गुणवत्ता को चेक किया। साथ ही लेबर रूम एसेंशियल का निरीक्षण कर चिकित्सालय की विभिन्न व्यवस्थाओं को देखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी क्रम में विशेष मॉनिटर श्री गोयल द्वारा जिला जेल छतरपुर का निरीक्षण किया गया। उन्होंने जेल में महिला एवं पुरुष बंदी गृह का निरीक्षण किया। साथ ही जेल की पाकशाला का निरीक्षण कर बंदियों का दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता एवं पेयजल की व्यवस्था को देखा। उन्होंने बंदियों से चर्चा करते हुए जेल प्रशासन के व्यवहार एवं जेल में किसी तरह की समस्या तो नही आदि जानकारी ली। उन्होंने जेलर को निर्देशित किया कि बंदियों के लिए जेल में ही 5 बेड का अस्पताल बनाने की पहल करें।

# विद्युत डीपी में से आईल चोरी करने वाले दो आरोपियो को आलोट पुलिस ने किया गिरफ्तार

रिपोर्टर - दिनेश शुक्ला

आलोट पुलिस अधीक्षक राहुल कुमार लोढा के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा, अनुविभागीय अधिकारी शाबेरा अंसारी के मार्गदर्शन मे थाना आलोट पुलिस द्धारा मुखबीर की सूचना पर विद्युत डीपी मे आईल चोरी करने वाले आरोपियो को पकडने मे सफलता मिली है।

*घटना का विवरण ङ्क* दिनांक 01.05.2024 को फरियादी ने सुरपाल सिंह पिता रामसिंह सोंधिया राजपुत उम्र 33 साल निवासी ग्राम छापरी ने सूचना किया कि उसके खेत पर व खेत पडोसी गोकुलसिंह पिता पुर सिंह सोंधिया राजपुत व भेरुलाल पिता मांगीलाल पांचाल के खेत पर लगी निजी विध्युत डीपीयो से किन्ही अज्ञात बदमाशो द्धारा 27 अप्रैल एवम 28 अप्रैल की दरमियानी रात्री मे आईल चोरी कर लिया है जिस पर थाना आलोट पर 229/2024 धारा 379 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है। विवेचना के दौरान मुखबीर की सूचना पर आईल चोरी करने वाले आरोपी कृपाल सिंह व सुरेश सिंह निवासी ग्राम आनन्दगढ को गिरफ्तार किया जाकर दो प्लास्टिक की केनो के अंदर भरा डीपी का 70 लीटर आईल व घटना मे प्रयुक्त ट्रेक्टर एवं मोटर सायकल को जप्त किया गया व आरोपियो का न्यायालय से पीआर प्राप्त कर अन्य आरोपियो की तलाश की जा रही है।




### गिरफ्तार आरोपी

1. कृपाल सिंह पिता गंगाराम सोंधिया सोंधिया उम्र 35 साल निवासी ग्राम आनन्दगढ
2. सुरेशसिंह पिता धुलसिंह सोंधिया राजपुत उम्र 40 साल निवासी आनन्दगढ*फरार आरोपी ङ्क

1. दाणुसिंह पिता भगवान सिंह सोंधिया राजपुत निवासी आनन्दगढ
2. गुड्डु सिंह उर्फ मोहन सिंह पिता भगवान सिंह सोंधिया राजपुत निवासी आनन्दगढ

बरामद माल 1.दो प्लास्टिक की केनो के अंदर भरा डीपी का 70 लीटर आईल किमती 9000 रुपये

2.घटना मे प्रयुक्त लाल रंग का महिन्द्रा टेक्टर माडल 585

3.घटना मे प्रयुक्त एचएफ डिलक्स मोटर सायकल

सराहनीय भूमिका ङ्क* उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरी सुरेन्द्र सिंह गाडरिया, उनि देवीलाल गुर्जर, उनि कुलदीप डाबी, आर 400 अभिनन्दन, आर 508 आदिल, आर 241 अंकित काला, आर 1198 बाबुलाल मालवीय की मुख्य भुमिका रही है।

राष्ट्रीय दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

# ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण में खिलाड़ियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण



शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग बी एस जामोद के मार्गदर्शन व निर्देशन में ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर एवं सांस्कृतिक, चित्र कला, योगा, का निःशुल्क प्रशिक्षण 31 मई तक आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में संभागीय मुख्यालय के गाँधी स्टेडियम शहडोल एथलेटिक्स प्रशिक्षक धीरेन्द्र प्रताप सिंह, हैण्डवाल प्रशिक्षक सुश्री श्रीदेवी स्वामी, बालीवाल प्रशिक्षक रतन सिंह ठाकुर, खेल और युवा कल्याण बास्केटवाल प्रशिक्षक के. के. श्रीवास्तव जनजाति कार्य विभाग, बैडमिन्टन प्रशिक्षक सतेन्द्र सोनी मोनी श्रीवास्तव योग प्रशिक्षक पुष्पलता पटेल, सौरभ द्विवेदी पं. शम्भूनाथ विश्वविद्यालय, सरस्वती उच्चतर माधमिक विद्यलाय पाण्डवनगर कबड्डी प्रशिक्षक श्रीमती कल्पना अहिरवार खेयुक, खो-खो प्रशिक्षक जीतेन्द्र पटेल योग प्रशिक्षक केशरवानी पं. शम्भूनाथ विश्वविद्यालय विराट मार्शलआर्ट एकाडमी गढी सोहागपुर प्रशिक्षक प्रमोद विश्वकर्मा लाठी, जूडो प्रशिक्षक अजय कुमार सोधिया खेयुक, किशोर साकेत पं शम्भूनाथ विश्वविद्यालय शहडोल, योग प्रशिक्षक कु0 गोल्डी पाल पं. शम्भूनाथ विश्वविद्यालय ज्ञानोदय अग्रेजी मिडियम स्कूल, बाक्सिंग बुशू ताईक्वांडों, प्रशिक्षक अंशुमान सिंह, आकाश पुरी गोस्वामी, उज्जवल शुक्ला, योग प्रशिक्षक प्रियंका गुप्ता चित्रकला एवं पेन्टींग प्रशिक्षक सुश्री मनीषा सोंधिया प्रभारी अजय सिंह संचालक ज्ञानोदय उ.मा.वि.पुलिस लाइन शहडोल, शान्ती मेमोरियल इन्टरनेशनल स्कूल सेपराटेकरा, कराते, प्रशिक्षक रामकिशोर चौरासिया, रेल्वे ग्राउण्ड फुटवाल, खो-खो, प्रशिक्षक अनिल सिंह, शंकर दाहीया, रहीम खान, इन्द्रजीत योग प्रशिक्षक राहुल मांझी, फुटवाल स्मॉल सेन्टर विचारपुर फुटवाल प्रशिक्षक सुश्री लक्ष्मी सहीस खेल और युवा कल्याण, सुश्री यासोदा सिंह, नरेश कुण्डे, विचारपुर योग प्रशिक्षक मनीष पाण्डेय पं. शम्भूनाथ विश्वविद्यालय खेल मैदान प्रभारी अजय कुमार सोधिया ब्लाक युवा समन्वयक सोहागपुर खेल और युवा कल्याण विभाग शहडोल सास्कृतिक शिविर प्रशिक्षक प्रभारी गाँधी स्टेडियम लकी चतुर्वेदी सोहागपुर गढी रोड शारदा संगीत महाविद्यालय प्रशिक्षण प्रभारी मनोज वर्मा योग प्रशिक्षण शिविर छतवई खेल मैदान प्रशिक्षक अशीष द्विवेदी ने ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसी प्रकार अन्य विकासखंडों में प्रशिक्षण शिविर लगाये गये है। जिसके ब्लाक प्रभारी बुढार श्रीमती रजनी मेश्राम, जयसिंहनगर श्रीमती सोनू वर्मा, गोहपारू दयानन्द सोधिया, ब्यौहारी सुश्री कोमल नामदेव ब्लाक युवा समन्वयक खेल और युवा कल्याण विभाग शहडोल एवं संबंधित ब्लाक के जनजाति विभाग के प्रशिक्षक शिक्षा विभाग के प्रशिक्षक खेल संघों के प्रशिक्षकों के द्वारा ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है।

# कमिश्नर ने किया एसडीएम एवं तहसील कार्यालय जयसिंहनगर का निरीक्षण



## राजस्व प्रकरणों के निराकरण में उदासीनता पर व्यक्त की कड़ी नाराजगी

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने शुक्रवार को तहसील कार्यालय जयसिंहनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने तहसील कार्यालय में आलमारियां खोलकर राजस्व प्रकरणों के निराकरण से संबंधित फाइलें निकाल कर देखी, निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में राजस्व प्रकरणों को दायरा पंजी में दर्ज नहीं करने पर कमिश्नर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। कमिश्नर का कहना था कि राजस्व महा अभियान में भी राजस्व प्रकरणों का निराकरण नहीं होना बहुत ही गंभीर उदासीनता है। उन्होंने मौके पर उपस्थित एसडीएम को निर्देश दिए कि वह अपनी निगरानी में राजस्व प्रकरणों को दायरा पंजी में दर्ज कराएं तथा राजस्व प्रकरणों का सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निराकरण कराएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए की राजस्व प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार की उदासीनता और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कमिश्नर ने एसडीएम कार्यालय का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्रीमती प्रगति वर्मा ने कमिश्नर को एसडीएम कार्यालय के विभिन्न प्रभागों के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान कमिश्नर ने जाति प्रमाण पत्र के लिए प्राप्त आवेदनों के संबंध में जानकारी ली तथा निर्देश दिए की जाति प्रमाण पत्र के आवेदनों का तेजी से निराकरण सुनिश्चित कराएं। निरीक्षण के दौरान संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, एसडीएम जयसिंहनगर श्रीमती प्रगति वर्मा तहसीलदार जयसिंह नगर, दीपेंद्र सिंह तिवारी उपस्थित रहे।

# घर-घर जाकर दागना कुप्रथा रोकने हेतु किया गया जागरूक




शहडोल। दागना कुप्रथा रोकने हेतु कलेक्टर तरुण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर, ब्यौहारी, बुढार एवं गोहपारू के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिले के ग्राम पंचायत नौगई बिछिया, टिकुरी कोटमा, बम्हौरी, केरहा सहित अन्य ग्राम पंचायतो में महिलाओं को दागना कुप्रथा रोकने हेतु दीवार लेखन, डोर-टू-डोर, नाराकंन, पोस्टर आदि के माध्यम से जागरूक किया गया। साथ ही मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा महिलाओं को समझाइए दी जा रही है कि बच्चों को दागना कानूनन अपराध है, बच्चों को दागने पर संबंधितों के विरूद्ध 1 लाख रूपये का जुर्माना और 3 साल की सजा हो सकती है, यादि कोई बच्चा बीमार होता है तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र और डॉक्टर की सलाह से उपचार कराएं। मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा बताया गया कि छोटे बच्चों को निमोनिया होने पर दागे नही न ही किसी के बहकावे में आकर दागे, दागने से बच्चों के स्वास्थ्य पर काफी प्रभाव पड़ता है। दागना कुप्रथा रोकने हेतु चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान के दौरान महिलाओं को बच्चों को न दागने हेतु शपथ भी दिलाई गई। जन जागरूकता अभियान में ऑगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, सचिव, रोजगार सहायक, बीएलओ सहित अन्य मैदानी अधिकारी शामिल थें। गौरतलब है कि जिले को दागना मुक्त बनाने हेतु 10 मई 2024 तक जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

# दागना कुप्रथा रोकने कलापथक द्वारा आयोजित हुआ जनजाकरूकता कार्यक्रम




शहडोल। दागना कुप्रथा रोकने हेतु कलेक्टर तरुण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर, ब्यौहारी, बुढार एवं गोहपारू के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिले के जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम पंचायत खम्हरिया एवं बोड़री सहित अन्य ग्राम पंचायतो में कलापथक दल द्वारा गीत गाकर दागना कुप्रथा रोकने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही बाताया गया कि बच्चों को दागना कानूनन अपराध है, बच्चों को दागने पर संबंधितों के विरूद्ध 1 लाख रूपये का जुर्माना और 3 साल की सजा हो सकती है, यादि कोई बच्चा बीमार होता है तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र और डॉक्टर की सलाह से उपचार कराएं।

# खुले हुए बावड़ियों, कुओं, बोरवेल एवं जल स्रोतों को ढकने हेतु आदेश जारी

शहडोल। कलेक्टर तरूण भटनागर ने आदेश जारी किया है कि शहडोल जिले के क्षेत्रान्तर्गत स्थित बावड़ियों, कुओं, बोरवेल, जल स्रोत, जल संरचना, जलसरणी आदि जैसी संरचनाओं को खुला छोड़ दिया गया है या ढक दिया गया है या उस पर कमजोर छत या छज्जा लगाकर अन्य उपयोग किया जा रहा हो और वे सुरक्षा की दृष्टि से उपयुक्त नहीं है तथा मानव जीवन को आसन्न खतरा उत्पन्न कर रही है, जो मानव जीवन को भविष्य में घटना या आपदा से बचाने हेतु इस पर तत्काल नियंत्रण रोकथाम किया जाना आवश्यक है। इस प्रकार की खुली संरचनाओं तथा अवैध निर्माण अतिक्रमण, छत या कमजोर छज्जा बनाकर या अन्य किसी प्रकार से असुरक्षित स्थिति में लाया गया हो तो तत्काल जाँच कर सुरक्षित कराये जाने की आवश्यकता प्रतीत हो रही है, ताकि लोक सम्पत्ति एवं मानव जीवन की सुरक्षा के खतरे को कम किया जा सके। जारी आदेश में कहा गया है कि नगर परिषद सीमा अंतर्गत सभी स्थानीय नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित सभी बावड़ियों कुओं, बोरवेल, जल स्रोत, जल संरचना, जलसरणी आदि का सर्वे करा कर नियमानुसार पृथक-2 सूची संधारित करेंगे। यदि कही किसी बावड़ियों, कुओं, खुले हुए बोरवेल, जल स्रोत, जल संरचना, जलसरणी आदि या ऐसी किसी गहरी संरचना पर अतिक्रमण हो, या उसे कमजोर छत बनाकर या छज्जा आदि अन्य किसी प्रकार से ढक दिया हो, या कोई दीवार आदि निर्मित कर घातक स्थिति उत्पन्न की हो, तो उन्हें तत्काल सुरक्षित रूप से ढक दिया जाये अधवा बन्द कर दिया जाय। खतरनाक संरचना की सूची के प्रत्येक मामलों में तत्काल नियमों एवं अधिनियमों के तहत अतिक्रमण हटाये जाने एवं सुरक्षा के सभी उपाय संबंधित व्यक्ति संस्था के माध्यम से सुनिश्चित कराने की कार्यवाही की जाय। उक्त कार्य में संबंधित कार्यपालिक दण्डाधिकारी (तहसीलदार नायब तहसीलदार) आवश्यक सहयोग करते हुये सुरक्षा के समस्त उपायों को सुनिश्चित करावेंगे। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र के अन्तर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत एवं संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव का यह दायित्व होगा कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित सभी बावड़ियों कुओं, वोरवेल, जल स्त्रोत, जल संरचना, जलसरणी आदि का सर्वे करा कर नियमानुसार पृथक-2 सूची संधारित करेंगे। ऐसी किसी गहरी संरचना पर अतिक्रमण किया हो, कमजोर छत बनाकर या छज्जा आदि अन्य किसी प्रकार से ढंक दिया हो, या कोई दीवार आदि निर्मित कर घातक स्थिति उत्पन्न की हो, तो उन्हें तत्काल सुरक्षित रूप से ढंक दिया जाय अथवा बन्द कर दिया जाय। खतरनाक संरचना की सूची के प्रत्येक मामलों में तत्काल नियमो अधिनियमों के तहत अतिक्रमण हटाये जाने एवं सुरक्षा के सभी उपाय संबंधित व्यक्ति संस्था के माध्यम से सुनिश्चित कराने की कार्यवाही करवाई जायेगी। उक्त कार्य में संबंधित कार्यपालिक दण्डाधिकारी (तहसीलदार नायब तहसीलदार) आवश्यक सहयोग करते हुये सुरक्षा के समस्त उपायों को सुनिश्चित करावेगे। उक्त कार्य को परियोजना अधिकारी, शहरी विकास अभिकरण जिला शहडोल, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग शहडोल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जिला शहडोल, जिले में स्थित सभी बावड़ियों कुओं, खुले हुए बोरवेल, जल स्रोत, जल संरचना, जलसरणी को किसी भी दुर्घटना की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें ढकने, पूरी तरह बन्द करने की कार्यवाही पूर्ण कराकर 15 दिवस के अन्दर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे।

# पुलिस ने अवैध खनिज रेत का परिवहन करते 02 ट्रैक्टर को किया जप्त

शहडोल। थाना गोहपारू क्षेत्रांतर्गत गुरूवार को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रतहर तरफ रेत का अवैध उत्खन्न कर परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर गोहपारू पुलिस द्वारा रतहर पहुँचकर देखा तो एक टैउक्टर मय रेत लोड आते दिखा जिसे पुलिस द्वारा रूकवाकर चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम पंकज कोल पिता लल्ला कोल उम्र 25 वर्ष निवासी रतहर का होना वताया जिससे वाहन एवं रेत परिवहन संबधी दस्तावेज मांगने पर कोई बैध दस्तावेज न होना वताया। जिससे टेउक्टर को मय रेत लोड जप्त कर आरोपी चालक एवं वाहन मालिक के विरूद्ध भादवि एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इसी प्रकार थाना जैतपुर क्षेत्रांतर्गत गुरूवार को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि गाडाघाट से ट्रैक्टर के माध्यम से रेत का अवैध उत्खन्न कर परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर जैतपुर पुलिस द्वारा गाडाघाट तरफ जाकर देखा तो एक बिना नम्बरी टैउक्टर मय रेत लोड आते दिखा जो चालक पुलिस को आता देखकर ट्रैक्टर छोड़कर जंगल की तरफ भाग गया। जिस पर जैतपुर पुलिस द्वारा उक्त वाहन को मय रेत लोड जप्त कर अज्ञात आरोपी चालक एवं वाहन मालिक के विरूद्ध भादवि एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

## विकास कार्यों की समीक्षा बैठक 09 मई को

शहडोल। उपायुक्त राजस्व शहडोल ने जानकारी दी है कि कमिश्नर शहडोल की उपस्थिति में 09 मई 2024 को प्रातः 11 बजे से विकास कार्यों की संभागीय समीक्षा बैठक कमिश्नर कार्यालय के सभागार में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 09 मई को प्रातः 11:00 से पंचायत एवं ग्रामीण विकास, सामाजिक न्याय विभाग, मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मंडल, दोपहर 12:30 बजे से लोक निर्माण विभाग मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, ग्राम सड़क योजना मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड उद्योग विभाग की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने बताया कि दोपहर 2:30 बजे से लोग स्वास्थ्य यांत्रिकी मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड जनजाति कार्य विभाग लोक शिक्षण, नगरीय प्रशासन जलनिगम, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, सहकारिता विभाग खाद्य नियंत्रक, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग महिला बाल विकास की समीक्षा की जाएगी।



## कानाफूसी

### आशीष का आशीष बटली गुलजार

गजेन्द्र परिहार

ऐसी चली बयार की बटली हुई गुलजार, टैउक्टर दो में तो डग्गी तीन हजार... अब बोलूंगा तो बोलोगे की बोलता है लेकिन थाड़ा बोलने और पोल खोलने मे हर्ज भी क्या है इन दिनो कोयलांचल में एक ही नाम चर्चे में है क्योंकि हर टैउक्टर और डग्गी उसके पर्चे में है कुल मिला कर पर्चा में खर्चा है इस बात की चर्चा है हर रात का एक हीसाब है कमाई बेहीसाब है आशीष का आशीष है संजय भाईया की दूर दृष्टि को प्रणाम बाकी महाभारत आपने देख रखी है।

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

दरें प्रति स्क्वायर से.मी. में

व्यवासायिक

| कलर पृष्ठ | दर / SQcm | B & W पृष्ठ | दर / SQcm |
|---|---|---|---|
| प्रथम पृष्ठ | 40 | प्रथम पृष्ठ | 30 |
| साधारण पृष्ठ | 30 | साधारण पृष्ठ | 20 |
| अंतिम पृष्ठ | 35 | अंतिम पृष्ठ | 30 |

हार्दिक बधाई / धार्मिक

| कलर पृष्ठ | दर / SQcm | B & W पृष्ठ | दर / SQcm |
|---|---|---|---|
| प्रथम पृष्ठ | 35 | प्रथम पृष्ठ | 30 |
| साधारण पृष्ठ | 25 | साधारण पृष्ठ | 20 |
| अंतिम पृष्ठ | 30 | अंतिम पृष्ठ | 25 |

शोक संदेश / श्रद्धांजलि

| कलर पृष्ठ | दर / SQcm | B & W पृष्ठ | दर / SQcm |
|---|---|---|---|
| प्रथम पृष्ठ | 25 | प्रथम पृष्ठ | 20 |
| साधारण पृष्ठ | 18 | साधारण पृष्ठ | 15 |
| अंतिम पृष्ठ | 20 | अंतिम पृष्ठ | 18 |

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह , संपादक : अशोक सोनी (9009601101) , भोपाल कार्यालय पता-- प्रेस काम्प्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश
दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 Email id :hindustannews404@gmail.com, R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

केसरिया हिन्दुस्तान

# पोलिंग पर्सन को प्रशिक्षण में विभिन्न परिस्थितियों से निपटने में सक्षम व दक्ष बनाये-मंडलायुक्त

### गर्भवती महिलाओं,दिव्यांगों को पोलिंग बूथ पर लाइन से इतर करके प्राथमिकता पर वोटिंग कराये-रोशन जैकब।

### सभी अधिकारी व कर्मचारी समयबद्ध होकर निर्वाचन के दायित्वों का करें निर्वहन-जिलाधिकारी

### सुरक्षा के दृष्टिगत चप्पे-चप्पे पर करें निगरानी, अराजक तत्वों पर करें कार्यवाही-आई0जी0 रेंज तरुण गाबा।





सीतापुर । आयुक्त, लखनऊ मण्डल लखनऊ डा0 रोशन जैकब एवं आई0जी0 रेंज लखनऊ तरुण गाबा ने कलेक्ट्रेट सभागार में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत सुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से सभी प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान आयुक्त महोदया एवं आई0जी0 रेंज ने संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिये कि जहां पर पूर्व में कोई अप्रिय घटना घटित हुई हो, वहां पर विशेष निगरानी रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अपराधिक प्रवृत्ति वाले लोगों को चिन्हित करते हुये उनकी सूची तैयार कर ली जाये। ऐसे बदमाश हो, गुंडा हो, बवाली हो उन पर कार्यवाही कर उनको बाहर कर दिया जाये। पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिये कि ऐसा कोई भी बूथ न छूटे जहां पर सुरक्षा व्यवस्था में कोई कमी हो, उसकी तैयारी पहले से ही कर ली जाये। बूथों पर माइक्रो आर्ब्जवर व वेकास्टिंग द्वारा निगरानी रखी जाये। उन्होंने बाहर से आने वाली फोर्स के ठहरने की जानकारी लेते हुये निर्देशित किया कि फार्स को ठहरने हेतु उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। जो भी वाहन मतदान में इस्तेमाल हो रहे हैं उन पर जी0पी0एस0 अवश्य लगाया जाये तथा बैरीयर पर सी0सी0टी0वी0 कैमरे अवश्य लगाये जायें। उन्होंने एफ0एस0टी0 एवं एस0एस0टी0 टीमों की जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि हल्के वाहनों की चेकिंग करना सुनिश्चित करें। आबकारी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वह भी अवैध शराब के वितरण एवं जहरीली शराब पर निगरानी रखें ताकि जहरीली शराब पीने से कोई अप्रिय घटना न होने पाये। उन्होंने कहा कि किसी भी निर्देश व्यक्ति पर कार्यवाही न की जाये तथा 107/16 में व आचार संहिता उल्लंघन में की गयी कार्यवाहियों की जानकारी ली। सभी बूथों पर आवागमन हेतु रूटचार्ट की जानकारी ली तथा रूटचार्ट के अनुसार ही वाहनों का आवागमन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कार्मिक प्रशिक्षण की जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि ऐसा प्रशिक्षण कराया जाये ताकि कार्मिक हर चुनौतियों का सामना कर सकें। सभी बूथों पर छाया हेतु शेड, प्रकाश एवं पानी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये तथा बूथों पर दिव्यांगों, वृद्धजनों एवं गर्भवती महिलाओं को बैठनें व प्राथमिकता के आधार पर मतदान कराया जाये। जिन बूथों पर दिव्यांग मतदाता हैं, वहां पर रैम्प व उनके लिये शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बी0एल0ओ0 की समीक्षा कर ली जाये ताकि वह अपना कार्य सकुशल ढंग से सम्पन्न करें।

स्वीप आयोजन के संबंध में जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि स्वीप आयोजन के अन्तर्गत ऐसे आयोजन किये जायें, जिसमें महिलाओं की भागीदारी हो और महिलाएं मतदान के प्रति जागरूक हों, क्यों कि हमें महिलाओं का वोटिंग प्रतिशत बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि वोटिंग पर्ची का वितरण शतप्रतिशत सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने बूथों पर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का शतप्रतिशत का पालन सुनिश्चित करने निर्देशित किया। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विशेष निगरानी रखी जाये। उन्होंने कहा कि जहां से पोलिंग पार्टियां रवाना होगीं, वहां पर साईनेज, सी0सी0टी0वी0 व लाउडस्पीकर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। निर्वाचन कन्ट्रोल रूम में अब तक प्राप्त हुयी शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की एवं मीडिया अनुवीक्षण एवं प्रमाणन समिति द्वारा जारी नोटिसों पर हुयी कार्यवाहियों के विषय में जानकारी लेते हुये विशेष निगरानी रखे जाने के निर्देश संबंधित को दिये। सी-विजिल पर प्राप्त शिकायतों को ससमय निस्तारण करने के निर्देश दिये।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी अनुज सिंह, पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राखी वर्मा, सभी उपजिलाधिकारी सहित प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे। आर0एम0पी0 इण्टर कालेज में पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल पहुंचकर प्रशासन द्वारा की गयी तैयारियों की समीक्षा करते हुये रूट मैप चार्ट पर गहनता से अवलोकन किया। आयुक्त ने निर्देश देते हुये कहा कि रवानगी स्थल पर पर्याप्त मात्रा में पीने हेतु पानी, छाया व बैठने हेतु उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। प्रत्येक पोलिंग पार्टियों के रवानगी हेतु साईनेज बोर्ड अवश्य लगाये जायें ताकि जो भी पोलिंग पार्टियां रवाना हों, वह ससमय रवाना हो जायें तथा निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाये। ए0टी0सी0 के निरीक्षण के दौरान मतगणना स्थल की व्यवस्थाओं को देखा एवं निर्देश दिये कि सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि सी0सी0टी0वी0 कैमरे 24म7 संचालित रहें, कोई भी कैमरा बन्द न हो। हर स्थानों पर साईनेज बोर्ड अवश्य लगाये जायें ताकि आवागमन में कोई परेशानी उत्पन्न न होने पाये। मोबाइल फोन व अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस का पूर्ण रूप से मतदान एवं मतगणना स्थल पर प्रतिबन्धित रहेगा।

# बिसवां में जेसीबी मशीन से खुदाई करा कर कार्य धड़ल्ले से हो रहा है





बिसवां सीतापुर- आला अधिकारी लोकसभा के चुनाव मे व्यस्त,पंचायत मे मनरेगा योजना मे बड़े पैमाने पर घोटाला किया जा रहा है।पंचायत के जिम्मेदार से पूछने पर जबाब मिलता है ।किसी भी तरह का पंचायत मे काम नही कराया जा रहा है।लेकिन इसके विपरीत मनरेगा का कार्य रात्रि के समय जो कानून मनरेगा जॉब कार्ड धारक से कराये जाने का नियम है। परन्तु जेसीबी मशीन से खुदाई करा कर कार्य धड़ल्ले से हो रहा है ।जिम्मेदार सब जानते हुए भी अंजान बनकर अपने ही मातहतो को ठेंगा दिखा रहे है।

बताते चले क्षेत्र पंचायत बिसवां की ग्राम पंचायत भिनैनी मे मनरेगा से हो रहे नाली निर्माण की खुदाई रविवार की दे रात्रि मे जेसीबी से कराई जा रही थी। जेसीबी द्वारा खुदाई का फोटो और वीडियो शोशल मीडिया पर वायरल होने और जिम्मेदारों से हुए सवाल और जबाब के चलते जेसीबी रात्रि मे भाग खड़ी हुई वही ब्लाक के जिम्मेदारों द्वारा सुबह जेसीबी द्वारा खुदाई किये गये नाली को जेसीबी के निशान मिटाने के वास्ते पटवा दिया गया ।उक्त कार्य को लेक पंचायत सचिव चन्दन सिंह विस्ट कहते है किसी भी तरह का निर्माण कार्य नही हो रहा है । परन्तु ग्राम पंचायत मे बिशुन कुमार के घर से भिनैनी तिराहे तक नाली निर्माण का कार्य बीते एक माह से हो रहा है।जिसका बकायदा वर्क आई भी जारी है और कार्य स्थल पर मनरेगा योजना का पत्थर भी लगाया गया है।कार्यदाई संस्था ग्राम पंचायत भिनैनी ही है। हलाकि यह नाली निर्माण का कार्य वर्ष 2023-24 का है। नाली निर्माण मे मानक की अनदेखी देखने को मिली नाली की तल्ली मे बजड़ी की जगह बड़े बड़े रोडे पड़े देखने को मिले। उस समय की खंड विकास अधिकारी काजल रावत थी। ।जबकि देखने से ही स्पस्ट है कि लगाए गये बोर्ड पर ग्राम प्रधान,पंचायत सचिव ,तकनिकी सहायक का भी नाम प्रदर्शित हो रहा है ।बस प्रदर्शित बोर्ड पर कार्य शुरु होने वाली तिथि और समाप्त की तिथि एवं कितनी लागत से नाली निर्माण कराया जा रहा है नही लिखा गया है । उससे बड़ी बात यह भी है कि वर्ष 2023-24 का कार्य वर्ष2024-25 मे हो रहा है।अब सवाल यह उठता है कि पंचायत सचिव चन्दन सिंह विस्ट आखिर काम ग्राम पंचायत मे होने के बावजूद भी किसी भी तरह का काम न होने जैसा झूठ क्यो बोल रहे है, मनरेगा से हो रहे कार्य ,कार्य स्थल पर लगाए गये बोर्ड पर कार्य शुरु और समाप्त की तिथि के साथ लागत क्यो नही लिखी गई जो गंभीर सवाल खड़े करती है।फिलहाल ऐसा क्यो है जिम्मेदार ही बता सकते है। हलाकि खंड विकास अधिकारी सुमित सिंह ने जांच कराये जाने की बात कही थी लेकिन दो दिन बीत जाने के बावजूद भी अभी किसी तरह की कार्यवाही देखने को नही मिल रही है। जो बड़े भ्रस्टाचार की और इशारा कर रही है।



# गौरी गौरी शंकर मंदिर हरगांव में वाटर कूलर बना महज शोपीस

### नगर पंचायत की लापरवाही के चलते भीषण गर्मी में श्रद्धालुओं को हुई जल की समस्या

सीतापुर जनपद के हरगांव स्थित बाबा भोलेनाथ के सुप्रसिद्ध मंदिर गौरी शंकर बाबा के प्रांगण में श्रद्धालुओं के लिए रखा हुआ वाटर कूलर शोपीस बनकर रह गया है महीनो से खराब पड़े वाटर कूलर पर किसी भी अधिकारी की नजर नहीं पड़ी उसका नतीजा यह है कि इस भीषण गर्मी में भी श्रद्धालुओं को पीने और जल चढ़ाने के लिए महज एक नल का ही सहारा बचा हुआ है इसके आसपास भी गंदगी का अंबार लगा हुआ है जब श्रद्धालु जल भरने के लिए जाते हैं तो उन्हें कहीं ना कहीं गंदगी के पास से ही गुजरना पड़ता है आपको बताते चलें हरगांव स्थित गौरीशंकर बाबा के मंदिर में हजारों की संख्या में प्रतिदिन श्रद्धालु जल चढ़ाने के लिए आते हैं और अमावस्या के दिन मेले का भी आयोजन होता है जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं परंतु मंदिर परिसर में इस भीषण गर्मी में जल के लिए सिर्फ और सिर्फ एक नल का ही सहारा बचा हुआ है जिसे कहीं ना कहीं श्रद्धालुओं में भी आक्रोश व्याप्त होता है लोकसभा चुनाव के दरमियांन लगभग रोज ही किसी न किसी जनप्रतिनिधि का भी आगमन भी मंदिर परिसर में होता है परंतु इस ओर किसी का ध्यान आकर्षित नहीं हुआ ।

वाटर कूलर खराब होने की जानकारी हमें नहीं है जानकारी प्राप्त हुई है जल्द ही हम वाटर कूलर को सही करा देंगे।

**श्रीश मिश्रा। ईओ**
**नगर पंचायत हरगांव सीतापुर**

# यूनिक डिसएबिलिटी आई कार्ड दिखाकर दिव्यांगजन करें मतदान

खैराबाद सीतापुर ।गुरुवार को थाना खैराबाद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम विशुननगर चौराहे पर स्थित आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन के कार्यालय पर मासिक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार मौर्य ने की । बैठक में लोकसभा चुनाव के मध्य नजर देखते हुए चुनाव पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई । लोकसभा चुनाव में बीएलओ नहीं भरा रहे 12 डी फॉर्म जिससे



दिव्यांगों को करना पड़ेगा मतदान में समस्याओं का सामना । लोकसभा चुनाव में ऐसे प्रत्याशी को चुना जाएगा जो प्रत्याशी हम सब दिव्यांग भाई-बहनों की आवाज को संसद में उठाएगा और हम लोगों की समस्याओं का समाधान करेगा हम लोग उसी को मतदान करेंगे और हर बूथ पर दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर आदि की व्यवस्था होना आवश्यक है अगर व्यवस्थाएं उपलब्ध नहीं होगी तो चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा । राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह ने सभी दिव्यांग भाई बहनों से अपील करते हुए कहां कि मतदान शत प्रतिशत करें और मतदान केंद्र पर अपना दिव्यांग प्रमाण पत्र आवश्यक ले जाएं । मतदान करते समय अपना आईडी प्रूफ यूनिक डिसेबिलिटी आईडी कार्ड जरूर दिखाएं । राष्ट्रीय महासचिव बिन्दू मौर्या ने बताया सीएम अभ्युदय योजना के तहत जिले में ऐसे दिव्यांग छात्र छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के निशुल्क कोचिंग की सुविधा दी जाती है इसके लिए संबंधित पात्र विद्यार्थी दस मई तक जिला समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं इसके बाद प्रवेश परीक्षा के आधार पर विद्यार्थियों का चयन कोचिंग के लिए किया जाएगा । इस अवसर पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विजय पाल. जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार मौर्य. कौशल किशोर यादव. किरन वर्मा.कालिंद्री. पिंकी.अली हसन. रत्नेश . भागीरथ आदि सदस्य व पदाधिकारीगण उपस्थित रहे ।

# मनरेगा श्रमिक हाजिरी घोटालेबाजो को क्या बीडीओ का संरक्षण प्राप्त?

**सीतापुर ।**

हरगांव ब्लाक में दिन प्रतिदिन मनरेगा योजना में फर्जी हाजरी भरने की खबरे प्रकाशित हो रही हैं इसके बावजूद ब्लाक के जिम्मेदार अब कोई जवाब ही नहीं देना चाहते है । ऐसे में सवाल ये बड़ा खड़ा होता है की कही जिम्मेदारों का ही तो आशीर्वाद नही मिल रहा फर्जी हाजरी घोटालाबाजो को ।

रोजगार सेवक हाजरी के नाम पर मनरेगा जैसी योजना से गरीबों का हक मारकर है जिम्मेदार अधिकारियों की जेबे भर रहे है।

विकास खंड हरगांव की अधिकतम ग्राम पंचायतो में मनरेगा कार्यो में फर्जी दर्ज कर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है, ग्राम पंचायत भदेवा में के दिन से फर्जी हाजिरी दर्ज कर लाखों रुपये के सरकारी धन का बंदरबांट कर दिया गया, ग्राम पंचायत में दो अलग अलग कार्यो में फर्जी दर्ज की गई पहले कार्य भीरा तालाब से जरथुवा सीमा तक ड्रेन खुदाई कार्य व ग्राम पंचायत भदेवां में कैतनिया तालाब की खुदाई कार्य भाग 1 दोनो ही कार्यो में लगभग 60 श्रमिको




की फर्जी हाजिरी दर्ज की गई है

वही विकास खंड की दूसरी ग्राम पंचायत रायपुर में फर्जी हाजिरी दर्ज होने का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है , ग्राम पंचायत में मनरेगा के अंतर्गत दो कार्य चल रहे है पहले कार्य गौशाला निर्माण कार्य पर 52 शर्मिको की उपस्थिति दर्ज की गई तो दूसरे दूसरे कार्य ग्राम पंचायत रायपुर में ड्रेन खुदाई कार्य पर 8 मास्टर रोल पर 75 श्रमिको की हाजिरी दर्ज की गई किन्तु कागजो पर जितनी अधिक हाजिरी दर्ज की गई वही मौके पर एक भी श्रमिक कार्य करता नही पाया गया। ऑनलाइन अपलोड किए गए डाटा में भी श्रमिक दिखाई नही पड़ रहे है आखिर जब शासन के आदेशों के विपरीत हाजिरी दर्ज की जा रही है तब किसके संरक्षण में भृष्टाचार किया जा रहा है।

मनरेगा कार्यो में किये जा रहे भ्रष्टाचार में आखिरी क्यो नही होती कार्यवाही, खंड विकास अधिकारी पूरे मामले में मूकदर्शक बने हुए, जानकारी के लिए यदि खंड विकास अधिकारी को फोन किया जाता है तो फ़ोन तो उठता नही बल्कि ब्लॉक अलग कर दिया जाता है, बी डी ओ के इस रवैये से भ्रष्टाचार में उनका भी किरदार होना सम्भव है।

# अंबेडकर वादियो के सम्मेलन मे कांग्रेस प्रत्याशी राकेश राठौर के समर्थन का प्रस्ताव पारित

### बसपा नकली अंबेडकरवादियो का गिरोह -- डां बृजबिहारी



बिसवां सीतापुर । तहसील क्षेत्र के कौरासा में आज अंबेडकरवादियो ने एक सम्मेलन आयोजित किया । सम्मेलन में इंडिया गठबंधन और कांग्रेस के प्रत्याशी राकेश राठौर के समर्थन में प्रस्ताव पारित किया गया ।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि डा0 बृजबिहारी ने कहा बसपा वह राजनीतिक मुर्गी है जो दाना दलितो के दालान में चुगती है और अंडा भाजपा की कोठरी में देती है । यदि अंबेडकरवादियो को संविधान बचाना है आरक्षण बचाना है तो मै अंबेडकरवादियो के इस सम्मेलन मे इंडिया गठबंधन और कांग्रेस के प्रत्याशी राकेश राठौर के समर्थन में एक प्रस्ताव रख रहा हूं आप निर्णय लें । सम्मेलन में मौजूद अंबेडकरवादियो ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव का समर्थन किया । इस अवसर पर डां बृजबिहारी ने कहा कि बसपा अब नकली अंबेडकरवादियो का गिरोह बन चुकी है इसलिए अंबेडकरवादी बसपा से सावधान रहे । वही अंबेडकर वाहिनी के नेता अजय भार्गव ने कहा अंबेडकर के रास्ते से बसपा भटक चुकी है इसलिए बसपा को वोट देने का मतलब भाजपा को जिताना है इस अवसर पर सुनीला रावत ने कहा कि संविधान बचाना अंबेडकरवादियों का पहला कार्यभार है इसलिए मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करती हूं । अंबेडकर महोत्सव के अवसर पर आयोजित इस समारोह मे बड़ी संख्या में अंबेडकरवादियो की जुटान हुई । कार्यक्रम के संयोजक राजेश मौर्य , नागेश गौतम ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया ।

# संपादक सुनील शर्मा की पत्नी की लंबी बीमारी के चलते निधन

**बिसवां सीतापुर ।**

सीतापुर से प्रकाशित एक समाचार पत्र के संपादक सुनील शर्मा की पत्नी की लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। वह काफी दिनों से बीमार चल रही थी।जिनका इलाज खैराबाद के बीसीएम हॉस्पिटल में चल रहा।परंतु ईश्वर को कुछ और ही मंजूर था। उन्होंने

बीते गुरुवार को करीब 12 बजे दोपहर में अंतिम सांस ली, खबर सुनते ही पूरे सीतापुर पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गयी। इसी क्रम में बिसवां तहसील के पत्रकारों ने एक शोक सभा आयोजित कर उनको

श्रद्धांजलि दी गयी। इस मौके पर

पत्रकार अवधेश शुक्ल, शशिकांत शुक्ल, बिलाल खान, पंकज भारतीय, अय्यूब खान, आजाद अंसारी, हरी शंकर गुप्ता, तेजभान यादव, प्रदीप शुक्ल, निर्मल यादव, इंतखाब आलम आदि मौजूद रहे।

# लक्ष्य प्राप्ति के लिए जीवन में संकल्प अति आवश्यक है

महमूदाबाद, सीतापुर।

लक्ष्य प्राप्ति के लिए जीवन में संकल्प अति आवश्यक है। संकल्प का कोई विकल्प नहीं होता। विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए कठिन मेहनत और लगन की आवश्यकता होती है। नींद में देखा गया स्वप्न कभी भी सत्य नहीं होता। स्वप्न वह सत्य होता है जिसके लिए नींद चली जाए। गुरु का स्थान ईश्वर से भी बढ़कर है। जीवन के प्रत्येक मार्ग पर गुरुजनों की बातों का अनुसरण कर परिश्रम करते हुए लक्ष्य को प्राप्त कर माता-पिता गुरुजनों व क्षेत्र का नाम रोशन करें।

सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के शास्त्री सभागार में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में यूपी मेरिट के टॉपर्स को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि पुणे महाराष्ट्र के आई लर्निंग प्लेटफार्म की सीईओ पूर्वा श्रीवास्तव ने प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा गुरु आपको सही ज्ञान प्रदान कर सफलता के शिखर की ओर ले जाता है। आप सभी बधाई पात्र है, क्योंकि आपको सीता इंटर कॉलेज जैसा प्लेटफार्म, मेहनती, कर्मठ, सुयोग्य प्रधानाचार्य और शिक्षक मिले है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा सरस्वती माता एवं भारत माता के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन से हुआ। मुख्य अतिथि सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी, डिप्टी मैनेजर आञ्जनेय आशीष वाजपेयी, वागीश दिनकर वाजपेयी, राजकुमारी



वर्मा, यशपाल वर्मा, शिवसेवक मिश्र, नवनीत पांडेय द्वारा बैज अलंकरण माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि के रूप में पुणे महाराष्ट्र से ही आई मनप्रीत कौर व जोरावर सिंह ने भी संबोधित किया। आभार प्रदर्शन करते हुए कॉलेज के प्रिंसिपल आरके वाजपेयी ने कहा जीवन में पैसा महत्वपूर्ण नहीं बल्कि शोहरत महत्वपूर्ण होती है। जीवन में अच्छा मुकाम प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम कर बड़े सपने देखते हुए उन्हे प्राप्त करने के लिए सदैव प्रयासरत रहे। मां भारती की वंदना भवानी शंकर तिवारी ने प्रस्तुत की तथा संचालन कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल यशपाल वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर राकेश शुक्ल, आशुतोष शुक्ल, वीरेंद्र मिश्र, अमन मौर्य सहित बड़ी संख्या में शिक्षक विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

### इन्हे मिला सम्मान

कॉलेज सभागार में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि पूर्वा श्रीवास्तव, मनप्रीत कौर ने हाईस्कूल की यूपी टॉपर प्राची निगम सहित नव्या सिंह, अंशिका वर्मा, वर्तिका सोनी, अंशी मौर्या, अगम्या वर्मा, हेमंत वर्मा, अपर्णा गुप्ता, अनुष्का वर्मा, अंशिका वर्मा, सौम्या पोरवाल, आयुषी वर्मा, अंशिका वर्मा, हर्षित वर्मा, तृषा पटेल, अमित पोरवाल, मयंक सिंह, श्रेया वाजपेयी, आदित्य वर्मा, नित्यांश प्रताप सिंह, रखी वर्मा, आरफा खातून, आस्था पटेल, अवनी गुप्ता, ज्ञानेंद्र वर्मा, अमर गुप्त, अंश राज वर्मा, इंटरमीडिएट यूपी टॉपर शुभम वर्मा के साथ राज वर्मा, शीतल वर्मा, अनुभव शुक्ल, पलक मौर्य, शिवानी वर्मा, सूरज साहू, सूरज वर्मा, वैभव मिश्र, आयुष कुमार मौर्य, सूरज मौर्य, सौरभ वर्मा, अविनाश मिश्र, तन्मय सिंह, सूर्यकांत त्रिपाठी, शिवम सिंह, वैभव शुक्ल, अर्पित पटेल, अंचल यादव, आर्यन राज, तान्या मौर्या, अतुल कुमार, नेहा रस्तोगी, गीतेश कुमार, भूमि गुप्ता, एग्रीकल्चर ग्रुप के संजय वर्मा, आकाश कुमार, मोनिका यादव, आलोक यादव, रवि सिंह एवं कॉमर्स ग्रुप के अक्षत गुप्त, आदि जैन, आलेख रस्तोगी, अजीत यादव, भूमिका जैन सहित 65 विद्यार्थियों एवं उनके माता-पिता को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# भाजपा प्रत्याशी रितेश पाण्डेय ने किया नामांकन

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर।चिल चिलाती धूप के बीच भाजपा प्रत्याशी सांसद रितेश पाण्डेय ने हजारों लोगों और छोटी बड़ी गाड़ियों की भारी भीड़ और काफिले के बीच अंबेडकर नगर मुख्यालय के शहजादपुर से जिला प्रभारी पदम सेन चौधरी, लोक सभा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू,भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी,अयोध्या जिलाध्यक्ष संजीव सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी,पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू,लोक सभा संयोजक अवधेश द्विवेदी के साथ नामांकन रथ पर सवार होकर नगर का भ्रमण करते हुए मोदी योगी जिंदाबाद की नारे के साथ कलेक्ट्रेट में प्रत्याशी रितेश पाण्डेय ने अपने प्रस्तावक और समर्थक के साथ नामांकन कर सी डी ओ आवास के सामने चल रही नामांकन सभा में शामिल हुए। सभा स्थल पर पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद का 51 किलो की माला से सांसद प्रत्याशी रितेश पाण्डेय के साथ जिले के भाजपा नेताओं और जनप्रतिनिधियों से स्वागत कर स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया।



सभा को सम्बोधित करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने जनता की मूल भूत सुविधाओं पर तेजी से काम किया है। कहा कि महाराष्ट्र के बाद उत्तर प्रदेश सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था वाला प्रदेश बन चुका है।प्रदेश में उद्योग लगाने के लिए योगी जी ने अनुकूल वातावरण तैयार किया है।आरोप लगाते हुए कहा कि सपा बसपा की सरकार में हिंदू अपने त्यौहारों को ठीक से नहीं मना पाता था। भाजपा की सरकार में हिंदू अपने पर्वों को पूरी आजादी से मना पा रहा है। अयोध्या में भगवान श्री लला का मन्दिर भव्य बन गया है।पिछड़े और अनुसूचित वर्ग के सर्वाधिक विधायक भाजपा के हैं।उन्होंने लोगों से सुबह सुबह पहले मतदान फिर जलपान का आवाहन करते हुए कहा कि मंडन के लिए दूसरों को भी प्रेरित करें। कहा कि सपा बसपा की सरकारों में प्रदेश दंगाइयों का प्रदेश बन चुका था।भाजपा सरकार में गुंडा और दंगा मुक्त प्रदेश बन चुका है। निषाद पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर संजय निषाद ने कहा कि अंबेडकर नगर जनपद की विकास में पाण्डेय परिवार के राजनीतिक पद का बड़ा योगदान है।भगवान राम ने निषाद राज को गले लगाया।सपा बसपा वोट की गंदी राजनीति करते हैं। निषाद समाज से रितेश पाण्डेय को भारी समर्थन और वोट दिए जाने की अपील किया।

प्रत्याशी रितेश पाण्डेय ने कहा कि भाजपा सरकार ने राजभर समाज की धरोहर अठखंभा का सौंदर्यीकरण करा रही है।जनपद में 80 हजार प्रधानमंत्री आवास,7 लाख आयुष्मान कार्ड,भरपूर बिजली दिया जा रहा है। दो औद्योगिक क्षेत्र बनाया है।मेडिकल कालेज में ट्रामा सेंटर बनाए जाने का प्रयास कर रहे हैं।

नमांकन सभा को भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी,जिला प्रभारी पदम सेन चौधरी,लोक सभा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू,पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा,राम प्रकाश यादव,ज्ञान सागर सिंह,यमुना प्रसाद चतुर्वेदी,रमाशंकर सिंह,विधायक राज बाबू उपाध्याय,विधायक अंकुर राज तिवारी,पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू,जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह मिंटू, ब्लाक प्रमुख संजय सिंह,प्रतिनिधि डाक्टर राना वीर सिंह,गोसाईगंज चेयर मैन विजय लक्ष्मी जायसवाल,किछौछा चेयर मैन ओमकार गुप्ता,पूर्व विधायक त्रिवेणी राम,जय राम विमल,जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय आदि ने संबोधित किया।



## बकायेधारक खाताधारक से वसूली करने पहुचे बैंक कर्मी ! डिफाल्टर घर मे ताला लगाकर हुआ फरार

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अयोध्या। जनपद के गोसाईगंज कस्बे से सटे अंकारीपुर गॉव निवासी रामलाल पुत्र रामपाल ने सीआरपीएफ मे नौकरी करने के दौरान पंजाब नेशनल बैंक गोसाईगंज की शाखा से वर्ष 2015 में 10 लाख का टर्म लोन तथा वर्ष 2016 में 5 लाख का पर्सनल लोन(कुल मिलाकर 15 लाख)लिया !जो बढ़ते बढ़ते डेड गुना हो गया !बताया जाता हैं कि रामलाल 30 सितम्बर 2023 को नौकरी से रिटायर भी हो गया,लेकिन बैंक को उसने अपने बकाये पैसे का भुगतान नहीं किया !डिफाल्टर की श्रेणी में आये रामलाल से बैंक का पैसा जल्द से जल्द भुगतान करने के लिए शाखा प्रबंधक के0 के0 सिंह ने कई बार अनुरोध भी किया,लेकिन उसने उनकी बातो को नजरअंदाज कर दिया !रामलाल को भनक लगी की गुरुवार को बैंक वाले उसके घर पर वसूली करने के लिए आने वाले हैं तों उसने चालाकी दिखाते हुए दोपहर मे हीं घर के गेट पर लगे प्रवेश द्वार पर 2 ताला लगाकर चंपत हो गया !दोपहर बाद सर्किल ऑफिस अयोध्या से आये चीफ मैनेजर ए0 पी0 मिश्रा तथा लोन अधिकारी संतोष कुमार,शाखा प्रबंधक के0 के0 सिंह, अशोक पाण्डेय तथा अन्य बैंक कर्मी गोशाईगंज कोतवाली पुलिस के साथ उसके घर पर वसूली के लिए आये तों रामलाल के इस कृत पर उन्हें अचंभा हुआ !टीम वसूली के लिए घंटो रामलाल के घर पर खड़ी रही लेकिन जब रामलाल नहीं आया तों टीम ने पुलिस की मौजूदगी मे उस डिफाल्टर खाताधारक के मकान के प्रवेश द्वार पर लगे उसके ताले के ऊपर अपना ताला लगा दिया।

## डी कंपनी ने मांगी रंगदारी, जफर सुपारी की बहन गिरफ्तार

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर। हंसवर थाना क्षेत्र के सेमऊर खानपुर निवासी एक युवक से डी गैंग द्वारा तीन लाख रुपये रंगदारी मांगने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मामले में माफिया सरगना जफर सुपारी की बहन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।खान मुबारक का बड़ा भाई खान जफर उर्फ जफर सुपारी डी कंपनी का शार्प शूटर था। खान जफर महाराष्ट्र की जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा है। बताया जाता है कि खान मुबारक की मौत के बाद रंगदारी व फिरौती का मामला फिर पनपने लगा है। हाल ही में हंसवर थाना क्षेत्र के एक युवक से डी कंपनी ने फोन पर तीन लाख रुपए रंगदारी मांगी थी। रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। मामले में पीड़ित ने तीन लाख रुपए बगैर पुलिस को सूचना दिए पहुंचा भी दिया था।पुलिस ने पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर अज्ञात लोगों के खिलाफ रंगदारी, साजिश, धमकी के आरोप में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। जांच पड़ताल के दौरान माफिया जफर सुपारी की बहन नाजमीन अख्तर उर्फ नज्जो पत्नी उमर निवासी मकोईयां बसखारी का नाम प्रकाश में आया तो पुलिस सक्रिय हो गई। गुरुवार को थानाध्यक्ष सुनील कुमार पांडेय ने पुलिस बल के साथ नजमीन अख्तर को उसके घर से ही गिरफ्तार लिया। उन्होंने बताया कि एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जो भी लोग दोषी पाए जाएंगे उनको गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## एससी एसटी घर मे घुसकर मारपीट गाली गलौज जान से मारने की धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर। बेवाना पुलिस ने एससी एसटी घर मे घुसकर मारपीट गाली गलौज जान से मारने की धमकी की धाराओं में एक के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। संबंधित मामला बेवाना ग्राम सभा के मजरे उचवा का है।

शालू पुत्री महेंद्र का आरोप है की बीते एक मई की सुबह दुकान पर सामान लेने गई थी। दुकान पर पहले से मौजूद पंकज यादव पुत्र सागर निवासी पेठवा छीटा कसी करने लगा। रास्ते मे आकर भी उसके सुंदरता पर भी कहने लगा। विरोध करने पर पीड़िता के घर पहुंच कर गाली गलौज देते हुए घर में घुसकर मारपीट की गई जाते समय जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। बेवाना पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पंकज यादव पुत्र सागर के खिलाफ मारपीट गाली गलौज जान से मारने की धमकी एससी एसटी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## शारदा माता मंदिर में लगा वाटर कूलर गर्मी में बना शो पीस

**अगर सही से जांच हो जाएं तों बड़ा भ्रष्टाचार उजागर हों सकता है- ग्रामीण**

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

सुल्तानपुर। जिले के करौंदी कला बाजार में शारदा माता मंदिर प्रांगण में करौंदी कलां ब्लॉक प्रमुख विनोद गौतम के संयोजन से पीछले एक वर्ष पहले लगवाया गया वाटर कूलर महज़ शो पीस बन कर ही रह गया। शारदा माता मंदिर प्रांगण में लगा वाटर कूलर आज तक नहीं हों सका चालू बस शो पीस बन कर ही रह गया। नतीजा भीषण गर्मी में भक्त व राहगीर वाटर कूलर देखते ही अपनी प्यास बुझाने के लिए पहुंचते हैं। पर सूखी टोटी देख निराश रह जातें हैं। शारदा माता मंदिर बाजार में होने के चलते दुकान दार व व्यापार मंडल अध्यक्ष सत्यप्रकाश उपाध्याय ने बताया वाटर कूलर सही कराने की जानकारी प्रमुख विनोद गौतम व उनके प्रतिनिधि सर्वेश मिश्र को भी दी गई है। पर कोई फायदा नहीं हुआ है। वहा उपस्थित इन्द्र प्रति मिश्र, विपिन तिवारी (समाजसेवी), हृदय नारायण उपाध्याय पूर्व प्रधान अनिल तिवारी (सरपंच) संतोष तिवारी (सहंशाह),कपूर चंद्र तिवारी, रामलवट उपाध्याय, बिकास मिश्र (समाजसेवी) इन लोगों का कहना है की वाटर कूलर की मेंटेनेंस में हजारों रुपए का हर वर्ष के हिसाब से आता है। अगर सही से जांच हो जाएं तों बड़ा भ्रष्टाचार उजागर हों सकता है।



# फर्जी कॉल कर बगैर मरीज दौड़ा रहे एंबुलेंस

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर।फर्जी कॉल करवाकर बगैर मरीज के ही सड़क पर एंबुलेंस दौड़ाने के बड़े खेल का खुलासा हुआ है। निजी कंपनी को बड़ा आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए जिलास्तर से लेकर मुख्यालय पर बैठे कुछ कर्मचारियों की संलिप्तता सीएमओ डॉ. राजकुमार द्वारा कराई गई जांच में मिली है। मामले में जिम्मेदारों पर कार्रवाई के लिए जांच रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जिसे शीघ्र ही स्वास्थ्य निदेशालय को भेजे जाने की तैयारी है।लगभग एक पखवाड़ा पूर्व सीएमओ कार्यालय को शिकायत मिली कि सीएचसी बसखारी से जुड़े 102 व 108 एंबुलेंस सेवा के चालक आशा बहुओं से फर्जी कॉल करवाकर बगैर मरीज के ही एंबुलेंस सड़क पर दौड़ा रहे हैं। ताकि मरम्मत खर्च के अलावा कई अन्य प्रकार का लाभ कंपनी को मिल सके। शिकायत को गंभीरता से लेकर सीएमओ के निर्देश पर कई टीम ने जिले के अलग-अलग क्षेत्र में जांच शुरू की।बृहस्पतिवार को जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. मारकंडेय व डिप्टी डीआईओ नोडल प्रभारी एंबुलेंस डॉ. गौतम मिश्र की टीम ने अकबरपुर में सघन जांच अभियान चलाया। जांच में जो खुलासे हुए वह अत्यंत चौंकाने वाले रहे। अपर सीएमओ डॉ. रामानंद सिद्धार्थ ने बताया कि जांच के दौरान चालक व एंबुलेंस के अन्य कर्मचारियों ने कहा कि उन्हें ऊपर से निर्देश है कि प्रतिदिन ज्यादा से ज्यादा चक्कर लगाए जाएं।इसके लिए बाकायदा आशा बहुओं से फर्जी कॉल कराई जाती है। लखनऊ स्थित गुनपति बैंकेट कृष्णा रेडडी (जीवीके) के कार्यालय से कॉल के आधार पर हम सभी को संबंधित क्षेत्र में भेजा जाता है। हम सभी को पता रहता है कि जहां भेजा जा रहा है वहां कोई मरीज नहीं है लेकिन इसके बाद भी एंबुलेंस लेकर संबंधित स्थान पर जाते हैं।इस बड़े खुलासे के बाद एंबुलेंस प्रभारी अजहरुदीन को सीएमओ कार्यालय बुलाया गया। वाहनों के चक्कर लगाने से संबंधित पत्रावलियों को मंगाया गया। सीएमओ कार्यालय के अनुसार जांच में बड़ा खेल सामने आया है। मालूम हो कि जिले में 52 एंबुलेंस हैं। 102 व 108 सेवा की 26-26 एंबुलेंस हैं।बृहस्पतिवार को अकबरपुर क्षेत्र में चली जांच के दौरान एक एंबुलेंस चालक ने बताया कि उसे ऊपर से निर्देश है कि प्रतिदिन हर हाल में 30 चक्कर लगाना ही है। ऐसे में इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए संबंधित क्षेत्र की आशा बहुओं का सहारा लेना पड़ता है। आशा द्वारा फर्जी कॉल कराई जाती है। इसके बाद संबंधित क्षेत्र में वाहन लेकर जाते हैं। ऐसा होने पर ही वाहन मरम्मत खर्च के साथ अन्य कई प्रकार की सुविधाएं मिलती हैं। अक्सर ऐसा होता है कि कोई मरीज नहीं मिलता तो लक्ष्य को पूरा करने में काफी समस्या होती है।जिले के अलग-अलग क्षेत्र में एंबुलेंस की जांच की गई। कई प्रकार की खामियां मिली हैं। जांच रिपोर्ट तैयार की जा रही है। शीघ्र ही रिपोर्ट स्वास्थ्य निदेशालय को भेजी जाएगी। - डॉ. राजकुमार, सीएमओ

## पंचायत भवन फरीदपुर कुतुब में ताला लगा कर सचिव अखण्ड वर्मा हुए गायब




**ग्रामीणों ने बताया कि परिवार रजिस्टर की नकल बनवाने के लिए कई दिनों से चक्कर लगा रहा सचिव अखण्ड वर्मा फोन ब्लैक लिस्ट में डाल देते हैं**

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। जनपद के विकास खण्ड टांडा अन्तर्गत ग्राम पंचायत फरीदपुर कुतुब में आज दिनांक 3 मई 2024 को दरियापुर कुतुब निवासी व्यक्ति *पंचायत भवन पर गया अपना परिवार रजिस्टर की नकल बनवाने के लिए जब पंचायत भवन पर पहुंचा तो रोज की तरह पंचायत भवन में ताला लगा हुआ मिला* जब उसने सचिव अखण्ड वर्मा को फोन लगाया तो फोन नही लगा क्योंकि *सचिव अखण्ड वर्मा फोन को ब्लैक लिस्ट में डाल देते हैं* इससे पहले भी ग्रामीणों ने खण्ड विकास अधिकारी टांडा को लिखित शिकायत दिया था लेकिन उस शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं किया गया खण्ड विकास अधिकारी की तरह से! सचिव अखण्ड वर्मा *इसी जिले के रहने वाले हैं और इसी जिले में कई सालो से तैनात रहे हैं* और यही कारण है कि सचिव अखण्ड वर्मा तानाशाही रवैया अपनाते रहते हैं और कोई भी अधिकारी उन पर कोई कारवाई भी नहीं करता है ग्रामीणों ने बताया कि सचिव अखण्ड वर्मा पंचायत भवन नही आते हैं कभी अगर आते हैं तो 2 घंटे से ज्यादा नही रहते हैं आख़िर इतना तानाशाही सचिव ग्रामीणों की समस्या का हल कैसे करेगा! ग्रामीणों ने कहा कि अब जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी से उम्मीद है कि ऐसे सचिव के उपर कड़ी कारवाई करे।

# पंचायत सहायक ने प्रधान समेत तीन पर दर्ज कराया केस

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अंबेडकरनगर। महिला पंचायत सहायक ने ग्राम प्रधान व उसके भाई समेत तीन लोगों के खिलाफ अश्लील हरकत करने तथा जान से मारने की धमकी आदि की धाराओं में केस दर्ज करा दिया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।अहिरौली थाना क्षेत्र निवासी वादिनी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह ग्राम सभा नकटहा में बतौर पंचायत सहायक तैनात है। ग्राम प्रधान महेंद्र सिंह उसे अक्सर प्रताड़ित करते रहते हैं। उसका मोबाइल फोन अपने पास रख लेते हैं और अपने साथ अलग कमरे में बैठकर काम करने का दबाव डालते हैं। इन्कार करने पर शिकायत करने की धमकी देते हैं। बीते 29 अप्रैल को वह ग्राम प्रधान की इस हरकत की शिकायत करने ग्राम पंचायत सचिव कटेहरी के पास गई थी।वहां ग्राम प्रधान व उनके भाई दीपक सिंह तथा अंशु पांडेय ने उसे गाली-गलौज दी और मारपीट पर उतारू हो गए। आसपास के लोगों ने हस्तक्षेप कर किसी तरह से मामले को शांत कराया। बाद में आरोपियों ने धमकी दी कि यदि कहीं शिकायत करोगी तो अंजाम बुरा होगा। पीड़िता का कहना है कि ग्राम प्रधान का भाई अक्सर रास्ते में आते जाते समय अश्लील इशारे करता है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर ग्राम प्रधान समेत तीनों आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में छानबीन की जा रही है।

# सरकार के धन को पलीता लगाने के लिए अपनाया गया नया तरीका हैंड पर बोर के नाम पर निकाले जाते हैं अकूत धन

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकरनगर जनपद के नौ विकास खण्डों में हैंडपंप मरम्मत में बड़ी धांधली सौ का सामान सचिव खरीद रहे दस हजार मे हैंड पंप बनाने में मिस्त्री जहां आम आदमी से पांच सौ लेते है वही पर सचिव देते है पांच हजार

रिबोर के नाम पर पैंतीस से चालीस हजार साठ हजार रुपए खर्च करते है, और रिबोर में निकला पुराना सामान जहां नीलाम करके सरकारी कोष में जमा करना चाहिए, उसे वही बेच दिया जाता है, और धन का बंदरवाट कर दिया जाता है

हैंड पंप मरम्मत के नाम पर, सचिव ग्राम के विकास के लिए आए धन का कर रहे बंदर वाट जहां आदर्श आचार संहिता में भी चार लाख से अधिक धन की निकासी की गई, जिसमे से लगभग तीन लाख रुपए सिर्फ हैंड पंप मरम्मत में खर्च किए गए है आखिरकार वह कौन फर्म जो सौ रुपए के समान को दस हजार मे बेच रहे है, क्या सचिवों से उनकी साठ गांठ है क्या हैंड पंप रिबोर एवं मरम्मत के से फर्जीवाड़ा कर रहे हैं क्या अधिकारी इन सबसे अनजान है या वो भी इस इस हैंड पंप रिबोर एवं मरम्मत के फर्जीवाड़ा में संलिप्त है। सभी कार्यों का ऑनलाइन कर दिया तब से नया तरीका बना लिया गया है हैंडपंप रिबोर एवं मरम्मत के पर सरकारी के धन को बंदर बांट कहनी के लिए। गौरतलब की दा अधिकारी नहीं लगा पाएंगे तो सरकार को बदनाम करने के लिए मैं तरीका निकाला गया ऐसे भर्ष्टाचार पर अंकुश सरकार कैसे लगाएगी यह तो चिंता का विषय।

## चोरी और दुराचार में दो गिरफ्तार, कार बरामद

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर। जिले की अलग-अलग थानों की पुलिस ने दुराचार और चोरी के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने चोरी की एक कार भी बरामद की है। गुरुवार को दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।अलीगंज थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एनटीपीसी टांडा के पास से सहदेव वर्मा पुत्र राम तीरथ वर्मा निवासी रायपुर अलीगंज को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर मुकदमें से सम्बंधित एक कार फत्तेपुर चौराहे से बरामद की गई है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक विनोद प्राकश पांडेय व कांस्टेबल राम प्रवेश यादव शामिल रहे। वहीं अकबरपुर कोतवाली पुलिस ने अपहरण और दुराचार के मामले में वांछित सतीश पांडेय पुत्र सुरेन्द्र कुमार पांडेय निवासी पीठापुर सरैया कोतवाली अकबरपुर को दोस्तपुर हाईवे से गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

# अवैध शस्त्र सहित अभियुक्त गिरफ्तार

सीतापुर । पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है।

उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त पंकज सिंह उर्फ टीकू पुत्र राकेश नि0 ग्राम ढेढुवापुर मजरा माड़र थाना मिश्रिख जनपद सीतापुर को 01 अदद अवैध तमंचा मय 01 अदद कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में मु0अ0सं0 173/24 धारा 25(1-बी) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है।



# 20 मई को मतदान अवश्य करें - मुख्य चिकित्सा अधिकारी

## अपनी ताकत को पहचान- चलो करें सब मतदानः मनमोहन मनु




दैनिक केसरिया हिंदुस्तान झांसी से ब्यूरो गिरवर सिंह एक रिपोर्ट

झाँसी। लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा- सामान्य निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनमानस को मतदान करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुधाकर पाण्डेय ने सीएमओ कार्यालय के सभी अधिकारियों, वरिष्ठ सहायक, कनिष्ठ सहायक, चतुर्थ श्रेणी संवर्ग, एएनएम सहित सभी कर्मचारियों को मतदान की शपथ दिलाई एवं आगामी 20 मई 2024 को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि वोट प्रतिशत को बढ़ाने हेतु आवश्यक है कि सभी लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें। वर्तमान में गर्मी के मौसम को देखते हुए हल्के रंग के ढीले व आरामदायक कपडे पहने, सर को ढँक कर रखें, धूप से बचाव के लिए चश्मा, छाता, टोपी आदि का उपयोग करें, साथ में पीने का पानी रखें, तेज धूप व गर्म हवा के सीधे सम्पर्क में आने से बचते हुए आगामी 20 मई 2024 को अधिक से अधिक संख्या में मतदान अवश्य करें और देश के विकास में योगदान कर अपने नागरिक कर्त्तव्य को पूरा करें। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सीएचसी, पीएचसी में मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए आशा, एएनएम, सीएचओ, चिकित्सा अधिकारियों द्वारा जागरुक किया जा रहा है।सह-प्रभारी स्वीप मनमोहन मनु ने बताया कि जनपद के विद्यालयों, कार्यालयों आदि में मतदान जागरुकता की गतिविधियां निरन्तर आयोजित की जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के माध्यम से मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के प्रयास के क्रम में आज सीएमओ कार्यालय में शपथ दिलाई गयी है। इस अवसर पर वरिष्ठ अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय भाले, डॉ एन के जैन, डॉ आर एस भदौरिया, डॉ के एन त्रिपाठी, डॉ रविशंकर, डॉ रमाकांत स्वर्णकार, डॉ उत्सव राज, डॉ सतीश चंद्र, डॉ जूही सूलिया, स्वीप सह प्रभारी मनमोहन मनु एवं अभिलाष पटैरिया, डॉ विजयश्री शुक्ला, डॉ अनुराधा, प्रशासनिक अधिकारी श्री आर पी सिंह, एआरओ राजबृजेन्द्र सिंह, लाखन सिंह, आर एम मौर्या, सभी वरिष्ठ सहायकगण, कनिष्ठ सहायक, चतुर्थ श्रेणी संवर्ग, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक, नगरीय एएनएम आदि उपस्थित रहेढ्ढ आभार व्यक्त जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डॉ विजयश्री शुक्ला ने किया।

# सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाने व मानकों के विरुद्ध कार्य करने की उच्च स्तरीय अधिकारियों से शिकायत करने पर ठेकेदार ने शिकायतकर्ता को दी धमकी




*अनिल वर्मा/ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान*

लक्सर/ नगर पंचायत सुल्तानपुर आदमपुर से बाकरपुर तक (पीएमजीएसवाई) योजना के तहत पिछले कई महीनों से सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा था। जिसके चलते क्षेत्र के एक समाज सेवी फैज़ान अंसारी ने सड़क निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रियोग करने व मानकों के विरुद्ध निर्माण कार्य किए जाने का ठेकेदार पर आरोप लगाया था। वही इसी को लेकर नहंदपुर निवासी व समाज सेवी फैज़ान अली ने सड़क निर्माण कार्य मे घटिया सामग्री व नियमावली के विरुद्ध कार्य किए जाने पर संज्ञान लेते हुए डीएम हरिद्वार को शिकायती पत्र भेजकर कार्यवाही करने की मांग की थी। जिसमें (पीएमजीएसवाई) के उच्च स्तरीय अधिकारियों ने मौके पर पहुँच कर सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। जिसमें सामने आया कि यह सड़क पिछले एक दशक से क्षतिग्रस्त पड़ी हुई थी। वही अधिकारियों द्वारा सड़क निर्माण कार्य की जांच किए जाने पर देखा कि निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा कुछ अनिमित्ताएँ भी बरती गई है। वही शिकायतकर्ता समाज सेवी ने बताया कि मेरे द्वारा सड़क निर्माण कार्य की शिकायत करने व जांच कराने से नाराज़ होकर ठेकेदार द्वारा मुझे फोन पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई है। जिसके चलतें शिकायतकर्ता फैज़ान अंसारी ने बताया कि ठेकेदार द्वारा मुझे फ़ोन पर गाली गलौच करने व धमकी देने के मामले में लक्सर कोतवाली पुलिस व एसएसपी हरिद्वार को तहरीर देकर ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की गई है।

# बिजली का तार टूटने से लगी आग खेतों के साथ ईंट भट्टे पर रखा 7 हजार कुंतल भूसा हुआ खाक



रामपुरा– थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जगम्मनपुर के ग्राम भिटौरा में तार टूटने से निकली चिंगारी से खेतो में आग फैल गई। आग ने ग्राम बेनीपुर के हार तक फैल गई। काली ईंट उद्योग पर रखा 30 लाख का भूसा धू धू कर जल उठा। जगम्मनपुर के पास बेनीपुरी की तरफ बिजली के तार के टूटने से खेतों की नरई आग लग गई। देखते ही देखते आग ने अपना विक्राल रूप ले लिया। वही पास बने काली ईंट उद्योग पर रखा लगभग 7 हजार कुन्तल भूसा के ठेर में आग लग गई। भट्ठा मालिक पिंकी त्रिपाठी ने आग की सूचना दमकल विभाग माधौगढ़ तथा एसडीएम विशेश्वर सिंह को दी। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने आग की सूचना हवा में उड़ा दी। वही ईंट भट्टे पर आग बुझा रहे कर्मचारी संतोष व नरेश भी आग में झुलस गये। माधौगढ़ की फायर ब्रिगेड से न कोई कर्मचारी व न कोई जिम्मेदार मौके पर पहुँचा। हालात बिगड़ते देख भट्ठा मालिक पिंकी त्रिपाठी ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ इराज राजा को फोन पर स्थित के बारे में अवगत कराया। जिलाधिकारी राजेश पाण्डेय के प्रयास से दमकल की गाड़ी भट्टे के पास रखे भूसे को बुझाने में लग गई। आग बुझाने में थाना पुलिस के उप निरीक्षक सोनू श्रीवास्तव व उप निरीक्षक रामकिशोर सिंह द्वारा प्रयास करने पर आग पर कुछ हद तक काबू पाया गया। आग मुख्य रूप से भिटौरा के पास बिजली के तार टूटने से लगी।

# श्री कृष्ण जन्म स्थान के पुनरुद्धार के लिए छात्राओं ने ली प्रतिज्ञा

मथुरा(नीरज चतुर्वेदी)।अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज में इतिहास विभाग की ओर से ''श्रीकृष्ण जन्मभूमि सत्य एवं तथ्य÷÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं श्री कृष्ण जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने छात्राओं को श्रीकृष्ण जन्म स्थान से संबंधित ऐतिहासिक,पुरातात्विक एवम साहित्यिक साक्ष्यों से परिचित कराया । डा सिंह ने वर्तमान में विभिन्न न्यायालयों में चल रहे विभिन्न प्रकार के मुकदमों से भी छात्राओं को परिचित कराया।

उन्होंने यह भी बताया कि क्योंकि मुकदमे के संबंध में जन सामान्य जान नहीं पता अतः श्री कृष्ण जन्म स्थान के ऊपर लगभग 30 करोड रुपए बजट की एक फिल्म भी उनके नेतृत्व में बन रही है इसमें अमिताभ बच्चन आशुतोष राणा की आवाज़ एवं उसे फिल्म के बहुत सारे दृश्यों की शूटिंग बृज में ही की जाएगी।

इस अवसर पर डॉ महेंद्र प्रताप सिंह जी ने छात्राओं को सनातन संस्कृति की रक्षा की एवं श्री कृष्ण जन्म स्थान के पुनरुद्धार की शपथ भी दिलवाई।

डॉ महेंद्र प्रताप सिंह के ओजस्वी वक्तत्व के बाद छात्राओं का जोश देखते ही बनता था। ज्ञात हो की श्री कृष्ण जन्म स्थान बाद से संबंधित पहला मुकदमा डा सिंह ने ही आरंभ किया था और निरंतर सुप्रीम कोर्ट तक तन मन धन से संघर्ष कर रहे हैं। आतंकवादियों की अनेक धमकी के बावजूद वे अपने लक्ष्य से विचलित नहीं हुए।




इस अवसर पर महाविद्यालय द्वारा भारतीय संस्कृति की रक्षा और श्री कृष्ण की चेतना की पुनर्स्थापना के लिए डा महेंद्र प्रताप सिंह जी का अभिनंदन कर उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य डॉ अनिल वाजपेई ने कहा कि सनातन संस्कृति और श्रीकृष्ण की चेतन को पुनर्स्थापित करने वाले डॉ एम पी सिंह के योगदान को युग-युग तक याद किया जाएगा। उन्होंने श्री अरविंद को याद करते हुए कहा कि उन्होंने कहा था कि सनातन धर्म ही राष्ट्रीयता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष उप निदेशक मथुरा संग्रहालय श्री योगेश कुमार यादव जी ने कहा कि राम और कृष्ण के बिना भारतीय संस्कृति अधूरी है। और ऐतिहासिक साक्ष्यों से यह प्रमाणित हो रहा है कि श्रीकृष्ण ने अवतार के रूप में ब्रजभूमि में जन्म लेकर इस भूमि को धन्य किया। संग्रहालय के भूतपूर्व उप निदेशक डॉ गिरजा प्रसाद शर्मा जी ने इस अवसर पर विभिन्न पुरातात्विक साक्ष्यों के संबंध में छात्राओं को बताया । इतिहास विभाग के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम की संयोजक डॉ मांडवी राठौर ने सभी आमंत्रित अतिथियों को धन्यवाद दिया। संपूर्ण कार्यक्रम के संचालन में डॉ मनोरमा कौशिक, मीता वाजपेई एवं चंचल अग्रवाल की विशेष भूमिका रही। अनेक छात्राओं ने मुख्य वक्ता डॉ एमपी सिंह जी से श्री कृष्ण एवम मथुरा के इतिहास से संबंधित विविध प्रश्न पूछ कर ज्ञानवर्धन किया।




## विभिन्न विद्यालयों में मतदाता शपथ छात्र-छात्राओं को दिलाई गई व रैली निकाली गई

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान औरैया से ब्यूरो विपिन मित्तल की रिपोर्ट

औरैया 3 मई ।जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के दिशा निर्देशन में जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने हेतु स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में जनपद के विभिन्न विद्यालयों में मतदाता शपथ छात्र-छात्राओं को दिलाई गई तथा छात्र-छात्राओं को अपने मताधिकार के मूल्य को समझने तथा आमजन एवं अपने अभिभावकों को भी जागरूक करने को कहा गया। इसलिए आगामी 13 मई को जनपद में मतदान दिवस पर अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए एक अच्छे और मजबूत लोकतंत्र की स्थापना में सहभागी बने। उपरोक्त कार्यक्रम जनपद के जनता इंटर कॉलेज असैनी, जिला पंचायत उच्च माध्यमिक विद्यालय उमरैन , किसान इंटर कॉलेज भाग्यनगर, इंदिरा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दिबियापुर, जनता इंटर कॉलेज रूरूगंज, बाबूराम इंटर कॉलेज दिबियापुर, गुलजारीलाल बालिका इंटर कॉलेज फफूंद, जिला पंचायत इंटर कॉलेज मुरादगंज ,राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दिबियापुर, राजकीय हाई स्कूल मानपुर में छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर आमजन को मतदान करने हेतु प्रेरित किया।

## मुख्य विकास अधिकारी श्री अ. सुदन की अध्यक्षता में प्रातः 11.00 बजे दिव्यांगजन संवाद वेबिनार का आयोजन

बाराबंकी, 03 मई दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो चीफ सत्य नारायण गुप्ता जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी द्वारा गूगल मीट के माध्यम से किया गया। इस कार्यक्रम में दिव्यांग मतदाताओं का आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत बढाने हेतु जागरूक किया गया साथ ही जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर उपलब्ध सेवाओं के बारे में भी अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त इस वेबिनार में विषय ÷100 प्रतिशत मतदान लोक तंत्र की शान ÷ पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें श्री रंगई लाल, नागेश पटेल, श्यामजी, लालू यादव, अनन्त सिंह, अमित मिश्रा एवं वीरेन्द्र पाल कुल 07 दिव्यांगजनों ने अपने विचार व्यक्त किया गया । जिन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इस वेबिनार में डिप्टी कलेक्टर श्वेता मिश्रा, जिला विकास अधिकारी, श्री भूषण कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री ओ0पी0त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री एस0पी0 सिंह एवं अन्य दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

# आशू मिश्रा बने विधिक सेवा प्राधिकरण में डिप्टी लीगल एंड डिफेंस काउंसिल

***एडीजीसी एवं सहसचिव तथा कनिष्ठ कार्यकारणी सदस्य सहित अनेक अधिवक्तागण ने दी बधाई***

***अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं फूलमाला पहनकर मनाई खुशियां***

(शैलेंद्र कुमार)

बुलंदशहर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देशित करने के अनुसार बुलंदशहर में लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम की व्यवस्था हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जनपद न्यायाधीश एवं कमेटी द्वारा द्वारा के लीगल एंड डिफेंस काउंसिल, डिप्टी लीगल एंड डिफेंस काउंसिल तथा असिस्टेंट लीगल एंड डिफेंस काउंसिल पद हेतु कुछ दिनों पहले अधिवक्तागण का साक्षात्कार लिया गया। जिसमें अनेक अधिवक्तागण ने आवेदन कर साक्षात्कार दिया। सभी पदों के लिए उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लिस्ट जारी की गई। डिप्टी लीगल एंड डिफेंस काउंसिल पद हेतु आशू मिश्रा पुत्र करुणा शंकर मिश्रा ने अनेक अभ्यर्थियों को पीछे छोड़कर बाजी मारी। जिसमें अनेक अधिवक्तागण में खुशी की लहर जिन्होंने आशू मिश्रा को फूलमाला पहनकर एवं मिठाई खिलाकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।




बता दें कि डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के सदस्य आशू मिश्रा एडवोकेट को डिप्टी लीगल एंड डिफेंस काउंसिल बनने पर कासिम खान द्वारा अपने चेंबर पर एक स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एडीजीसी वरुण कौशिक व शारिक अली, पूर्व एडीसी रविंद्र शर्मा, डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के सहसचिव कासिम खान, कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य शैलेंद्र कुमार, राहुल शर्मा एवं अन्य अधिवक्तागण द्वारा आशू मिश्रा को फूलमाला पहनकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिसमें नवीन गोस्वामी, उमंग पंडित, आजम खान, सहित अनेक अधिवक्ताओं ने आशू मिश्रा को मिठाई खिलाकर खुशियां बांटी। तथा आशू मिश्रा की लंबी उम्र की कामना की। जीवन की एक नई शुरुआत करने के लिए बधाई दी।

# शासकीय चिकित्सक निजी क्लीनिक चलाते पाये, वीडियोग्राफी कराई : तीन-तीन दिवस का वेतन काटने का नोटिस जारी

मुरैना। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के निर्देशानुसार तहसीलदार एवं उनकी टीम ने 27 अप्रैल, 2024 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सबलगढ का गोपनीय तरीके से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया कि ओपीडी के समय अस्पताल में मरीजों को न देखते हुये अपने निजी क्लिनिक पर उपचार करते हुये पाये गये। जिनमें डॉ. राजेश शर्मा निजी क्लीनिक मंडी संतर न. 4 सबलगढ़, डॉ. रेवानंद शर्मा अपने निजी क्लीनिक एमएस रोड़ ऑफीसर कॉलोनी सबलगढ़, डॉ. देवेन्द्र रावत निजी क्लिीनिक सिविल अस्पताल के सामने एवं डॉ. के.के. डण्डोतिया निजी क्लिनिक देवी मंदिर के पास सबलगढ़ पर मरीजों का उपचार करते हुये पाये गये। जिसकी वीडियो रिकॉडिंग एवं साक्ष्य मौजूद थे।

इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा ने समस्त मेडिकल ऑफीसर को कारण बताओं नोटिस जारी करते हुये तीन-तीन दिवस का वेतन काटने की कार्यवाही की है।

## मतदान के केवल तीन दिन बचे है, एक-एक बूथ पर जुट जाएं- खत्री

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान भोपाल संभाग ब्यूरो राजू मेहरा.9425727854

बैरासिया। मतदान में केवल तीन दिन शेष बचे है। एक-एक बूथ पर जुट जाएं। मेरा बूथ सबसे मजबूत का संकल्प लेकर जुट जाएं। हमें 100 फीसदी बूथों पर जीत दर्ज कराना है। विधानसभा चुनाव के हम 275 बूथों में 87 बूथों पर पिछड़ गए थे। इस बार इन बूथों पर भी हमे जीतना है। यह बात विधायक विष्णु खत्री में शुक्रवार को महावीर पैलेस में आयोजित मतदान अभिकर्ता सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि हमें भाजपा विरोधियों को धूल चटाना है। हम सबको जुटना पड़ेगा। यह जीत राष्ट हित की जीत होगी। यदि देश को सनातन विरोधियों से बचाना है तो मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना होगा। इस यज्ञ में आप की आहुति बहुत महत्वपूर्ण है, क्योकि आप बूथ लेबल पर काम करने वाले सिपाही है। उक्त सम्मेलन दो स्थानों पर हुए। इसमें परवलिया, हर्राखेडा मंडल की दुपाड़िया और नजीराबाद, हरसिध्दि, ग्रामीण, नगर मंडल का सम्मेलन बैरसिया में आयोजित हुआ। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष केदार सिंह मंडलोई सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।



## पिपलियामण्डी की अंतर्राज्यीय अवैध मादक पदार्थ तस्करो के विरूद्ध की गई प्रदेश की अब तक की सबसे बडी कार्यवाही

# 02 अंतर्राज्यीय तस्करो के कब्जे से ट्रक व 70 क्विंटल 05 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा किमती 07 करोड़ को जप्त कर 02 आरोपियो को किया गिरफ्तार

कमल कुमार जैन जिला ब्यूरो

**मंदसौर**

संक्षिप्त विवरणः- आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की रोकथाम के लिये चलाये गये अभियान के अंतर्गत श्रीमान अनुराग सुजानिया पुलिस अधीक्षक जिला मन्दसौर द्वारा मादक पदार्थो की तस्करी पर कठोर कार्यवाही के लगातार निर्देशों पर कार्यवाही करते हुए श्री गौतम सोलंकी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला मन्दसौर, श्री नरेन्द्र सोलंकी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुभाग मल्हारगढ़ के निर्देशन एवं श्रीमान थाना प्रभारी थाना पिपलियामडी निरी. नीरज सारवान के कुशल नेतृत्व में थाना पिपलियामण्डी पुलिस टीम को मिली सफलता । दिनांक 02.05.2024 को उनि कपिल सौराष्ट्रीय चौकी प्रभारी चौकी पिपलियामण्डी को अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा की तस्करी की सूचना मुखबीर द्वारा मिलने पर उनि कपिल सौराष्ट्रीय व उनकी टीम द्वारा सूचना की तस्दीक एवं कार्यवाही करते हुए पिपलियामंडी मनासा रोड पर स्थित श्री साँवलिया सेठ पेट्रोल पम्प के पास आम रोड से नाकाबंदी कर आरोपियो विष्णु पिता चतरा गुर्जर उम्र 26 साल निवासी डुमाडा थाना मांगलियावास जिला अजमेर राजस्थान व सदिक खान पिता सत्तार खान जाति मुसलमान उम्र 27 साल निवासी सोमलपुर थाना रामगंज जिला अजमेर राजस्थान




के कब्जे वाले ट्रक क्रमांक ट्रक क्रमांक ऋछ्.09.त्तश्च.0084 से 70 क्विंटल 05 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा को जप्त कर आरोपियो विष्णु गुर्जर व सदिक खान को गिरफ्तार कर आरोपियो के विरूद्ध अपराध धारा 8/15,29 एन डी पी एस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया आरोपियो से अवैध मादक पदार्थ के स्त्रोतो संबंध मे पुछताछ की जा रही है ।

**नाम गिरफ्तार आरोपी:**

01.विष्णु पिता चतरा गुर्जर उम्र 26 साल निवासी डुमाडा थाना मांगलियावास जिला अजमेर राजस्थान

02.सदिक खान पिता सत्तार खान जाति मुसलमान उम्र 27 साल निवासी सोमलपुर थाना रामगंज जिला अजमेर राजस्थान

नाम फरार आरोपी

01.श्रवण विश्नोई निवासी जालेली जिला जोधपुर

02.रमेश निवासी अज्ञात

**जप्तशूदा मशरूका**

कुल 70 क्विंटल 05 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा किमती 7,00,50,000/- रुपये

ट्रक क्रमांक ऋछ्.09.त्तश्च.0084 किमती 30,00,000/- रूपये

**सराहनिय कार्य**

उक्त कार्यवाही में निरी. नीरज सारवान, उनि कपिल सौराष्ट्रीय, का सउनि राजेश परमार, का.प्र.आर. 560 हरदेश वर्मा, का प्र आर 636 भुपेन्द्र सिंह, का प्र आर 315 सुनिल टेलर, आर. 697 वाजीद खान, आर 831 अविनाश जैन, आर. 507 राहुल पाटीदार, आर 826 देवेन्द्र सिंह हाडा का सराहनीय योगदान रहा । जिनको की पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रथक से पुरस्कृत किया जावेगा ।



# भाजपा का बूथ मैनेजमेंट पर फोकस, पूर्व मंत्री दत्तीगांव ने वार्डवार ली बैठक

***नगर में कार्यकर्ताओं के साथ झंडे व स्टीकर भी लगाएं,***

जिला ब्यूरो धार
मो. 9424075866

बदनावर। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने यहां तैयारियां तेज कर दी है। कार्यकर्ताओ में चुनावी सक्रियता लाने व सरकार की जनकल्याणकारी योजनो की जानकारी घर घर पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री व पूर्व विधायक राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने नगर के सभी वार्डो में घूमकर सभी बूथो के प्रमुख कार्यकर्ताओ की बैठक लेकर चुनावी रणनीति बनाई।

दत्तीगांव ने बूथ कार्यकर्ताओ की बैठक लेने का दौर बड़ी चौपाटी स्थित वार्ड क्रमांक 1 से किया। इसके बाद वार्डवार जाकर बैठके ली। बैठक में नगर के सभी 16 बुथो के कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर सक्रियता लाने का आव्हान किया। बैठकों में चुनावी रणनीति भी बनाई गई। नगर मंडल अध्यक्ष प्रीतेशसिंह पंवार ने बताया कि नगर के सभी बुथो के कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर हर बूथ पर प्रचंड वोटों से जीत प्राप्त करने को लेकर चर्चा कर रणनीति बनाई गई है। साथ ही 7 मई को धार आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आमसभा को लेकर भी अधिक से अधिक संख्या ले जाने पर चर्चा हुई। पंवार ने बताया कि बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमो को लेकर भी चर्चा की गई।

इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष जहांगीर लाला, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रजेंद्र भट्ट, पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सराफ, पूर्व मंडल अध्यक्ष अक्षय शर्मा, नप उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह पंवार, पूर्व नप अध्यक्ष प्रेमचंद परमार, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष विवेक पाटीदार, पार्षद भारती राठौड़, जितेंद्र शर्मा, अनिता चौहान, सन्तोष चौहान, दीपक जाधव, झन्नूबाई सिर्वी, सुषमा पाठक, माधवी कुंवर सोलंकी, पंकज ठाकुर, मनीष गुर्जर, विजय सिंह पंवार, गौरव जैन, अमित गांधी, भगवंता बाई राव, सन्तोष राव, सुखराम देवदा, विजय गोयल, तरुण रावल, सौरभ जैन, प्रदीप पंवार, बबिता नागल, चेतन नागल, नीलेश सिंह पंवार, शोएब कुरेशी, मोहसिन डॉक्टर, पवन चावला, भेरूलाल डावर, राजा मारू, भूपेंद्र सिंह मस्ताना, सुमित पँवार, विशाल रील, गणेश नागरु, शैलेंद्र सिंह पंवार, कपिल नाहर, राजेश पहलवान, नितिन शर्मा, धर्मेंद्र हारोड़, जावेद खान, ओपी सोनगरा, दीपक गुर्जर, रवि नागरु, दीपक श्रीवास्तव, बनवारीलाल परमार, मुकेश मालिवाड़, मुकेश बोरझालिया, ओपी सोनगरा, धर्मेंद्र हारोड आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस दौरान पूर्व मंत्री दत्तीगांव ने नगर में घरों व दुकानों पर कार्यकर्ताओ के साथ पहुंचकर पार्टी के झंडे व स्टीकर भी लगाए। यह जानकारी भाजपा के विधानसभा मीडिया प्रभारी मनोज सोलंकी ने दी।

# एनसीसी कैंप के लिए कैडेट्स हुए रवाना



**सैन्य अधिकारी देंगे प्रशिक्षण**

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विकास यादव खरगोन जिला ब्यूरो चीफ

मण्डलेश्वर (निप्र)महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 27 कैडेट्स वार्षिक आर्मी एनसीसी कैंप के लिए रवाना हुए । उक्त जानकारी देते हुए एन सी सी अधिकारी राकेश बारिया ने बताया कि यह कैंप देवास में दिनांक 2 मई 2024 से 11 मई 2024 तक आयोजित किया जायेगा।इस कैंप में कैडेट्स को सैनिकों एवंअधिकारियों द्वारा 10 दिनों तक फायरिंग ऑब्सटिकल मैप रीडिंग टेंट पिचिंग जैसा कठोर प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्राचार्य जे के सोनी द्वारा सभी कैडेट्स को शुभकामनाएं दी गई । एनसीसी ऑफिसर द्वारा सभी कैडेट्स को आवश्यक निर्देश दिए गए । इस अवसर पर प्राचार्य श्री जे के सोनी एनसीसी ऑफिसर राकेश बारिया सहित स्टॉफ के सदस्य उपस्थित थे ।

# अनाधिकृत रूप से प्रेस लिखे वाहनो पर कन्नौद पुलिस करेगी कार्रवाई

ओमप्रकाश परमार,

देवास। आजकल वाहनों पर प्रेस लिखने का ट्रेंड चल रहा है। कई लोग अपने वाहनों पर प्रेस लिखवाकर रौब झाड़ रहे है। जबकि पत्रकारिता से उनका कोई संबंध नही है। जिससे आमजन और प्रशासन भ्रमित होता है। इस सन्दर्भ में पत्रकारों ने कन्नौद पुलिस थाने पर आवेदन देते हुए बताया किकन्नौद थानांतर्गत कई दो पहिया और चार पहिया वाहनों पर प्रेस लिखा हुआ है। लेकिन वह पत्रकार नहीं है। न ही वाहन मालिक का पत्रकारिता से कोई संबंध है। अपना रौब दिखाने के लिए वाहनों पर प्रेस लिखकर घूमते हैं। जिससे आमजन भ्रमित होते हैं।



और जो लोग पत्रकारिता के क्षेत्र में हैं उनकी छवि भी खराब हो रही है। इस अवसर पर मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के संभागीय उपाध्यक्ष विनोद कुमार, कार्यकारी जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश परमार, जिला उपाध्यक्ष अतुल गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष भरत शर्मा, श्रीराम पटेल, गणेश जायसवाल, हरीश दुबे, प्रदीप श्रोत्रिय, आदित्य श्रोत्रिय सहित अन्य पत्रकार मौजूद थे।

इस संबंध में थाना प्रभारी तहजीब काजी ने कहा कि पत्रकारों ने प्रेस लिखे वाहनों पर कार्रवाई के लिए आवेदन दिया है। हम जल्द ही अवैध रूप से प्रेस लिखे वाहनों पर कार्रवाई करेंगे।

# कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा निकाली मतदाता जागरूकता रैली और दिलाई शपथ




शिवपुरी। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदाताओं को शत प्रतिशत वोट डालने के लिए जागरूक करते हुए कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी द्वारा कृषि उपज मंडी पिपरसमां में जागरूकता रैली निकाली गई।

इस अभियान में कृषि उपज लेकर विभिन्न ग्रामों से आये किसानों को लोकतंत्र का पर्व, मतदान का अधिकार एवं मतदान करने एवं कराने के लिए प्रेरित करते हुए शपथ दिलाई गई तथा बी.एल.ओ. पर्ची के साथ मतदान के लिए ले जाने वाले 12 दस्तावेजों जिसमें आधार कार्ड, पेन कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त पासबुक, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, स्मार्ट कार्ड (आरजीआई द्वारा जारी), सेवा पहचान पत्र, आधिकारिक पहचान पत्र, दिव्यांग यूनिक आईडी इनमें से कोई एक अवश्य साथ ले जायें इसके लिए भी समझाया गया। मतदाता जागरूकता अभियान ग्राम पिपरसमां में भी आयोजित किया गया जिसमें उपस्थित ग्रामीणों को वोट डालने जाना है- अपना फर्ज निभाना है, लोकतंत्र होगा महान-जब सभी करेंगे मतदान, चाहे नर हो या नारी-मतदान है सबकी जिम्मेदारी, वोट हमारा है अधिकार-कभी न करें इसे बेकार, सारे काम छोड़ दो-सबसे पहले वोट दो, चूको न मतदान का मौका-बाद में करना चूल्हा चौका जैसे संदेश सूचनाओं को संप्रेषित करते हुए कृषकों, ग्रामीणों, युवाओं को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मण्डी प्रांगण में उपस्थित कृषकों की सहभागिता रही तथा कृषि विज्ञान केन्द्र स्टॉफ डॉ.एम.के.भार्गव, वरिष्ठ वैज्ञानिक, जे.सी. गुप्ता वैज्ञानिक, डॉ.पुष्पेन्द्र सिंह, डॉ.ए.एल.बसेड़िया वैज्ञानिक, योगेश चन्द रिखाड़ी, नीरज कुमार कुशवाहा वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, सतेन्द्र गुप्ता कार्यालय अधीक्षक सह लेखापाल, आरती बंसल स्टेनो अन्य स्टॉफ इन्द्रजीत गढ़वाल इत्यादि के साथ-साथ मण्डी सचिव देवेन्द्र सिंह जादौन एवं मण्डी स्टॉफ भी उपस्थित रहा।

## नागौद पुलिस को मिली सफलता

# बलत्कार का आरोपी चन्द घन्टे के अन्दर गिरफ्तार




***दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/ *रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह***

*थाना-नागौद जिला सतना ( म.प्र )*

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री आशुतोष गुप्ता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतना (देहात ) श्री विक्रम सिंह कुशवाह के निर्देशन में एवं एसडीओपी0 महोदया नागौद श्रीमती विदिता डागर ( द्धक्क ) के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी नागौद अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में निम्नानुसार कार्यवाही की गई -

पीडिता सविता कुशवाहा ( बदला हुआ नाम ) उम्र 21 वर्ष निवासी कुलगढी थाना नागौद जिला सतना (म0प्र0) का थाना उपस्थित आकर नितुल कुशवाहा निवासी कुलगढो के द्वारा शादो का झांसा देकर फोन पर बात करना व पीडिता के घर से लगा हुआ राजीव शुक्ला के खेत तरफ बुलाकर शादी का झांसा देकर बूरी नियत से जबरजस्ती गलत काम करना बताई । नितुल कुशवाहा पीडिता के साथ 25 अगस्त 2021 से 19 जनवरी 2024 तक लगातार शादी का झांसा देकर गलत काम करता रहा है । बाद नितुल कुशवाहा के द्वारा पीडिता के साथ शादी नहीं करने व रिपोर्ट लिखाने की बात से पीडिता व उसके परिवार को जान से खतम कर देने की धमकी देने की रिपोर्ट करने पर थाना नागौद में अपराध क्रमांक 322/24 धारा 376(2)(ह),506 ताहि 5/6 पाक्सो एक्ट का अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया जाकर प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये त्वरित पुलिस टीम रवाना कर आरोपी नितुल कुशवाहा पिता सुन्दरलाल कुशवाहा उम्र 22 वर्ष निवासी कुलगढी थाना नागौद को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जिसे माननीय न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया ।

गिरफ्तार आरोपीः- नितुल कुशवाहा पिता सुन्दरलाल कुशवाहा उम्र 22 वर्ष निवासी कुलगढी थाना नागौद ।

*सराहनीय भूमिका*

उप निरी. सत्यकीर्ति सिंह,प्रआर. अर्पित सेन,राज बहोर साकेत, अनिल वर्मा, मुनेश सिंह ,अमित खैरवार ,प्रआर. चालक धनेन्द्र दाहिया ।

## निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर पटवारी निलंबित

**शिवपुरी।** लोकसभा निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर एक पटवारी को निलंबित किया गया है।

एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी पोहरी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कमीशनिंग कार्य में बैराड़ के पटवारी राधामोहन धाकड़ की ड्यूटी लगाई गई थी। बिना पूर्व अवकाश स्वीकृति के कमीशनिंग कार्य से अनुपस्थित रहने पर पटवारी धाकड़ को नोटिस जारी किया गया। परंतु पटवारी द्वारा निर्धारित समय बाद नोटिस का जवाब प्रस्तुत करने और जवाब संतोषजनक न होने के कारण निलंबन की कार्यवाही की गई है। निलंबन काल में पटवारी राधामोहन धाकड़ का मुख्यालय तहसील कार्यालय बैराड़ रहेगा।

## रक्तदान शिविर आज एडीआर भवन में

शिवपुरी। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेन्द्र प्रसाद सोनी के निर्देशन में 4 मई को प्रातः 10.30 बजे से एडीआर भवन जिला न्यायालय परिसर शिवपुरी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। 4 मई को एडीआर भवन जिला न्यायालय परिसर शिवपुरी में आयोजित रक्तदान शिविर में सहभागिता कर अधिक से अधिक रक्तदान करें।